



आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन पर... 12
शिकायतकर्ता और सर्जन के बयान दर्ज अब चंदी... 10





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 14 | अंकः 305
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 19 अगस्त, 2023


# वाराणसी साहित्य और दर्शन की नगरीः योगी

## मुख्यमंत्री योगी और अनुराग ठाकुर ने वाई-20 शिखर सम्मेलन का किया औपचारिक उद्घाटन

- यूथ-20 समिट में बोले सीएम योगी, श्रीराम-कृष्ण, शंकराचार्य और विवेकानंद...ये सब भी युवा थे
- डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी और डायवर्सिटी की त्रिवेणी भारत को बनाती है विशिष्टः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- पीएम ने स्टार्टअप और मेक इन इंडिया के जरिए मंच दिया, काशी में 20 देश के 125 डेलीगेट्स मौजूद

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं युवा साथियों के बारे में सोचता हूं, कहीं से लगता है कि युवाओं की प्रतिभा पर प्रश्न खड़ा करने का प्रयास किया जाता है तो मुझे इस बात का दुख होता है कि कौन सा ऐसा कालखंड नहीं था, जब युवाओं ने अपनी प्रतिभा व ऊर्जा से समाज को नई दिशा न दी हो। प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था निसचर हीन करऊं महि, भुज उठाई पन कीन्ह... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस व राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं, तब वे भी युवा ही थे।

### समिट नई प्रेरणा का संदेश देकर जाएगा

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी में कहीं। वे रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, सिगरा में जी-20 के तहत आयोजित यूथ-20 समिट के उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री व वाराणसी के सांसद व नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जिन्होंने जी-20 समिट से जुड़े कई समिट के आयोजन का अवसर यूपी को दिया। इसमें वाई-20 का मुख्य समिट वाराणसी में आयोजित हो रहा है। सीएम ने उम्मीद जताई कि वाई-20 का यह समिट दुनिया भर के युवाओं के लिए नई प्रेरणा का संदेश देकर जाएगा।



### डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी व डायवर्सिटी की त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है

सीएम ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता व एकता के कारण भारत दुनिया के नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता व अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी, डेमोक्रेसी व डायवर्सिटी की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। नित्य नूतन व चिर पुरातन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है, बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है।

### अध्यात्म दर्शन, शिक्षा, साहित्य और कला की भूमि के रूप में जानी जाती रही है वाराणसी

सीएम ने कहा कि वाराणसी बाबा विश्वनाथ का पावन धाम है। प्राचीन काल से धर्म व अध्यात्म की नगरी होने के साथ ही भारत के अध्यात्म दर्शन, शिक्षा, साहित्य और कला की भूमि के रूप में भी यह प्राचीन नगरी के रूप में जानी जाती रही है। वाराणसी उत्तर प्रदेश के प्रमुख महानगरीय होने का सौभाग्य प्राप्त करती है। इसमें न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपरा, बल्कि कला, संगीत व शिक्षा की प्रमुख नगरी के रूप में भी वाराणसी समेत उप्र के अनेक नगरों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि वह भारत के हृदय स्थल के रूप में पहचान बनाने में सफल हुए हैं। वाराणसी इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भगवान बुद्ध ने सारनाथ में पहला उपदेश दिया था, जो आज भी बौद्ध अनुयायियों के लिए पवित्र व आकर्षण का केंद्र बना है।

### उच्च चरित्र वाले लोग समस्त संसार को ही परिवार मानते हैं

सीएम योगी ने कहा कि जी-20 की थीम वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर यह भारत की उस प्राचीन व्यवस्था को प्रस्तुत करता है, जिसने हजारों वर्ष पहले दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश दिया था यानी परिवार को पूरी दुनिया मानने वाली व्यवस्था। यह मेरा, यह तेरा संकुचित लोगों की सोच है। उच्च चरित्र वाले लोग समस्त संसार को ही परिवार मानते हैं। हमें गर्व है कि भारत ने सदैव उदार भावनाओं का प्रतिनिधित्व किया है और जी-20 का यह समिट इस बात का उदाहरण भी है। हमारे युवा आने वाले समय के नीति-नियंता है, इसलिए विश्व मानवता के बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान में की जा रही उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जी-20 के अंदर वाई-20 का यह आयोजन पूरे आयोजन की प्रासंगकिता को बढ़ाता है। यह सम्मेलन इस वैचारिक यात्रा की परिणीति का प्रतीक है, जो दुनिया के सभी कोनों से आए युवाओं के सामूहिक प्रयास से प्रारंभ की गई है।

### वाहनों पर जाति लिखने वालों की खैर नहीं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। गुरुवार को चेन स्नेचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छोटी-छोटी घटनाएं बड़ी बन जाती हैं। पुलिस की क्षेत्रों में पेट्रोलिंग नियमित रूप से कराई जाए। वाहनों पर जातिसूचक बोर्ड लगाकर कोई न चलने पाए। इस पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जाए। कार या बाइक पर ब्राह्मण, जाट, राजपूत, गुर्जर लिखने वालों की खैर नहीं होगी। सीएम ने कहा कि निर्माणाधीन विकास एवं निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ में निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को प्रत्येक दशा में प्राथमिकता पर उपलब्ध कराया जाए। वाई-20 के उद्घाटन समारोह में शिरकत करने के लिए गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

### रानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, अभिमन्यु, वीर सावरकर भी युवा ही थे

सीएम ने कहा कि भारत के अंदर चार कोनों में चार पीठों की स्थापना करने वाले व भारत की सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने वाले आदि शंकर मात्र 32 वर्ष तक ही जीवित रहे। स्वामी विवेकानंद ने भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने महज 39 वर्ष ही जीवन जिया। स्वामी प्रणवानंद ने मात्र 42 वर्ष का जीवन जीया था। सवा लाख से एक लड़ाऊं का उद्घोष करने वाले गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी जी महाराज भी युवा ही थे। रानी लक्ष्मीबाई काशी में जन्मी थीं। मात्र 23 वर्ष की आयु में झांसी की आजादी के लिए युद्ध लड़ा था। तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी युवा ही थे। भारत की आजादी के लिए क्रांतिदूत बनकर बलिदान देने वाले चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, सुखदेव, राजगुरु, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह आदि क्रांतिकारी युवा ही थे।

### युवाओं की प्रतिभा व क्षमता को बढ़ाने के लिए पीएम मोदी ने दिया मंच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं की प्रतिभा व क्षमता को बढ़ाने के लिए मंच दिया। स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, अटल इनोवेशन मिशन समेत अनेक ऐसे कार्यक्रम भारत के युवाओं को इनोवेशन व रिसर्च के क्षेत्र में बढ़ाने के लिए नए अवसर प्रदान करते हैं। भारत वैश्विक स्तर पर आज जी-20 समूहों की अध्यक्षता कर रहा है, लेकिन भारत ने प्राचीन काल से ही सदैव विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। इस समिट में आए प्रतिनिधियों ने 5 थीम तय किए हैं कि दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम के संदेश के साथ जोड़ते हुए उसे बढ़ाने और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना होगा। जिस व्हाइट पेपर को आप लोगों द्वारा जारी किया जा रहा है यह दुनिया के युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा के साथ जोड़ते हुए उनकी प्रतिभा का उपयोग विश्व मानवता के साथ कर सके।

## 4 करोड़ पेड़ लगाकर कई पीढ़ियों तक सीआरपीएफ को याद किया जाएगाः अमित शाह

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नोएडा।** गृह मंत्री अमित शाह ग्रेटर नोएडा के सुत्याना स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप सेंटर पहुंचे। गृह मंत्री ने कहा, सीआरपीएफ ने 4 करोड़ पौधे लगाए हैं। मैंने खुद पीपल का पौधा लगाया है। मुझे पूरा भरोसा है कि 5 करोड़ का लक्ष्य हम हासिल कर लेंगे। ये पेड़ सीआरपीएफ की वीर गाथाओं का प्रतीक माने जाएंगे। आज परमवीर चक्र विजेता शहीद लेफ्टिनेंट कर्नल एबी तारापुर का जन्मदिन है, उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। भारत की सरकार ने अंडमान निकोबार के एक द्वीप को नाम एबी तारापुर रखकर उन्हें जीवित रखने का काम किया है। उन्होंने कहा, कोरोना की महामारी और आपदा में अपनी जान की परवाह किए बिना सीआरपीएफ देश के लिए हमेशा खड़ी रही। गांव में मेडिकल के लिए भी सीआरपीएफ काम कर रही है। अब सीआरपीएफ पर्यावरण के लिए भी 5 करोड़ पौधे लगाकर बड़ा काम कर रही है। रक्षा से जुड़ी किसी एजेंसी का ये सबसे बड़ा काम माना जाएगा।



























# सपा मुखिया भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकार पर जमकर बरसे

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



सपा मुखिया व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में आये तो गरीबों के घर पर बुल्डोजर नहीं चलेगा। अखिलेश ने कहा कि अभी बुल्डोजर वाली सरकार है। पुलिस अनुशासन में रहती है जो ऑर्डर होता है उस पर अमल करती है। अभी गरीबों के घर गिराने का ऑर्डर चल रहा है। जनपद मे दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को 2024 फतेह करने का मंत्र देने आए सपा के मुखिया व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नारों के नाम से जनता को गुमराह कर रही है। सड़कों पर गड्ढे हैं सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर केंद्र और प्रदेश सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है। वही प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि योगी के इशारे पर बांदा से फतेहपुर तक भाजपाई और डीएम ने सड़कों पर अन्ना सांड छुड़वाए, जिससे सपा मुखिया कार्यक्रम स्थल पर समय से ना पहुंच सके। सपा प्रमुख ने अपने सम्बोधन मे सवाल उठाते हुए कहा कि आम जनमानस से लेकर किसानों के लिए बिजली आपूर्ति एक अहम हिस्सा है। सरकार का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है। उल्टा व्यवस्था को सुचारु करने के बजाय बिजली के बिलों को बढ़ा दिया गया। जिससे किसान की फसले बगैर सिंचाई के तो बर्बाद हो ही रही हैं। साथ ही सरकार के किसानों की आय दोगुना करने के वादे भी खोखले साबित हो रहे हैं। इसी प्रकार पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि लाल किले के प्राचीर से कही हुई बात भी जनता के साथ धोखा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव यही नहीं रुके उन्होंने योगी सरकार पर कुठाराघात करते हुए प्रदेश में बनवाए गए मेडिकल कॉलेजों का जिक्र करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेजों के नाम पर भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया। आज तक जहां-जहां भी मेडिकल कॉलेज बनवाए गए वहां पर अव्यवस्थाओं का अम्बार है। जिसे भाजपा सरकार की सोची समझी रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी चुनाव आते ही सोने की चिड़िया की याद दिला कर जनता के साथ छल करती है। बात को आगे बढाते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदू और मुसलमानों के बीच धर्म का आड़ लेकर मतभेद पैदा करती है। जिससे दोनों समुदाय एक न हो सकें और दरार बानी रहे। उन्होंने जनता से सावधान रहने की अपील भी किया है और आगामी लोकसभा चुनाव में जनता बीजेपी से सूद सहित हिसाब लेगी और इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनने का दावा किया।

## 'प्रवेश में नियमों का पालन करें संस्थान'

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में परिषद के विनियमों के अध्याय सात के विनियम-11 (क) के प्रावधान है की परिषद से मान्यता प्राप्त होने के पश्चात संस्थाओं द्वारा केवल मान्य वर्ग, विषयों में छात्रों का प्रवेश लिया जाएगा। संस्थाओं द्वारा किसी भी अमान्य संस्था से अनाधिकृत छात्रों का प्रवेश लिया जाना अनियमित एवं अवैध होगा। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में यह आता है कि जनपद में संचालित किसी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, स्ववित्त पोषित मान्यता प्राप्त माध्यमिक शिक्षण संस्थानों में किसी भी अमान्य संस्था से अनधिकृत छात्रों का पंजीकरण विद्यालय में पाया जाता है तो संस्था के प्रबंधक, प्रधानाचार्य के साथ ही अवैध, अमान्य रूप से संचालित विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराते हुए कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्रबंधक, प्रधानाचार्य का होगा।

# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा इंस्ट्रीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद के सहयोग से जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एवं कार्यक्रम अधिकारी की क्षमता वृद्धि कार्यक्रम के प्रथम बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ कुलपति प्रो. भरत मिश्र,, प्रो. अभिनव राज वर्मा, प्रो. अमरजीत सिंह एवं डा. देवेन्द्र प्रसाद पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर किया। कुलपति प्रो. भरत मिश्र ने केतली से रेलगाड़ी तक के लेखन की जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय की स्थापना में संत ऋषि के योगदान एवं भारत रत्न नाना जी देशमुख के प्रयास से हुए।

उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय नाना जी के बताए मार्ग पर चल रहा है। साथ ही पूरे मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा तथा विकास कार्य में संलग्न है। विश्वविद्यालय के पांचों संकाय शैक्षणिक विकास में जुटे है, जो स्वावलंबन एवं रोजगार, व्यक्तित्व विकास, ग्रामीण विकास आदि कार्य कर रहा है। भारत वर्तमान में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। क्षमता वृद्धि प्रत्येक व्यक्ति, संगठन एवं समूह सभी के लिए आवश्यक है। प्रक्रिया, प्रबंधन क्षमता वृद्धि के माध्यम से संभव है। सीखने के लिए कोई उम्र का बंधन नहीं होता है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। इसलिए सभी क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का भरपूर लाभ लें।

अधिष्ठाता, ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन प्रो अमरजीत सिंह ने मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। साथ ही जन शिक्षण संस्थान और विश्वविद्यालय के उद्देश्य में एकरूपता का वर्णन किया। ग्रामीण प्रबंधन एवं समन्वयक विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम में पूरे देश से आए विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इरमा के प्राध्यापक डॉ अभिनव राज वर्मा ने कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दिया। साथ ही कहा कि मंत्रालय द्वारा आनंद के माध्यम से पूरे देश के विभिन्न प्रांतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जन शिक्षण संस्थान के कर्मियों की क्षमता वृद्धि करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

इसके अलावा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि परिसर में मेरी राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जा रहे हैं। आज कृषि संकाय परिसर में 75 पौधे छायादार, 75 पौधे फलदार, 75 पौधे सजावटी लगाए गये। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने बताया कि कुलपति प्रो भरत मिश्रा के मार्ग निर्देशन में एनएसएस यूनिट द्वारा ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर, कृषि संकाय परिसर एवं आसपास पौधे लगाने की योजना हैं।

# महिला सम्बन्धी मामलों पर सुनवाई कराकर कराएं कार्यवाही : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में शुक्रवार को अभियोजन शान्ति व कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने सेशन कोर्ट, लोअर कोर्ट, जमानत विवरण, एससी-एसटी एक्ट, गिरोह बंद अधिनियम, महिला सम्बन्धी अपराध, अभियोजन कार्य, दोषमुक्त हुए वादों का आधार, सम्मन निवारण, गवाहों की उपस्थिति स्थिति, टापटेन अपराधी आदि की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला सम्बन्धी मामलों पर सुनवाई कराकर कार्रवाई कराई जाए। महिला सम्बन्धी अपराधों पर शासन द्वारा भी निर्देश दिए जा रहे है कि मुकदमों को ज्यादा से ज्यादा निपटाए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि समय से मुकदमों का निस्तारण करें। उन्होंने एसपीओ को निर्देशित किया कि सभी पीओ व पुलिस विभाग के साथ समन्वय बनाकर मुकदमों का निस्तारण कराए व लंबित प्रकरण को अलग करके उसपर कार्यवाही कराएं। पास्को के मामलों पर भी त्वरित कार्यवाही कराई जाए, समय से सम्मन जारी व तामील कराया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि पास्को एक्ट के प्रकरणों पर जो विवेचना से सम्बन्धित अधिकारी है, उनके कार्य की समीक्षा करें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अबैध शराब के खिलाफ गंगा किनारे एवं मंदाकिनी के किनारे अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित कराए। जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किए कि अबैध खनन माफियाओं एवं ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारियों और सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारीयों को निर्देशित किया कि अलर्ट होकर जांच कराएं। एआरटीओ को निर्देशित किया कि स्कूल वाहन व टेंपो की स्पीड भी चेक कराएं। उन्होंने कहा कि स्कूल बस व टेंपो में निर्धारित बैठने की व्यवस्था के अतिरिक्त बच्चों को बैठाया जाता है। इसमें अभियान चलाकर जांच कराएं। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन पर भी प्रभावी कार्यवाही करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, मऊ राकेश पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर रामजन्म यादव, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र कुमार यादव, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## हनुमान धारा रोपवे परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया ध्वजारोहण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



हनुमान धारा रोपवे परिसर में 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और आजादी के अमृत महोत्सव मनाते हुए ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। इस ध्वजारोहण समारोह में दामोदर रोपवे प्रबंधन के साइट इंचार्ज ने तिरंगा फहराया। आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाये गए इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद रोपवे प्रबंधन ने सभी को सम्मानित किया। तिरंगा से मंदिर परिसर का माहौल ईश्वर भक्ति के साथ ही देशभक्तिमय भी हो गया। दामोदर रोपवे लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अभिषेक चमारिया ने कहा कि देश 77 वर्षों में नई ऊचाईयों की ओर बढ़ा है और अब देश में भी विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हो रहे हैं। सीमित संसाधनों के साथ देश के विकास में योगदान दे रहे हैं।

# डीएम ने ली विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में शुक्रवार को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में अध्यक्ष व सदस्यों के बीच भीड़ को देखते हुए चकरेही चौराहा से लोढवारा तक फोरलेन रोड का चैड़ीकरण, ट्रैफिक चौराहा से पुरानी कोतवाली का चौड़ीकरण, पटेल चैराहे से ट्रैफिक चौराहे तक चौड़ीकरण, ग्राम पनाडी में आवासीय कॉलोनी अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा, वित्तीय वर्ष में आय व्यय आदि पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत व जल संस्थान को निर्देशित किया कि इसका सर्वे कराकर अवगत कराए। उन्होंने निर्देशित किया कि इन सब बिंदुओं पर शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए, स्वीकृत होते ही कार्य प्रारंभ किया जाए। पटेल चौराहे से ट्रैफिक चैराहे की चैड़ीकरण के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि इसको प्रमुखता से लेते हुए एक महीने में कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ट्रैफिक चौराहे पर लगे पोल को शिफ्ट कराएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्राधिकरण का आय बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि नक्शा पर विशेष ध्यान दें, जिससे आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप मानचित्र समाधान दिवस प्रत्येक शनिवार को सुनिश्चित कराएं। जिसका नक्शा जमा हो गया, उससे पैसा जमा कराए। उन्होंने आवासी परियोजना पर त्वरित कार्यवाही के लिए आदेशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास प्राधिकरण सीमा पर इलाहाबाद व बांदा रोड पर स्वागत द्वार भी लगाना सुनिश्चित करें। बैठक में यूपीटीयू व रामघाट तक होटल, सामुदायिक भवनों को सुनहरी पीले रंग का एक रंग में कराए जाने का भी निर्णय लिया गया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एई आईएलडी आरपी वर्मा, ईई आरईडी एसपी पांडेय, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अधिकारी बांदा अमलेंदुराम, एएमए जिला पंचायत सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत आर एस वर्मा, क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सत्येंद्र नाथ, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत भगत सिंह, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक समस्याओं को लेकर सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




शिक्षक समस्याओं को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सदर विधायक को 18 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। साथ ही शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की।

जिला मुख्यालय में शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शिक्षकों ने एलआईसी चैराहे पर एकत्र होकर सदर विधायक अनिल प्रधान के आवास तक जुलूस निकाला। यहां शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपकर पुरानी पेंशन बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, प्रतिकर अवकाश, अध्ययन अवकाश, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नती, तैनाती, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतन मान में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को प्रोन्नती वेतन मान आदि 18 सूत्रीय मांगों के अनुसार समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की गयी। जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा संघ की मांगों के निराकरण के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही न किए जाने से शिक्षक समुदाय क्षुब्ध एवं आहत है। एक ओर शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कतिपय विभागीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। इसके चलते शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ऐसे में शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराया जाना चाहिए।

इस मौके पर जिला मंत्री आराधना सिंह, वरिष्ठ उपाध्याय अलोक कुमार गर्ग, मानिकपुर ब्लाक अध्यक्ष विनय कुमार शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सहनाज बानो, पहाडी ब्लाक अध्यक्ष अमित पाण्डेय, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष शिभूषण त्रिपाठी, हेमेन्द्र कुमार सिंह, मनीष शुक्ला, भगवानदीन मिश्र, मो इसहार आदि मौजूद रहे।

G20
आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे
### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई निविदा सूचना संख्या | टीआरडी–8–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–23 |
| 2 | कार्य का नाम | डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के बुनियादी ढांचे के निर्माण और परीक्षण सेट के लिए पिट लाइन नंबर 3 से 10 तक विद्युतीकरण के लिए 25 केवी सिंगल फेज ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | रु0 2,22,39,237.48 |
| 4 | बयाना राशि | रु0 2,61,200/– |
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 12.09.2023 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7 | प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8 | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9 | पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए; जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। सं0 : टीआरडी–8–सीनि0 डी0ई0ई0–लखनऊ–23 दिनांक 16.08.2023 2552/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सुलह न होने पर रेप पीडिता की हत्या, पति ने न्याय की लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** बलात्कार के मुकदमें में सुलह न करने पर पुलिस व प्रधान से सांठगांठ कर पत्नी की हत्या किए जाने का आरोप पति ने अभियुक्तों पर लगाते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर घटना की एफआईआर दर्ज कराये जाने की गुहार लगाई है।

सुल्तानपुर घोष कस्बा निवासी मासूक पुत्र अफजल ने डीएम व एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि 29 जुलाई 2020 को उसकी पत्नी आयशा बानो के साथ अजय कुमार सिंह सिंगरौर पुत्र राजाराम निवासी रक्सवारा थाना करारी जनपद कौशांबी ने बलात्कार किया था। जिसका मुकदमा थाना सुल्तानपुर घोष में दर्ज कराया गया था। जो फास्ट ट्रैक कोर्ट नं. 1 में विचाराधीन है। उसकी पत्नी को अभियुक्त अजय सिंह अज्ञात साथियों के साथ मिलकर लगातार मुकदमें में सुलह करने का दबाव बना रहा था। जब उसने सुलह करने से मना कर दिया तो जान-माल की धमकी दे रहा है। जिसका एक पत्र उसने न्यायालय व अधिकारियों को भी दिया था। इसी रंजिश के कारण 18 अप्रैल 2023 को अजय सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पत्नी को जमकर मारा-पीटा और दुपट्टे से गला खींचकर उसकी हत्या कर दिया। इस साजिश में प्रधान व सगे भाई समेत कई लोग शामिल थे। इतना ही नहीं पुलिस भी इस साजिश का हिस्सा रही। आनन-फानन में सुल्तानपुर घोष पुलिस ने जबरन शव को दफना दिया।

तब से वह लगातार एफआईआर दर्ज कराने के लिए बच्चों संग भटक रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित ने डीएम व एसपी से हत्यारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग किया है। जिस पर डीएम व एसपी ने पीड़ित को मामले की जांच कराकर एफआईआर दर्ज कराये जाने का आश्वासन दिया है।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का मतदान आज

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव 2023-24 के प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने जोश व उल्लास के साथ अधिवक्ताओं के बीच जाकर अपने-अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। आज होने वाले चुनाव में सर्व समाज अधिवक्ता संगठन की ओर से अध्यक्ष पद पर राकेश वर्मा, सचिव पद पर बचानी लाल, व्यवास्था परिवर्तन संगठन की ओर से बाबूलाल व सचिव पद पर सैय्यद आसिफ मकसूद, वही आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से विनोद सिंह सेंगर व देवव्रत अग्निहोत्री मैदान मे है। वही डीबीए चुनाव में अध्यक्ष पद की एक मात्र महिला प्रत्याशी संतोष कुमारी शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ जाकर अधिवक्ताओं से वोट की अपील किया। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन अधिवक्ताओं के समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट व दीवानी परिसर में घूम-घूमकर साथी अधिवक्ताओं से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील किया। बताते चलें कि डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के चुनाव में आज अधिवक्ता मतदान कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट करेंगे और अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों पर अपना मन पंसद प्रत्याशी को चुनेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के लिये कलेक्ट्रेट एवं दीवानी परिसर के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर बलिराज उमराव, वसीम अंसारी, शफीकुल गफ्फार, मोहम्मद आसिफ, अजलाल फारूकी, सिद्धार्थ पटेल, सैलाब पटेल समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बैंकें ससमय बकायेदारों को भेजें नोटिस : जनपद न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जनपद न्यायाधीश-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग कक्ष में 09 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए जनपद के सभी बैंक के अधिकारियो की बैठक किया। बैठक में उपस्थित बैंक के समस्त अधिकारियो को जिला जज ने निर्देश दिया कि अपने स्तर से बकायदारो को ससमय नोटिसे भिजवायें एवं बैंक की तरफ से आये लीड बैंक प्रबंधक को ज्यादा से ज्यादा ऋण से संबंधित विवादो को राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित कर नोटिसे ससमय प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-नोडल अधिकारी मो0 अहमद खॉन ने पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंको के प्री-ट्रायल विवादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किये जाने के लिए सराहना किया। अपेक्षा किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा प्री-ट्रायल विवादो को चिन्हित कर निस्तारित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ आम जनमानस तक पहुँचाए जा सके। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों में नित्या पाण्डेय के अलावा सीओ परशुराम त्रिपाठी, बैंक प्रतिनिधियों में अशोक अग्रणी, गौरव त्रिपाठी, मयंक पटेल, आशुतोष कुमार मिश्रा, तनमय त्रिपाठी, मुकेश सिन्हा, अनिल कुमार, प्रकाश नरायन, गौरव चैबे, मनीष टंडन, आशीष सिंह, दीपक, मो0 शावेज, छाया कुमारी, उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार है दिनॉक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 32.4(-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+1.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 79 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# जिले के निचले गांवों में घुसा गंगा का पानी

## गांवों का कटा संपर्क, जिलाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण





### जिलाधिकारी ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

जिलाधिकारी कानपुर नगर विशाख जी ने शुक्रवार को सरकारी अमले के साथ चैनपुरवा के साथ-साथ ख्यौरा कटरी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों भोपालपुरवा, भगवानदीन पुरवा चैनपुरवा का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है। कि प्रतिदिन टीम में बनाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया जाए व ग्रामीणों की हर संभव मदद की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी आपूर्ति अजित सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार तथा तहसीलदार सदर आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

**कानपुर नगर ।** पहाड़ों पर लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते गंगा में नरौरा बांध से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और गंगा मां ने विकराल रूप धारण कर लिया है। हालात यह हैं कि गंगा खतरें के निशान से ऊपर बह रही है। बीते दिन सोमवार को गंगा बैराज स्थित सिंचाई विभाग के मीटर गेज रीडर उत्तम पाल ने बताया कि गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। गेज की बात करें तो अब 114.460 व डाउन 114.260 दर्ज किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे नरौरा बांध से 3,17,158 क्यूसेक पानी छोड़ गया है। वही हरिद्वार से 1,24, 027 पानी छोड़ा गया है। इसके अलावा कानपुर की बात करें तो कानपुर से 380, 463 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। गंगा के जल स्तर के लगातार बढ़ने से सिंहपुर के बीच स्थित ख्यौरा कटरी के भगवानदीनपुरवा का सड़क संपर्क टूट गया है। इस गांव की मेन रोड पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया है। आपको बताते चलें गंगा के बढ़ते जल स्तर का असर खासतौर पर गंगा किनारे बसे गांव चैनपुरवा, डुमनीपुरवा, ख्यौरा कटरी के बगीचों से होता हुआ पानी यहां के गांवों को घेरना लगा है। इन गांवों के कई परिवार बाढ़ की चपेट में है। वहीं सड़कों पर जलभराव होने से बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। हालांकि अभी घरों की दहलीज तक ही पानी आया है। लेकिन लगातार जलस्तर बढ़ने से अब खतरा और मंडराने लगा है। वहीं लोगों ने अब अपना सामान समेटना भी शुरू कर दिया है।

# सीएसए में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय के इटावा स्थिति मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो.जे. पी.यादव ने छात्रों को देश के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के क्रम में 12 अगस्त से लगातार सम्पादित विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ.ध्रुव कुमार ने छात्र छात्राओं को कहा कि कि हम सभी को हमेशा राष्ट्र हित में कार्य करते हुए, देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक जवान हमेशा बिना अपनी और अपने परिवार की परवाह किए देश की रक्षा करने के लिए तत्पर आगे बढ़ता रहता है। उन्होंने छात्रों को अपने साथियों से सकारात्मक प्रतिस्पर्धा करते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. ध्रुव कुमार, डॉ. कैलाश चंद्र , डॉ. अरुण कुमार, अमरजीत पाल , अनिल कुमार, चंद्रशेखर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएसजेएमयू में एल.एल.बी. आनर्स त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम को मिला अनुमोदन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में संचालित अटल बिहारी बाजपेयी स्कूल आफ लीगलस्टडीज को बार कांउसिल आफ इण्डिया नई दिल्ली के द्वारा एल.एल.बी. आनर्स त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।
कानपुर नगर एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एल.एल.बी. पाठ्यक्रम से भिन्न यह आनर्स पाठ्यक्रम परिसर में संचालित किया जायेगा। जिसमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को संवैधानिक विधि, दाण्डिक विधि एवं व्यवसायिक विधि में विशेषज्ञता के साथ विधि की उपाधि प्रदान की जायेगी।
अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज स्कूल के निदेशक डॉ. शशिकांत त्रिपाठी ने बताया स्कूल नियमित रूप से अपने छात्रों के व्यावसायिक ज्ञान के लिए विधानसभा भ्रमण, थाना भ्रमण, जेल भ्रमण, और उच्च न्यायालय भ्रमण, सेमिनार, मूट कोर्ट प्रतियोगिता, कानूनी जागरूकता शिविर, विशेष व्याख्यान एवं अन्य विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।



### रोजगार के मिलेंगे नए अवसर

निर्देशक डॉ.शशिकांत त्रिपाठी ने रोजगार के अवसर के बारे में बताते हुए कहा कि छात्रों के लिए बी.ए.एलएल.बी.ऑनर्स एवं बी.बी.ए.एलएल.बी.ऑनर्स पाठ्यक्रम को पूरा कर लेने के बाद सरकार एवं प्राइवेट कम्पनियों में नौकरियों, स्वयं की लॉ फॅर्म स्थापित कर विधि व्यवसाय प्रारम्भ करने, अधिवक्ता बनने, न्यायाधीश, सरकारी वकील, कार्पोरेट लॉयर, साइबर लॉ एक्सपर्ट बनने की अपार सम्भावनाएं हैं। एलएल.एम. करने के पश्चात उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्र/छात्राऐं कदम बढा सकते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए वेबसाइट www.csjmu.ac.in पर जाकर या ईमेल ilscsj-muv|@gmail.com के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में आईटी का छापा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर के मंधना स्थित महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीते दिन शुक्रवार को दोपहर लगभग 1-15 पर अचानक भारी पुलिसबल के साथ कॉलेज में इनकम टैक्स और विजिलेंस अधिकारी आ पहुंचे और अकाउंट सेक्शन को घेरकर सीज किया गया। इस दौरान कालेज प्रबंधक और संचालक गौरव भदौरिया कालेज परिसर से गायब हो गए। इस ग्रुप का एक कॉलेज बिठुर के पास साक्षी नाम से भी है। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ महीनों में ही कालेज के दो अकाउंट्स में इनकमटैक्स विभाग ने करोड़ों रुपए सीज किए हैं। ये फीस और अन्य मदो में स्टूडेंट्स से वसूली गई रकम है। सीज किए जा चुके बैंक अकाउंट्स में 10 करोड़ से अधिक रकम बताई जा रही है। इस कारण से कालेज ने फीस जमा करवाने को नया अकाउंट खोला था। अभिभावकों का आरोप है कि भरपाई करने को ही स्टूडेंट्स से फीस को समय से पहले देने को बाध्य किया जा रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद टिप्पणी के लिए प्रबंधन से कोई उपलब्ध नहीं हुआ।

# हिस्ट्रीशीटर टीटू पर दर्ज मुकदमे की पुलिस मुख्यालय से मांगी गई सूची

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

थाना रावतपुर क्षेत्र में एक ठेला लगाकर मोमोज बेचने वाली महिला से रंगदारी मांगने के मामले में हिस्ट्रीशीटर टीटू मिश्रा पर दर्ज मुकदमे की सूची डीजीपी कार्यालय मांगी गई है।पीड़िता ने डीजीपी को लिखित शिकायत की थी।
ईडब्लूएस अम्बेडकरपुरम निवासी महिला उमा सोनकर ने बताया कि वह बेटे अर्पित के साथ क्षेत्र में अंडा और मोमोज का ठेला लगाती है। बीती एक अगस्त की रात को वह काम खत्म करने के बाद ठेला लेकर बेटे के साथ घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में रोक कर टीटू और उसके भाई हिमांशु ने साथियों के साथ उसे धमकाया। बोले कि ठेला लगाना है तो हफ्ता देना पड़ेगा। इनकार करने पर सभी घर आ धमके और बेटे को मार डालने की धमकी दी।
स्थानीय पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। इस पर उनके द्वारा डीजीपी को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई गई। मामले को संज्ञान लेकर डीजीपी ऑफिस से कानपुर पुलिस आयुक्त के दफ्तर में पत्र भेजकर आरोपी टीटू मिश्रा की मुकदमों की सूची मांगी गई है।

# लूट की योजना बना रहे 4 लुटेरों को सचेंडी पुलिस ने दबोचा






### क्या बोले जिम्मेदार

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी कानपुर शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में रहने वाले हैं। जिनके पास से लूट के पांच मोबाइल फोन 5 हजार रुपये, दो तमंचा 12 बोर व 4 जिंदा कारतूस 12 बोर के 12 चाकू भी बरामद किए गए हैं। पुलिसिया पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह एक अपराधियों का अंतरराज्जीय संगठित गिरोह है। वह राजधानी दिल्ली नागपुर जैसे बड़े शहरों में लोगों के मोबाइल लूटकर उन्हें सस्ते दामों में बेचा करते थे। कानपुर में भी सचेंडी थाने के आसपास हाईवे पर ट्रक वालों को अपनी मजबूरी बताकर मोबाइल को आधे दामों में बेचा करते थे शिकायत बीते कई दिनों पुलिस को मिल रही थी पुलिस ने जाल बिछाते हुए इन सभी चोरों को धर दबोचा अभी भी उनका एक साथी मो0 सलमान पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

सचेंडी पुलिस ने बीते दिन गुरुवार की रात्रि मुखबिर की सूचना पर डकैती की योजना बनाने वाले चार शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। वही अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से एक लुटेरा भाग गया। पुलिस ने शातिर लुटेरों के पास से 25 मोबाइल, दो तमंचे 4 जिन्दा का कारतूस दो चाकू बरामद कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।
सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिन गुरुवार की रात्रि सचेंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ बाहरी लोगों को आपराधिक गतिविधियों करते हुए कटारिया रोड तिराहे के पास देखा गया है जिनके पास लूट के कई मोबाइल हैं यह लोग अपने पास लिये मोबाइलों को हाइवे के किनारे आने जाने बाले ट्रक चालकों को सस्ते दाम में बेच रहे हैं जिनके पास अवैध असलहे भी है और वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस दौरान पुलिस पुलिस बताए हुए स्थान पर पहुंची जहां पुलिस को आता देख शातिर लुटेरे भागने लगे वहीं पुलिस ने घेराबंदी कर चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया वही एक लुटेरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। पूछताछ के दौरान शातिर लुटेरों ने अपना नाम रवि जायसवाल उर्फ बड़ा निवासी डिप्टी पड़ाव थाना रायपुरवा, फैजान उर्फ चुसनी निवासी कस्बा घाटमपुर, फरहान, मो0 अरसलान निवासी कंघी मोहाल मुन्नापुरवा थाना बजरिया बताया तलाशी के दौरान लुटेरों के पास से 25 मोबाइल, 5 हजार 680 रुपए, दो तमंचे, 04 जिन्दा कारतूस,दो चाकू बरामद कर जेल भेजने की विधिक कार्रवाई की।

# आरती हत्याकांड के मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




जिला जज की अदालत में शुक्रवार को आरती सिंह हत्याकांड का फैसला सुनाया गया। युवा अधिवक्ता अखिलेश सिंह अपने दो मुवक्किलों को दलीलों के आधार पर दोषमुक्त करा लिया, जबकि डीजीसी अंतिम समय तक सजा की मांग करते रहे। वहीं मुख्य अभियुक्त के अधिवक्ता की दलीलों को जज ने खारिज कर दिया और आजीवन कारावास की सजा सुना दी।
बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा मंधना रोड मोहनपुर गांव में दो फरवरी 2018 को आरती सिंह की हत्या कर दी गई थी। पति दीपक शर्मा ने रमाकांत उर्फ मलाली, चन्द्रकिशोर उर्फ मथुरा और राजेन्द्र गौतम के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ चार्जशीट लगा दी और कोर्ट में चन्द्रकिशोर व राजेन्द्र की ओर से युवा अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने पैरवी की। मुकदमें में हुई पैरवी से कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को जमानत भी दे दी थी लेकिन मुख्य अभियुक्त रमाकांत जेल में ही रहा। शुक्रवार को जिला जज की प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय की अदालत में डीजीसी दिलीप अवस्थी ने तीनों अभियुक्तों को फांसी दिये जाने की मांग की। इस पर अधिवक्ता अखिलेश ने दलीलों के जरिये आपत्ति की और जज ने साक्ष्यों के आभाव में हत्याभियुक्त चन्द्रकिशोर और राजेन्द्र को दोषमुक्त करार दिया। इसके साथ ही मुख्य अभियुक्त रमाकांत को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुना दी। अधिवक्ता अखिलेश सिंह ने बताया कि आज मेरे लिए एक बार फिर खुशी का दिन रहा। अपने करियर में हत्या के तीन मुकदमों में पैरवी की और तीनों में सफलता हासिल की।

# अनुचित लाभ के लिये उद्यमियों, व्यापारियों आदि के खिलाफ अब सीधे नहीं दर्ज कराई जा सकेगी रिपोर्ट, होगी प्रारंभिक जांच

## उत्तर प्रदेश में Ease of doing business की दिशा में लिया गया निर्णय

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराने से पूर्व प्रारंभिक जांच कराई जायेगी। शान द्वारा प्रदेश के विकास कार्यो को गति देने के लिए 'Ease of doing business' की दिशा में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न ना हो तथा किसी भी उद्यमी व्यापारी, शैक्षिक संस्था, चिकित्सालय भवन निर्माताओं, होटल/रेस्टोरेंट इत्यादि से संबंधित मालिक तथा प्रबंधन स्तर के कर्मचारियों का उत्पीड़न न होने पाये इसके लिये शासन स्तर पर आदेशित किया गया है।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों को समायोजित करते हुए निर्देशित किया गया है कि सभी महत्वपूर्ण संस्थाओं/प्रतिष्ठानों जैसे चिकित्सा, शिक्षा, विनिर्माण आदि में आकस्मिक दुर्घटनाओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करने से पूर्व प्रारंभिक जांच कराए जाने की एक औपचारिक प्रक्रिया निर्धारित की गई है।
प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थना पत्र में नामित अभियुक्त का घटना से प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं, आरोपित को प्रतिद्वंदिता/ विवाद/ स्वेच्छाचारिता के कारण तो नामित नहीं किया जा रहा है या कहीं अनावश्यक दबाव/ अनुचित लाभ के उद्देश्य से तो नामित नहीं किया गया है।
शासन द्वारा इन निर्देशों का एक मात्र उद्देश्य है यह कि सिविल प्रकृति विवादों को अपराधिक रंग देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की प्रवृत्ति को कम किया जा सके तथा न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने वाले अभ्यस्त शिकायतकर्ताओं पर नियंत्रण पाया जा सके। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सहसंयोजक विनोद गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में लिया गया यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे निवेशकों को हेतु प्रतिकूल वातावरण होने से बचा जा सकेगा तथा अधिक निवेश राज्य को प्राप्त हो सकेगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जनता को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए गहमरी ने की स्पीड ब्रेकर की मांग



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश स्कूटर मोटरसाइकिल मोटरसाइकिल पार्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष गहमरी ने क्षेत्रीय जनता की शिकायत पर बताया कि जे. के. मंदिर से डबल पुलिया तक बनी रोड जानलेवा साबित हो रही है आए दिन छोटी मोटी एक्सीडेंट होते रहते हैं कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है गहमरी ने बताया कि जेके मंदिर से डबल पुलिया तक बनी नई सड़क जब शिवाजी नगर ढाल के पास से मोड़ शास्त्री नगर की तरह आती है, और पांडव नगर पुलिया से डबल पुलिया पर जाते वक्त कोई स्पीड ब्रेकर ना होने के कारण शास्त्री नगर से शिवाजीनगर जाते वक्त शिवाजी नगर से शास्त्री नगर आते वक्त पांडव नगर पुलिया से डबल पुलिया शनि मंदिर तक कोई डिवाइडर नहीं है दोनों तरफ से गाड़ियां आती है कभी बड़ी दुर्घटना हो जाएगी जिसके चलते गहमरी ने पुलिस मंडलायुक्त, पुलिस उपायुक्त से जल्द डिवाइडर बनाने की मांग की है। गहमरी ने कहा कि इस संदर्भ में जल्द ही इन अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराएंगे कोई बड़ी दुर्घटना ना हो जाए जल्दी स्पीड ब्रेकर बनवाया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ आनंद झा अमित यादव छोटे लाला फैजुद्दीन प्रभात पाल रंग बहादुर मुन्ना चौहान पप्पू यादव मधुबाला सिंह रमाकांत मनोजा धीरेंद्र पासवान भाई लाल आदि लोग शामिल थे।

### छात्र से तमंचे की नोक पर पैंतालीस हज़ार रुपए की लूट

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। थाना बर्रा क्षेत्र में तमंचा दिखाकर बैंक में पैसा जमा करने गए युवक से 45 हजार की लूट कर लुटेरे फरार हो गये वही,पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार बर्रा निवासी पुष्पांकर विश्वकर्मा बर्रा थानाक्षेत्र के कर्रही रोड पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में पैसा जमा करने गया था।जहां पर दो युवक उसके पास खड़े हो गए और बहाने से बैंक के बाहर बुलाकर तमंचा दिखाकर 45 हजार रुपये लूट लिये और कार से फरार हो गए। बैंक मे लगे सीसीटीवी में एक लुटेरा कैद हुआ है। पुष्पांकर ने इस मामले की शिकायत थाने में की है । पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### साले का हत्यारा निकला बहनोई, सुपारी देकर करवाई थी हत्या

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर में बीती 15 अगस्त को थाना गुजैनी क्षेत्र में हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर खुलासा किया है। हत्या करने वाला कोई दोस्त या दुश्मन नहीं बल्कि खुद मृतक का बहनोई निकला। मृतक साहिल और अनिल 26 पेंटिंग का काम करते थे मृतक के पिता की दो शादी हुई थी जिसमें पहली पत्नी सरस्वती तो दूसरी का नाम बबली है। पहले पत्नी से पुत्र साहिल है तो दूसरी से बेटी मोहिनी है बहन मोहिनी का पति बब्बन पेंटिंग का काम करता है। मृतक के पिता का एक मकान था जिसको बहन के पति बब्बन बहनोई ने 5 लाख में बेच दिया था जिसमें हिस्से का पैसा साहिल मांग रहा था जिसको लेकर पहले भी विवाद हो चुका था बब्बन अपने साले साहिल मृतक से दो-तीन सालों से परेशान था लेकिन आए दिन पैसों को लेकर विवाद देख बहनोई ने अपने साथी शिव सिंह जो कि पीओपी का काम करता है उसको साले साहिल को मारने की दस हजार रुपये की सुपारी दे रखी थी। सुपारी लेने के बाद हत्यारे शिव सिंह ने 15 अगस्त की रात को ही फिल्म गदर दिखाने के बाद साहिल को बिधनू थाना क्षेत्र में ले जाकर शराब पिलाई जिसके बाद ईंट से कुचल कर हत्या कर दी। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि 15 अगस्त को गुजैनी थाने में धारा 302 का मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें हत्यारोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई थी गठित पुलिस टीम ने शिव सिंह निवासी पांडव नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है जहां शिव सिंह की निशानदेही प्रवीण को घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाने में हो रही है मनमानी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। दिव्यांग बोर्ड वर्तमान समय में अव्यवस्था का शिकार है, यू0डी0आई0डी0 कार्ड के लिए दिव्यांगजन परेशान हो रहे है। सी0एम0ओ0 शासनादेश को नही मानते है। कानपुर नगर को छोड़ कर उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में स्थाई दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर घर बैठे आन लाईन आवेदन करने पर यू0डी0आई0डी0 कार्ड बनाया जा रहा है।
जनसूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना में जनपद अलीगढ़, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, कानपुर देहात, कन्नौज, हरदोई हाथरस ने इस बात की पुष्टी कि है। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की भ्रष्टाचार के चलते मनमानी हो रही है। सी0एम0ओ0 ने गलत बयानबाजी कर दिव्यांगजनो को परेसान करने का काम किया है। भ्रष्टाचार कि शिकायत करने पर भी कोई कार्यवाही नही करते हैं। जल्द ही जिलाधिकारी व मण्डलायुक्त से मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही की मांग कि जायेगी।

### नाबालिग लड़की को फुसला कर भागा ले जान का आरोप

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर । शहर में नाबालिक लड़कियों को बहला फुसला कर भाग ले जाने के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला थाना चकेरी क्षेत्र का सामने आया है जहां 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर एक युवक भागा ले गया। सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अगस्त को सुबह तकरीबन 8 बजे उसकी पुत्री को शहबान खान उर्फ गोलू पुत्र जुम्मन निवासी मकान 225 चंदारी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी रिपोर्ट थाना चकेरी में दर्ज कराई है। सुमन श्रीवास्तव का कहना है कि बेटी को धर से गायब हुए लगभग 5 से 6 दिन बीत चुके हैं और उसका कोई पता नहीं है। मामले की विवेचना कर रहे श्याम नगर चौकी इंचार्ज विपिन कुमार सिंह कुछ भी नहीं कर रहे हैं जबकि सुमन श्रीवास्तव ने विवेचक से बताया कि उनकी पुत्री को कुछ चश्मदीद गवाहों ने फतेहपुर में देखा है, और वहां से वह लोग मुंबई जाने की फिराक में है। यह सब मालूम होने के बाद भी विवेचक द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वही सुमन श्रीवास्तव ने बताया कि साहबान खान कहीं उनकी पुत्री की हत्या न कर दे जिस कारण सुमन का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के अभिलेखों में नाम की स्पेलिंग (ARAD-HYA KUMAR) के साथ मेरे नाम की स्पेलिंग (SUJEET KUMAR) अंकित है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के नाम की सही स्पेलिंग (ARADHY KUMAR) व मेरे नाम की सही स्पेलिंग (SUJIT KUMAR) है।

सूचनाकर्ता
सुजीत कुमार पुत्र श्री बिंदेश्वरी प्रसाद
पता- मकान न-419 शिवपुरम कोयला नगर

# अजय राय को कमान मिलते जश्न में डूबे कांग्रेसी

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



कांग्रेस ने पूर्व मंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नवनियुक्त अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर शुक्रवार को सुल्तानपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर दर्ज़नों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेताओं ने जश्न मनाया गया। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,कार्यकर्ताओ व पदाधिकारीओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए खुशी का इजहार करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद प्रेषित किया। ज्ञात हो कि पूर्व मंत्री अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है।

वह दो बार वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर उनको उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा पूर्व मंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को एक क्रांतिकारी तेवर का संघर्षशील एवं जुझारू प्रदेश अध्यक्ष मिला है,जो अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वाहन करते हैं। वाराणसी के पिंडरा विधानसभा से पांच बार विधायक और प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री अजय राय को संगठन चलाने का अच्छा खासा अनुभव है। निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्व मंत्री अजय राय बेहतर परिणाम देंगे निश्चित ही अजय राय राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश के प्रभारी प्रियंका गांधी और राहुल गांधी मलिकार्जुन खरगे की अपेक्षा के रूप उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्र लक्ष्मीकांत मिश्र विनोद तिवारी तेज बहादुर पाठक , सुब्रत सिंह (सनी), सुनील सिंह चैहान ओम प्रकाश त्रिपाठी कुमारी निकले सरोज मानिकचंद श्रीवास्तव, मानस तिवारी रामचंद्र मिश्रा महेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# फाइलेरिया प्लेटफॉर्म के सदस्य के प्रयास से 65 फीसद लोगों ने किया फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जनपद में 10 अगस्त से फाइलेरियारोधी दवा का सेवन कराये जाने के लिए सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को फाइलेरिया से बचाव की दवा करवा रहे हैं। इसी क्रम में विकास खंड सताव के गांव सराय मुबारक का आशा आनंदपुर मोहल्ले में 25 घर में लगभग 110 लोग रहते हैं, जहां पर बीमार व्यक्ति, गर्भवती महिलाओं और एक साल से छोटे बच्चे तथा जो व्यक्ति घर में उपस्थित नहीं थे को छोड़कर सभी ने दवा का सेवन किया। यह जानकारी आशा कार्यकर्ता आशा बहू मान देवी ने दी।

उन्होंने बताया कि पिछले साल चले आईडीए अभियान में इस क्षेत्र में लगभग तीस फीसद लोगों ने दवा का सेवन किया था जबकि इस बार लगभग 65 फीसद लोगों ने अब तक फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन किया हैं यह संभव हुआ है गांव में रहने वाली 60 वर्षीय फाइलेरिया रोगी राम श्री के प्रयास से रामश्री ने आईडीए अभियान के शुरू होने से लगभग एक सप्ताह पहले क्षेत्र में सामुदायिक बैठक की और लोगों को बताया कि 20 साल से वह फाइलेरिया से पीड़ित हैं, जिसके कारण उनका दायाँ पैर प्रभावित हो गया है इसकी वजह से उन्हें अपने जीवन में बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वह समाने जीवन नहीं जी पा रही हैं, उन्हें न तो फाइलेरिया रोधी दवा की जानकारी थी और न ही उन्होंने इस दवा का सेवन किया जिसके कारण उन्हें फाइलेरिया के साथ जीना पड़ रहा है आप लोगों को तो फाइलेरियारोधी दवा घर पर ही मिलेगी, इसलिए लापरवाही न बरतें, क्या आपभी चाहते हैं कि आपको या अपपके बच्चों को यह बीमारी हो उनकी इन बातों ने लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डाला इसके साथ ही वह मेरे साथ घर-घर भी लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने गईं जिसका ही परिणाम है कि मेरे इस क्षेत्र में लगभग 90 फीसद लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर लिया हैं।

राम श्री बताती हैं कि उन्हें फाइलेरिया रोग के बारे में कि यह कैसे होता है और इसका क्या बचाव है, यह सब स्वयंसेवी संस्था सीफॉर के भैया से पता चला था, उन्होंने गाँव में एक बैठक् की थी जिसमें हम भी शमिल हुए थे, उन्होंने इस गाँव के फाइलेरिया रोगियों का एक प्लेटफॉर्म भी बनाया जिसमें हमारे जैसे और भी फाइलेरिया के मरीज हैं, इसके साथ ही उन्होंने फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के बारे में बताया था, उनकी बात सुनने के बाद ही हमने सोच लिया था कि हम प्रयास करेंगे कि हमारे क्षेत्र में सभी लोग फाइलेरिया रोधी दवा का दवा का सेवन कर लें।

## दबिश में 40 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन अभियुक्त पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अमेठी व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी अमेठी के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को जनपद के क्षेत्र तीन मुसाफिरखाना के थाना क्षेत्र मुसाफिरखाना के अंतर्गत ग्राम निजामुद्दीन तथा गुनैया में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान कुल 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।और करीब 350 किलो लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में तीन अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए। तथा गाँव के लोगो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर सूचना देने की अपील की गई।आबकारी दुकानों का निरीक्षण भी किया गया।

## उद्यमिता विकास केंद्र के सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी समस्याओं से कार्यालय को कराएं अवगत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र रायबरेली ने बताया है कि 01 अप्रैल 2018 के बाद जो भी कर्मचारी जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली से सेवानिवृत्त हुए है, उनका अगर कोई क्लेम बकाया है या और कोई समस्या है तो 28 अगस्त 2023 से पूर्व क्लेम, समस्या से कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें ताकि उनकी समस्या को समाधान दिवस से पूर्व अथवा समाधान दिवस में निस्तारित कराया जा सके।

## जिलाधिकारी ने की स्टाम्प वाद के लेखपत्र की जाँच

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने अपने न्यायालय में चल रहे स्टाम्प वाद के लेखपत्र का स्थलीय निरीक्षण शुक्रवार को किया। इस दौरान उन्होंने जवाहर विहार कालोनी व रायबरेली तहसील स्थित संपत्ति की जाँच की। जाँच के दौरान यह पाया गया कि लेखपत्र में कमी स्टाम्प शुल्क 95 हजार साठ रुपये, जबकि निबंधन शुल्क 13 हजार 580 रुपये होने के कारण कलेक्टर न्यायालय में वाद प्रचलित है। स्थलीय जाँच में यह कमी साफ तौर पर देखने को मिली।

## ग्रामवासियों की इच्छा के विरूद्ध करायी जा रही चकबंदी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** हरचंदपुर ब्लॉक के अंतर्गत गुलू पुर गांव का मामला हैं जहां पर सुबह 7 बजे से ग्रामीण इकट्ठे हुये, चकबंदी के कुछ लेखपाल आदि भी थे, गांव वालों का कहना हैं कि गांव सभा की बैठक होनी चाहिये इसके पूर्व मुनादी होनी चाहिये, इसके बाद आमसभा में जो भी तय हो तब चकबंदी की जाये। भीड़ में जनाक्रोश था, भीड़ के लोगों का कहना था कि चकबंदी के कोई बड़े आफिसर नहीं आये और गुपचुप तरीके से चकबंदी करने का ऐलान करने जा रहे थे, तभी गांव वाले इकट्ठे हुये और डीएम से लिखित रूप में शिकायत की कि हम ग्रामवासी लोग चकबंदी नहीं चाहते हैं फिर भी गुपचुप तरीके से चकबंदी कराने जाने के लिये कर्मचारी उतारू हो गये। इस आशय का प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया गया।


### सूचना

मेरा पुत्र प्रदीप कुमार व उसकी पत्नी ममता आउट ऑफ कंट्रोल हैं, जो आवारा किस्म के हैं, मनमानी करते हैं, मेरी बात नहीं मानते हैं। आये दिन मुझे अशोभनीय गालियां देते हुए मारा-पीटा करते हैं, कहने सुनने में नहीं रहते हैं। गलत व गैरकानूनी कार्य करने में नहीं हिचकिचाते हैं। बहू मुझे फर्जी मुकदमें में फंसाकर जिंदगी बरबाद कर देने की आये दिन धमकी दिया करती है, और कई बार थाने में प्रार्थना पत्र भी दे चुकी है। इस प्रकार से इनकी गलत हरकतों के कारण इनको मैं अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। इनके किसी भी अनैतिक कार्यों से मेरा कोई लेना देना नहीं है यदि इनके द्वारा कोई अनैतिक अपराध कारित किया जाता है तो मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी उसके लिए ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

–योगेन्द्र कुमार पाठक
पुत्र स्व0 केदारनाथ पाठक
निवासी ग्राम मटेरा मजरे मनियापुर,
परगना अमेठी थाना गौरीगंज
तहसील गौरीगंज जनपद अमेठी

### NOTICE

It is hereby informed to the general public as under :-

1. That a Partnership Firm namely 'M/s. Goldden Wingss Enterprises' was formed and Partnership Deed was executed on 30the November, 2021 between Mr. Shubham Tripathi S/o Sri Brij Bhawan Tripathi, Address : 146, Baurhiya, Balmaoo, Sultanpur -228161 (U.P.) & Mrs. Anumeha Gupta D/o Sri Chandreshwar Prasad Gupta, Address: 3/15C, Vikalp Khand, Gomti Nagar, Lucknow – 226010 (U.P.) and business of Unisex Salon was started in the year 2021.
2. That the undersigned has invested entire capital amount for establishing and running of the business but except assurance Mr. Shubham Tripathi has not paid a single penny towards his 50% share of the capital investment inspite of repeated demands / requests. Apart from this, he has also not contributed towards operational expenses till date.
3. That from the beginning, Mr. Shubham Tripathi has indulged himself in fraud, forgery, manipulation and misappropriation of funds and other wrong practices which caused grave financial losses to the business.
4. That since August, 2022, Mr. Shubham Tripathi is absconding, as such the other partner namely Mrs. Anumeha Gupta in not in a position to continue above business as well as the Partnership as such she has decided to close the business and dissolve the Partnership Deed with immediate effect for which a notice for dissolution of the partnership deed has already been sent through email / speed post dated 29.07.2023 to Mr. Shubham Tripathi but he has not responded till date.
5. That since Mr. Shubham Tripathi is not responding to the telephonic calls, emails, whatsapp messages, notices etc. and not coming forward for signing of Dissolution Deed of Partnership and payment of his share towards loss caused to the Firm, hence this Press / Public Notice is being published with the expectation that Mr. Shubham Tripathi shall contact the undersigned within 07 days from this notice, failing which undersigned shall execute the dissolution deed singly.

(Anumeha Gupta)
3/15, Vikalp Khand, Gomti Nagar,
Lucknow – 226 010


# बिना डिग्री चिकित्सकों की हो रही चांदी

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**



बदलते मौसम में विभिन्न बीमारियों का फीवर शुरू होने लगता हैं। क्षेत्र में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कथित तौर पर डॉक्टर कहे जाने वाले झोलाछापों का जाल फैला देखा जा रहा है।क्लीनिक के नाम पर एक टेबल-कुर्सी पर एक व्यक्ति बैठता है।और मरीजों का इलाज करता है। क्लीनिक का नाम क्या है? इलाज करने वाले के पास मेडिकल में क्या डिग्री है? इलाज करने वाले व्यक्ति के क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन है या नहीं ? यह तो किसी को नहीं पता होता है।इन बिना डिग्री वाले डॉक्टर का इलाज जान पर भारी पड़ सकता है। बिना डिग्री चिकित्सकों द्वारा मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

**स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से कार्रवाई नहीं:** गौरतलब हो कि क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी चिकित्सकीय पढ़ाई किए फर्जी चिकित्सक बिना किसी भय के अपनी क्लीनिक खोल कर इलाज कर रहे हैं और उनसे मनमानी फीस वसूल कर अपनी जेबों को भर रहे हैं। इसके अलावा झोलाछाप चिकित्सक अपनी क्लीनिक में बड़े बड़े बोर्ड लगाकर खुले आम प्रशासन को अंगूठा दिखा कर लोगों का इलाज कर रहे हैं। बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का सर्टिफिकेट लिए 12वीं पास झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से एलोपैथी दवा और इंजेक्शन के जरिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। सस्ते इलाज के झांसे में आकर लोग भी अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। लंबे अरसे से इलाज कर रहे बिना डिग्री के डॉक्टर किसी कायदे कानून को भी नहीं मानते उनके लिए डॉक्टरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं। सिर्फ एक्सपीरियंस ही उनका सर्टिफिकेट हैं। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बिना डिग्री के चिकित्सक धड़ल्ले से अपनी क्लीनिक चलाते देखे जा रहे हैं। यह चिकित्सक हर मर्ज का इलाज करने में अपने आप को एक्सपर्ट बताकर ग्रामीण व क्षेत्रवासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ होता देखा जा रहा है। यह सब भगवान भरोसे है।


### सूचना

सूचित किया जाता है कि मु0अ0सं0 295/2023 धारा-147/148/149/307/302/120बी/216 भादवि व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त सिराज अहमद उर्फ पप्पू पुत्र मंसूर अमहमद नि0 लोलेपुर एवं मो0 इस्माइल उर्फ प्रिन्स पुत्र स्व0 इकबाल अहमद नि0 घरहाखुर्द, थाना-कोतवाली नगर, सुलतानपुर के विरुद्ध 82 सीआरपीसी का तामिला दिनांक 11.08.2023 को किया गया है। जिन पर एक-एक लाख रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।


# दो नफर अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**



चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति वांछित की तलाश एवं वस्तु वाहन कीचेकिंग के दौरान दो नफर अभियुक्तों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों अभियुक्त बाइक से चोरी की बाइक का पहिया निकाल कर उसकी बिक्री करने जा रहे थे। विधिक कार्यवाई करते हुए पुलिस अपने हाथ उन तक ले जाने में जुट गई है।जो ऐसे कार्यों में संलिप्त हैं। क्षेत्र में कुछ चोरी की घटना घटित होने से स्थानीय पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय है।इसी क्रम में उ.नि.महेन्द्र सरोज अपने हमराहियों के साथ चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग वस्तु वाहन एवं वांछित की तलाश के दौरान फुन्दन पुर मोड पर सिक्स लेन की ओर जाने वाली सड़क पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सहजादे पुत्र हिदायत निवासी विशम्भर पट्टी, थाना बाजार शुक्ल जो जनपद के जायस थानान्तर्गत मोहल्ला गोरियाना उम्र करीब 42वर्ष तथा दूसरा अरशद पुत्र अकरम थाना बाजार शुकुल का मूल निवासी है। जिन्होंने जगदीशपुर में मस्जिद के सामने रोड से काले रंग की यूपी44वी1807 पैशन प्रो बाइक की चोरी की थी।दौरान ए चेकिंग बाइक के कागजात न दिखा सकने पर मोटर साइकिल के पहिए के विषय में पूछने पर सशंकित हो गये।

गहन पूछताछ पर चोरी की गई बाइक को जगदीश पुर में मस्जिद के पास कुएँ में होने की बात अभियुक्तों द्वारा बतायी गई। हे.का.दयाशंकर यादव तथा कां विजय यादव दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में कामयाब रहे। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार चौहान ने बताया कि पुलिस अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाई करते हुए ऐसी वारदातों के तह तक जाने में जुट गई है।

# सद्भावना दिवस के अवसर पर डीएम ने दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

प्रत्येक वर्ष की भांति दिनांक 20 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है।इस वर्ष 19और 20 अगस्त को शनिवार और रविवार को कार्यालयों में अवकाश होने के कारण शासन द्वारा सद्भावना दिवस का आयोजन 18 अगस्त को किए जाने के निर्देश दिए गए।जिसके क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने उपस्थित अधिकारियों,कर्मचारियों को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सद्भावना दिवस मनाने का उद्देश्य सभी धर्म,भाषा और क्षेत्र के लोगों के मध्य राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देना है। इस दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# मातृभूमि सेवा मिशन इकाई द्वारा नेताजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर दी गयी विनम्र श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



आजाद हिन्द फौज के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं अग्रणी नायक, महान व्यक्तित्व के शिखर पुरुष, देश की आजादी के लिए लगभग संपूर्ण यूरोप में देशभक्ति की अलख जगाने वाले, मां भारती के वीर सपूत सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि है। राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी नेताजी एक ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिनके आदर्शों को जो मान लेगा उसका जीवन सफल हो जाएगा वह जो चाहते थे वह करते थे। भारत के इतिहास में नेताजी के समान कोई व्यक्तित्व दूसरा नहीं हुआ जो एक महान सेनापति वीर सैनिक, राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नेताओं के समकक्ष बैठकर कूटनीति तथा चर्चा करने वाला हो उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने कहीं। वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि बात ठीक 78 साल पहले 18 अगस्त 1945 की है जापान दूसरा विश्वयुद्ध हार चुका था। अंग्रेज नेताजी के पीछे पड़े हुए थे इसे देखते हुए उन्होंने रूस से मदद मांगने का मन बनाया 18 अगस्त 1945 को उन्होंने मंचूरियन की तरफ उड़ान भरी। इसके बाद किसी को फिर वो दिखाई नहीं दिए नेताजी के निधन के बाद भी देश के कई इलाकों में उनको देखे जाने के दावे किए जाते रहे फैजाबाद में गुमनामी बाबा से लेकर छत्तीसगढ़ में उनको देखने की खबर आई। मामला सरकार के पास गया लेकिन सरकार ने मामले में हस्तक्षेप करने से मना कर दिया। सोनालिका स्टेट हेड अंकित यादव ने कहा कि जिसके अंदर सनक नहीं होती वह कभी महान व्यक्ति नहीं बन सकता। योग प्रशिक्षक बृजमोहन ने कहा कि आज से 78 वर्ष से पहले नेताजी ने कहा था कि पृथ्वी पर ऐसी कोई शक्ति नहीं है जो भारत को बंधन में रख सके भारत आजाद होगा और वह भी जल्द ही। कार्यक्रम में उपस्थित रमानाथ सिंह, बृजेश कुमार सिंह, सूरज, खन्ना बाबू मिश्रा, पायल यादव, संतोष त्रिपाठी, विजय सिंह बघेल, पिंकू सिंह आदि लोग मौजूद रहें।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मरीजों और तीमारदारों के लिए वरदान बनी सामाजिक सेवा संघ की रसोई



**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की नि:शुल्क रसोई भूखे जरूरत मंदों के लिए वरदान साबित हो रही है।साप्ताहिक कार्यक्रम में बीती शाम पौने चार सौ थाल स्वादिष्ट भोजन जरूरत मंदों में बांटकर समाज सेवा को नया आयाम दिया गया। गौरतलब है कि बृहस्पतिवार को स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय में मरीजों और उनके देख रेख करने वाले तीमारदारों को मुफ़्त खाना खिलाने का सिलसिला लगातार जारी है।राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान की और उनकी टीम के मेहनत का नतीजा है जो इस उमस भरी गर्मी में सभी सहयोगियों की मदद से रसोई में स्वादिष्ट गुणवत्तायुक्त भोजन बना कर सैकड़ों लोगों हर गुरुवार को मुफ़्त भोजन खिलाते है। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि बीती देर शाम जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के 375 मरीजों तीमारदारों और जरूरतमन्दों को दाल ,आलू सोयाबीन की सब्जी चावल रोटी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव, माता प्रसाद जायसवाल, डॉ शादाब,सुहेल सिद्दीकी, मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राशिद वर्दी टेलर्स, राशिद खान, लईक अहमद, इस्लाम पप्पू, चुन्ने, बैजनाथ प्रजापति, संतोष पाण्डेय, खान मेराज सुल्तानपुरी आदि का नि:शुल्क भोजन वितरण कार्य मे महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जुलूस-ए-बीसवॉ में उमड़ी भीड़



**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** अंजुमने पंजतनी तुराबखानी की तरफ से बड़ा इमामबाड़ा जैनबिया तुराबखानी में मजलिस का आयोजन किया गया है। मजलिस को मौलाना सैयद सलमान आबदी बंगलौर ने खेताब किया उन्होंने कहाकि दस मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत के बाद उनके घरवालों को यजीद ने एक साल तक सीरिया की कैद में रखा। एक साल के बाद जब यजीद अपने मकसद में कामयाब न हो सका तो इन कैदियों को रेहा किया और चैथे इमाम इमाम जैनुल आबदीन की हथकड़ी बेड़ी काट दी गयी। फिर यजीद के महेल में हुसैन की बहेन जैनब ने तीन दिन तक हुसैन का गम मनाया वहीं से अजादारी की शुरूआत हुई। इसके बाद जुलूस निकाला गया जुलूस में अलम ताबूत व जुलजनाह शामिल रहा और बीमारे करबला के बिस्तर के शबीह की जियारत करायी गयी। जुलूस में मुकामी अंजुमनो के अलावा अंजुमन गुन्चये मजलूमिया फैजाबाद, अंजुमन हुसैनिया इलाहाबाद ने नौहा मातम किया। मौलाना नदीम असगर बनारस व मौलाना डाक्टर अब्बास रजा नैयर जलालपुरी ने तकरीर की संचालन किया जुलूस के अंत में काफिलाए बनी असद के जरिये करबला के शहीदों के दफ्न का मंजर पेश किया गया।

### एचआईवी एड्स की रोकथाम को लेकर हुई बैठक



**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** एचआईवी/एड्स की रोकथाम को लेकर जिला चिकित्सालय में एआरटी सेंटर प्रभारी डॉ.अफ्सार एवं प्रताप सेवा समिति के सचिव विजय विद्रोही व स्टाफ के साथ बैठक का सीएमएस कार्यालय में आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्साधिक्षक डॉ.एसके गोयल ने कहाकि एड्स रोगियों की नियमित जांच व दवाएं उन्हें समय से उपलब्ध कराएं। एड्स रोग के रोकथाम के लिए समाजिक संस्था व एआरटी सेंटर तालमेल के साथ जांच और काऊंसिंलग करें। एचआईवी एड्स बीमारी को लेकर जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित करें। उक्त अवसर पर प्रभारी ब्लडबैंक डॉ.आरके मिश्रा ने भी संबोधित किया। बैठक में एआरटी सेंटर के कर्मी व प्रताप सेवा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### अध्यक्ष जिला पंचायत ने किया अस्थाई गोशाला का शुभारंभ



**जन एक्सप्रेस/बल्दीराय/सुलतानपुर।** विकास खंड बल्दीराय की ग्राम पंचायत कुवांसी बड़ाडाड में 30 लाख की लागत से निर्मित अस्थाई गोशाला का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, विशिष्ट अतिथि एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह,विधायक सुरेश पासी, ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह व बीडीओ सत्य नारायण सिंह ने हवन पूजन व फीता काटकर गोशाला का शुभारंभ किया। दस एकड़ में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनी गोशाला का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान अमरीका देवी के कार्य की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर भाजपा नेता हिंदेश सिंह, प्रधान बलराम यादव, बजरंग सिंह,जिला पंचायत सदस्य नरेश चंद्र उपाध्याय दीपू,जिला पंचायत सदस्य हंसराज,जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव,प्रधान प्रतिनिधि शुभम सिंह,श्यामधर सिंह, तिलक राज सिंह, श्याम प्रीत, लेखाकर सत्य नारायण गौतम, महेंद्र सिंह, राय भानुप्रताप सिंह पशु चिकित्सा अधिकारी जुबेर अहमद आदि लोग मौजूद रहे।


**कार्यालय – जिला ग्रामोद्योग अधिकारी उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड सैंठा रोड, निकट रेलवे क्रॉसिंग, गौरीगंज, अमेठी**

E-mail ID-amethi.upkvib@gmail.com Mob. No. 7408410787
संख्या: 277-81 जि0ग्रा0का0/अमेठी/भवन-प्रे0वि0/2023-24
दिनांक 11 अगस्त, 2023

**आवश्यकता है**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला ग्रामोद्योग कार्यालय अमेठी को गौरीगंज में किराये पर कार्यालय हेतु भवन की आवश्यकता है, जिसके लिए 01 अधिकारी कक्ष के साथ 02 बड़े हॉल अथवा 01 स्टोररूम एवं 02 कर्मचारी कक्ष, 02 लैट्रिन बाथरूम एवं पानी की सम्पूर्ण व्यवस्था होनी चाहिए। इच्छुक भवन स्वामी अपना आवेदन पत्र अपने भवन के स्वामित्व के साथ अन्य सम्बन्धित कागजात के साथ ए4 साइज पेपर पर आवेदन करते हुए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड निकट रेलवे क्रॉसिंग गौरीगंज में स्वयं अथवा पंजीकृत डाक से जमा कर सकते हैं।

(महेन्द्र कुमार मिश्र)
जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
जनपद अमेठी।

# कैग रिपोर्ट में खुलासा: खनन में 5 साल में 1 हजार करोड़ का नुकसान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



तमाम कोशिशों के बाद भी यूपी में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी वजह से 2017-18 में जो 1,336 करोड़ राजस्व वसूली थी, वह 2021-22 में घटकर 193 करोड़ हो गई है। यानी सरकार को पिछले 5 सालों में 1,143 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। यही नहीं, खनन विभाग को अवैध खनन के 2,412 केस पकड़े जाने पर 117.88 करोड़ रुपए की वसूली करनी थी। मगर, सिर्फ 89 केस में 4.54 करोड़ रुपए ही वसूला गया। यानी पकड़ जाने पर वालों से 30 गुनी वसूली भी कम हुई है। ये चौंकाने वाले खुलासे भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में हुए हैं। रिपोर्ट में साफ तौर पर लिखा है कि इस संबंध में विभाग से पूछा गया था। मगर, एक साल में भी खनन निदेशालय ने इसका संतोषजनक जवाब नहीं दिया। हैरत की बात ये है कि जो पट्टाधारक सरकार को रायल्टी नहीं दे रहे हैं। उनसे विभाग ब्याज की वसूली भी नहीं कर पा रहा है।

### खनन नीति-2017 तो बन गई, पर काम नहीं हो रहा

प्रदेश में खनन माफिया की पैठ सरकार और विभाग में इतनी अंदर तक है कि योगी आदित्यनाथ के सत्ता में आने के बाद खनन नीति-2017 बना तो दी गई। मगर, वह 6 साल बाद भी ठीक तरीके से लागू नहीं हो पाई। डीआरएस मैपिंग की बात भी की गई थी। मगर, कुछ दिन पहले ही गोंडा के तरबगंज में बहुत बड़ी मात्रा में बालू का अवैध भंडार जिला प्रशासन को मिला है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गोंडा में अवैध खनन की शिकायत पर बाकायदा जांच भी बैठा दी है। मगर, राज्य सरकार के अफसरों को कुछ भी दिखाई नहीं देता। नई खनन नीति में डीआरएस बनाने की बात की गई थी, जिसमें लाइसेंस और लीज़ पर खनन कर रहे पट्टाधारकों से इस ट्रस्ट में पैसा लिया जाएगा, जिसका उपयोग उसी जिले में खनन के दौरान होने वाली किसी घटना, दुर्घटना में किया जाएगा। मगर हकीकत कागजों से इतर है। मुख्यमंत्री की बैठक में अफसरों ने प्रेजेंटेशन में ये बात कही थी कि खनन विभाग से प्रदेश के राजस्व में हिस्सेदारी 1.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत हो जाएगी मगर हालात सबके सामने है।

### अवैध खनन का सिंडिकेट हावी

अवैध खनन का एक पूरा सिंडिकेट प्रदेश में काम कर रहा है, जिसमें परिवहन और खनन दोनों ही विभाग के अफसर और कर्मचारी शामिल हैं। मगर, उसके खिलाफ सरकार कुछ भी नहीं कर पा रही है। अवैध खनन करने के बाद बिना कानूनी परमिट के ट्रकों से उपखनिजों की ढुलाई की जा रही है। पकड़े जाने पर ले देकर मामला रफा-दफा हो जाता है।

### डीआरएस के लिए मोटी रिश्वत लेने का आरोप

ऐसे जिलों जहां खनन होता है। वहां जमीन के मालिकों ने आरोप लगाए हैं कि जिला खनन अधिकारी (डीआरएस) में उनकी जमीनों को शामिल कराने के लिए मोटी रकम की मांग करते हैं। जबकि वो सारे मानकों को पूरा करते हैं। पर्यावरण विभाग की एनओसी से लेकर जिला अधिकारी तक के अप्रूवल के बाद भी उनकी जमीन डीआरएस में शामिल नहीं होती।

# मुख्य सचिव ने दिए सख्त निर्देश, चल अचल संपत्ति का ब्योरा न दिया तो नहीं मिलेगा प्रमोशन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



प्रदेश में संपत्ति का ब्यौरा न देने वाले कार्मिकों की पदोन्नति पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्हें 31 दिसंबर तक हर हाल में मानव संपदा पोर्टल पर अपनी चल-अचल संपत्ति घोषित करनी होगी। इस संबंध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से कार्मिक विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश में 1 अक्तूबर 2023 से सरकारी कार्मिकों के सेवा संबंधी कार्य मानव संपदा पोर्टल से ही किए जाने के निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अब राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी अधिकारी और कर्मचारी उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के नियम-24 के तहत मानव संपदा पोर्टल पर 31 दिसंबर 2023 तक अपनी चल एवं अचल संपत्ति का ब्यौरा अनिवार्य रूप से देंगे। इस तिथि तक चल-अचल संपत्ति का विवरण न देना उस कार्मिक के लिए प्रतिकूल रूप में लिया जाएगा। एक जनवरी 2024 और उसके बाद होने वाली विभागीय चयन समितियों (डीपीसी) की बैठकों में इस बात का खास तौर पर संज्ञान लिया जाएगा। ऐसे कार्मिक जब तक अपनी चल एवं अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर प्रस्तुत नहीं करेंगे, उनकी पदोन्नति के प्रकरणों पर विचार ही नहीं होगा।



## आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन पर कार्रवाई करे केंद्र सरकार, गलत है नए संविधान की बात करना: मायावती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है। इसका केन्द्र सरकार को तुरन्त संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि देश का संविधान इसकी 140 करोड़ गरीब, पिछड़ी व उपेक्षित जनता के लिए मानवतावादी एवं समतामूलक होने की गारण्टी है। यह स्वार्थी, संकीर्ण, जातिवादी तत्वों को पसंद नहीं है। वे इसको जनविरोधी व धन्नासेठ-समर्थक के रूप में बदलने की बात करते हैं, जिसका विरोध करना सबकी जिम्मेदारी है।

# कांग्रेस की 'यूपी प्रयोगशाला' में अब अजय राय की बारी

**कुछ समय पहले पार्टी ने दलित नेता बृजलाल खाबरी पर लगाया था दांव**

- कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बंजर हो चुकी अपनी जमीन को उर्वर बनाने के लिए प्रयोग कर रही है
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय राय को सौंपी कमान
- पूर्वांचल के भूमिहार समाज में अजय राय दमदार चेहरा, ब्राह्मणों में है अच्छी पकड़

जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा



लखनऊ। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बंजर हो चुकी अपनी जमीन को उर्वर बनाने के लिए प्रयोग कर रही है। इसलिए पार्टी आलाकमान ने यूपी में दलित नेता बृजलाल खाबरी को हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दो बार चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के दिग्गज नेता अजय राय को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंपी है। पूर्वांचल के भूमिहार समाज में अजय राय दमदार चेहरा हैं। ब्राह्मणों में भी उनकी अच्छी पकड़ है। अजय राय को यूपी कांग्रेस का अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस ने सवर्ण कार्ड भी खेला है।

### भाजपा से कांग्रेस तक का सफर

अजय राय लगातार पांच बार विधायक रह चुके हैं। साल 1996 में बीजेपी ज्वाइन करने के बाद से वो 2007 तक विधायक रहे। इसके बाद बीजेपी आलाकमान से मतभेद के चलते उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था। साल 2009 में उन्होंने मुरली मनोहर जोशी के खिलाफ सांसद का चुनाव लड़ा और हार गए थे। इसके बाद निर्दलीय ही पिंडरा से उपचुनाव जीतकर विधायक बने। बाद में उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन कर ली।

### खाबरी के पास एक साल भी नहीं रही कुर्सी

कांग्रेस के नेताओं की मानें तो पार्टी नेतृत्व बहुत हड़बड़ाहट और असमंजस में है। प्रदेश अध्यक्ष जैसा पद महत्वपूर्ण और निर्णायक होता है। दलित नेता बृजलाल खाबरी को 1 अक्टूबर 2022 को यूपी कांग्रेस का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। यानी कुल मिलाकर वह एक साल भी पद पर नहीं रहे। अब यह जिम्मेदारी अजय राय को सौंप दी गई है। इतनी जल्दी-जल्दी अध्यक्षों का बदलना पार्टी की साख और निर्णय लेने की क्षमता पर बट्टा लगाता है। किसी भी नेता को अपनी सांगठनिक क्षमता और योग्यता दिखाने का पर्याप्त मौका दिया जाना चाहिए।

### क्या मोदी विरोधी छवि का माइलेज लेना चाहती है कांग्रेस

जिस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकप्रियता देश-विदेश में बढ़ रही है, अन्य पार्टी तो दूर खुद भाजपा के दिग्गज भी मोदी से सामने से टक्कर लेने से बच रहे हैं, ऐसे में अजय राय ने दो बार लोकसभा चुनाव में मोदी से मुकाबला किया। कांग्रेस अजय राय की इसी छवि को भुनाने की फिराक में है। इसीलिए उसने प्रदेश अध्यक्ष की कमान अजय राय को सौंपी है, जो लंबे समय से नरेंद्र मोदी को खुली चुनौती देते आए हैं।

# उद्यमी, शैक्षिक संस्था, अस्पताल प्रबंधन पर जांच के बाद होगा मुकदमा, डीजीपी मुख्यालय ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



डीजीपी मुख्यालय ने उद्यमियों, व्यापारी, शैक्षिक संस्थाओं, चिकित्सालय, भवन निर्माताओं, होटल एवं रेस्टोरेंट मालिकों तथा प्रबंधन स्तर के कर्मचारियों का उत्पीड़न रोकने के लिए अहम दिशा-निर्देश जारी किए है। इन निर्देशों में कहा गया है कि ऐसे प्रकरण जो सिविल प्रवृत्ति के हैं, व्यवसायिक विवाद, आकस्मिक दुर्घटनाओं से संबंधित हैं, उनमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के मुताबिक मुकदमा (एफआईआर) दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जाएगी। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार ने बताया कि शासन द्वारा प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो, इसके लिए सभी महत्वपूर्ण संस्थानों, प्रतिष्ठानों जैसे चिकित्सा, शिक्षा, विनिर्माण आदि में आकस्मिक दुर्घटना होने पर एफआईआर दर्ज करने से पहले यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रार्थना पत्र में नामित व्यक्ति का घटना से प्रत्यक्ष संबंध है कि नहीं। साथ ही, आरोपी को व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता, विवाद, स्वेच्छाचारिता के कारण तो नामित नहीं किया गया है। वहीं उसे कहीं अनावश्यक दबाव या अनुचित लाभ के उद्देश्य से तो नामित नहीं किया गया है। डीजीपी मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों को जारी करने का एकमात्र उद्देश्य यह है कि सिविल प्रकृति के विवादों को आपराधिक रंग देते हुए एफआईआर दर्ज करने की प्रवृत्ति को कम किया जा सके। साथ ही, न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर एफआईआर दर्ज कराने वाले अभ्यस्त शिकायतकर्ताओं पर नियंत्रण पाया जा सके। इससे निवेशकों के लिए प्रतिकूल वातावरण होने से बचा जा सकेगा तथा अधिक निवेश राज्य को प्राप्त हो सकेगा। वहीं यह भी स्पष्ट किया गया है कि इन निर्देशों का उद्देश्य यह कदापि नहीं है कि संज्ञेय अपराध होने के प्रत्येक प्रकरण में जांच कराई जाएगी। ऐसे प्रकरण, जिनमें शिकायती प्रार्थना पत्र से संज्ञेय अपराध का होना स्पष्ट है, उनमें सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## नेपाल के सीमावर्ती इलाके से लेकर वाराणसी तक फैला है मदरसों में फर्जीवाड़े का नेटवर्क

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मदरसों में नियुक्ति के नाम पर लाखों की वसूली करने वाले जालसाजों का गिरोह भारत-नेपाल के सीमावर्ती तराई बेल्ट से लेकर भोजपुरी इलाके तक फैला है। इस गिरोह के सदस्य गोंडा, बलरमापुर, श्रावस्ती, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, मऊ, आजमगढ़, गाजीपुर व वाराणसी मंडल में सक्रिय हैं। गिरोह को मदरसे के शिक्षक, प्रबंधक, प्रबंध समिति के सदस्य और अल्पसंख्यक विभाग के बाबू मिलकर चला रहे हैं। प्रदेश सरकार अनुदानित मदरसों में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद जांच करा ऐसे गिरोहों को बेनकाब करने जुटी है। सबसे अधिक भ्रष्टाचार भारत-नेपाल के सीमावर्ती इलाके व तराई बेल्ट में है।

## नवजात को बचाने वाले चारों बच्चों को राज्यपाल से मिला पढ़-लिखकर आगे बढ़ने का आशीष

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

वो आंटी जो बड़े से मकान में रहती हैं, उन्होंने हमें ये बैग दिया, इसमें किताब है, रंग है। चॉकलेट भी दी है उन्होंने। कह रही थीं कि स्कूल जाओगे तो हमने कहा-हां हम जाएंगे। राजभवन में बच्चों को सम्मानित करने, तोहफे देने और उनके अभिभावकों से मिलने के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बच्चों को उनकी उम्र के अनुसार, आंगनबाड़ी तथा स्कूली शिक्षा से जोड़ने का निर्देश दिया। इसी का संज्ञान लेकर राज्यपाल ने बच्चों से मिलने की इच्छा जताई थी।

# देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है, हमें इसकी कदर करनी चाहिए: उदय खत्री

- क्रांतिवीरों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महान क्रांतिवीरों खुदीराम बोस, प्रफुल्ल कुमार चाकी एवं मदन लाल ढींगरा की पावन स्मृति में क्रांतिवीर रामकृष्ण खत्री के कैसरबाग स्थित आवास पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जन और विद्यालयों के शिक्षक - छात्र भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर छात्रों ने इन क्रांतिवीरो की जीवनी पर प्रकाश डाला।इस मौके पर छात्रों को उदय खत्री,अब्दुल वहीद ने पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के आयोजक उदय खत्री ने सभी का स्वागत किया और कहा कि देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है। हमें इस आजादी की कदर करनी चाहिए, यही शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उदय खत्री,अब्दुल वहीद, कुसुम द्विवेदी, वीरेंद्र त्रिपाठी, अमित कुमार, शिवम कुमार, मो अयान, ललित कुमार, आलोक सिन्हा, अमन शर्मा, अवधेश सोनकर मौजूद थे।



# ईसाई मिशनरियों द्वारा आयोजित धर्मांतरण सभा का विरोध युवक को पड़ा भारी! जानलेवा हमले में महिला समेत तीन घायल

- योजना बनाकर किया गया हमला, हमलावरों द्वारा दी गई जान से मारने की धमकी

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय





लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि राह चलते मुसाफिरों पर हमले किए जा रहे हैं। अज्ञात लोगों द्वारा किए गए हमले में दो युवक और एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसकी सूचना पर स्थानीय थाने में विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पीड़ित द्वारा थाने में दी गई तहरीर के अनुसार मन्मथ उपाध्याय निवासी सपोर्ट गंज, तेलीबाग अपने घर से प्रातः लगभग 9-25 बजे अपने कार्यालय की ओर जा रहा था। गली में एक डाला खड़ा होने के कारण मन्मथ उपाध्याय डाला हटवाने के लिए डाले के नजदीक पहुंचा लेकिन वहां आसपास डाले को हटाने वाला कोई नहीं दिखा। अगल-बगल पूछने पर भी किसी ने जवाब नहीं दिया। पीड़ित ने बताया कि जैसे ही वह घर जाने के लिए वापस हुआ कि अचानक पीछे से किसी ने सर पर हमला किया। इसी दौरान पीड़ित का बड़ा भाई मनोज उपाध्याय भी ऑफिस जाने के लिए निकला था, अपने भाई पर हमला हुआ देख मनोज बीच बचाव के लिए आया। तभी वहां पर मौजूद लगभग 10-12 लोगों द्वारा लाठी-डंडे, लोहे की रॉड व धारदार हथियार के साथ पीड़ित व उसके भाई पर हमला बोल दिया गया। शोर शराबा सुनकर पीड़ित की पत्नी बीच बचाव करने पहुंच गई, तभी हमलावरों द्वारा महिला पर भी हमला कर दिया गया, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित का सर फटने सहित मनोज की नाक, सर और मुंह पर गंभीर चोट आई है जिसके कारण टांके भी लगाए गए हैं। वहीं महिला के हाथों में गंभीर चोट आई है।

> धर्मांतरण से संबंधित कोई मसला नहीं था और ना ही किसी का धर्मांतरण किया गया है। मेडिकल परीक्षण के अनुसार विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश जारी है।
> – थानाध्यक्ष, आशियाना

> ऐसा लगता है कि मेरे ऊपर हमला करने की पूरी तैयारी पहले ही कर ली गई थी, क्योंकि अभी कुछ दिन पहले ही मैंने ईसाई मिशनरी द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का विरोध किया था। हमले के दिन जब मैं अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रहा था तब स्कूटी से गया था और डाला रास्ते में खड़ा था, ऑफिस जाते समय भी डाला वहीं खड़ा था, जबकि उसके पास कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। आवाज देने पर एक व्यक्ति आकर गाली-गलौज करने लगा जबकि दूसरा व्यक्ति पल्सर बाइक से आया और मुझे धक्का देकर गाली देने लगा। तभी पीछे से किसी ने सर पर हमला कर दिया।
> – मन्मथ उपाध्याय

### हमलावर ने दी जान से मारने की धमकी

पीड़ित ने तहरीर में यह भी बताया कि हमले के दौरान एक हमलावर दो पहिया वाहन बजाज पल्सर जिसका नंबर यूपी 32 ई टी 4449 से था, जिसका नाम अजय कुमार था, जिसने पीड़ित व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है।

### चंद दिनों पहले मन्मथ उपाध्याय ने धर्मांतरण का किया था विरोध

पीड़ित ने बताया कि चंद दिनों पहले मोहल्ले में ईसाई मिशनरियों द्वारा धर्म परिवर्तन कराने हेतु सभा का आयोजन किया गया था, जिसका मन्मथ ने विरोध करते हुए स्थानीय थाने में सूचना भी दी थी। इसलिए ऐसा कयास लगाया जा रहा है कि मुख्य शिकायतकर्ता होने के नाते मन्मथ उपाध्याय से नाराज ईसाई मिशनरी में शामिल हुए लोगों द्वारा मन्मथ और उसके परिवार पर पूरी तैयारी के साथ प्राणघाती हमला किया गया था।

### आशियाना थाने में विभिन्न धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा, मुख्य आरोपी गिरफतार

फिलहाल घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची आशियाना पुलिस घायलों का मेडिकल करा कर उपचार के लिए भेज दिया। त्वरित कार्यवाही करते हुए वृहस्पतिवार को रात लगभग 10 बजे मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से बाहर हैं।

## वोट देने का अधिकार छीन सकती है भाजपा सरकार, भाजपा लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा: अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार से लोकतंत्र को खतरा है। संविधान को खतरा है। भाजपा की सरकार जिस तरह से काम कर रही है, उससे आने वाले दिनों में वोट देने का अधिकार भी छीन सकती है। जिस तरह सरकार चुनाव आयोग को अपने नियंत्रण में लेकर उस पर हस्तक्षेप करके पहले की व्यवस्था बदल कर पूरा कंट्रोल कर रही है, उससे यह बात साफतौर पर जाहिर होती है। भाजपा लोकतंत्र के लिए बड़ा खतरा बन गई है। सपा अध्यक्ष शुक्रवार को खजूरगांव स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। एम्स लालगंज में बनना तय था। उसे रायबरेली ले जाया गया। जब समाजवादियों ने भारत सरकार को जमीन दी तो रायबरेली में एम्स बना। एम्स, रेल कोच कारखाना सहित तमाम प्रोजेक्ट समाजवादियों की देन है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# अजय राय यूपी में कैसे देंगे कांग्रेस के सपनों को उड़ान

**लोकसभा टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और 2009 के लोकसभा चुनाव में असफल रहे। इसके बाद, उन्होंने 2009 में कोलासला निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय के रूप में विधान सभा उपचुनाव जीता। 2012 में अजय कांग्रेस में शामिल हो गये थे। परिसीमन के बाद कोलासला निर्वाचन क्षेत्र का अस्तित्व समाप्त होने के बाद, उन्होंने 2012 के विधानसभा चुनाव में नव निर्मित पिंडरा निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की, जिसमें पूर्व कोलअसला निर्वाचन क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा शामिल है।**

*उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की बागडोर एक बार फिर बदल दी गई। अबकी से पूर्वांचल के दबंग नेता और वाराणसी में बीजेपी के खिलाफ मुरली मनोहर जोशी से लेकर मोदी तक के खिलाफ लोकसभा चुनाव में ताल ठोंक चुके अजय राय कभी भारतीय जनता पार्टी के नेता हुआ करते थे। अजय राय ने अपनी राजनीति की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की छात्र इकाई से की थी और पार्टी ने उन्हें विधायक तक की कुर्सी पर पहुंचाया था। 2012 में दिग्विजय सिंह यूपी के प्रभारी और कांग्रेस महासचिव थे। उन्होंने अजय राय की कांग्रेस में एंट्री कराने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अजय 2012 के विधानसभा उपचुनाव में वाराणसी की पिंडरा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़े और पांचवीं बार विधायक बने। अजय राय एक दबंग नेता हैं। माफिया मुख्तार अंसारी को सजा दिलाने में अजय राय का बड़ा हाथ रहा है। अवधेश राय हत्याकांड में अजय पैरोकार थे। इसी हत्याकांड में मुख्तार को पहली बार सजा हुई है। मुख्तार उम्रकैद की सजा काट रहा है। बता दें कि, पंजाब में जब कांग्रेस की सरकार थी तब मुख्तार अंसारी को जेल में वीवीआईपी ट्रीटमेंट की खबर ने भी खूब सुर्खियां बटोरी थीं। तब भी अजय राय ने इस पर सवाल खड़े किए थे। अजय राय, प्रियंका गांधी वाड्रा के काफी करीबी नेता हैं। अब अजय राय के सहारे कांग्रेस यूपी में अपनी खोई जमीन पाने में जुटेगी। कांग्रेस ने बृजलाल खाबरी को हटा कर अजय राय को नया यूपी अध्यक्ष बनाया है। पिछले काफी दिनों से इस बात की चर्चाएं थीं कि कांग्रेस बृजलाल खाबरी को हटा सकती है। कांग्रेस ने पिछले साल अक्टूबर में बृजलाल खाबरी को यूपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाने के साथ यह भी तय किया है कि यूपी में अब प्रियंका वाड्रा की ही चलेगी। वही यहां के सभी राजनैतिक निर्णय लेंगी। ऐसा इसलिए भी कहा जा सकता है क्योंकि अजय राय 2017 और 2022 में विधानसभा चुनाव जीतने में नाकाम रहे, लेकिन, वह सालों से कांग्रेस में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व के उन पर भरोसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा राज्य इकाई के फेरबदल में, उन्हें प्रयागराज क्षेत्र के लिए पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया था। इसमें पूर्वी यूपी के करीब 12 जिलों की जिम्मेदारी उन्हे सौंपी गई थी। प्रियंका गांधी इस समय उत्तर प्रदेश में पार्टी मामलों की महासचिव हैं और यूपी की सियासत तय करने में कांग्रेस में उनकी राय सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। माना जा रहा है कि अजय राय को इस महत्त्वपूर्ण भूमिका में लाने के लिए सबसे ज्यादा प्रियंका गांधी ने ही जोर लगाया था। अजय राय ने बनारस संसदीय क्षेत्र से दो बार चुनाव लड़ा। 2009 में समाजवादी पार्टी के सिंबल पर लोकसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन मुरली मनोहर जोशी से चुनाव हार गए। फिर अजय राय ने कांग्रेस का दामन थामा और 2014 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा। बहरहाल, वाराणसी क्षेत्र के ताकतवर नेता राय ने कई बार अपनी पार्टी संबद्धता बदली है। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की छात्र शाखा के सदस्य के रूप में की। उन्होंने 1996 से 2007 के बीच बीजेपी के टिकट पर लगातार तीन बार कोलासला निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा चुनाव जीता। लोकसभा टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और 2009 के लोकसभा चुनाव में असफल रहे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**बिंदेश्वर पाठक की संस्था सुलभ ने पूरे देश में कार्यालयों, रेलवे स्टेशनों, जे.जे. क्लस्टरों, सरकारी कार्यालयों आदि में सस्ती, बल्कि नगण्य कीमत पर सुविधा प्रदान करते हुए लाखों शौचालय स्थापित किए। उनके आंदोलन ने काम किया जिससे हजारों महिलाओं को रोजगार मिला। उनके नेतृत्व में सुलभ इंटरनेशनल ने सौर ऊर्जा, पर्यावरण उन्नयन, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों और सामाजिक सुधार की विभिन्न परियोजनाओं के क्षेत्र में काम किया। प्रसिद्ध कवि सुरेश नीरव बिंदेश्वर पाठक के साथ थे स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या के मौके पर। नीरव जी ही पाठक जी के सुलभ ग्राम में हुए कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे थे।**

# बिंदेश्वर पाठक ने स्वच्छता अभियान को ज़मीनी स्तर पर कार्यान्वित किया



आर.के. सिन्हा

**बिहार के जाति से ग्रस्त समाज में ब्राहमण परिवार से संबंध रखने वाले डॉ. पाठक वाल्मिकी समाज के नायक बन कर उभरे। वे बताते थे कि जब 1970 में अपनी संस्था सुलभ की स्थापना की तो उनके पास मात्र 400 रुपये थे। पर उनका लक्ष्य साफ था। वे मैला ढोने वालों की जिंदगी को बदलना चाहते थे। उन्होंने यह करके भी दिखा दिया।**

बिंदेश्वर पाठक जैसी युगांतकारी शख्सियत सदियों में जन्म लेती हैं। स्वाधीनता दिवस के दिन झंडारोहण के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी और फिर वे कुछ देर के बाद संसार से विदा हो गए। स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर उन्होंने अपने सुलभ ग्राम में एक कवि सम्मेलन करवाया था। वहां पर तमाम कवियों से मिले और उनकी देश भक्ति से ओत-प्रोत रचनाओं को सुना भी। वे ताउम्र एक्टिव रहे। उम्र बिंदेश्वर पाठक की भले ही अस्सी की हो गई थी, पर वे पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. कलाम की ही तरह जीवन के अंतिम क्षण तक सक्रिय रहे। उन्होंने भारत को स्वच्छता का एक नया विचार दिया। वे एक किवदंती पुरुष बन गये थे। व्यक्ति जब एक संस्था का रूप ले ले, तो आप जितना भी उन से सीखेंगे कम ही होगा। अपने गृह जनपद वैशाली, बिहार और भारत का मान बढ़ाने वाले बिंदेश्वर पाठक का निधन सामाजिक क्षेत्र में एक बहुत बड़े रिक्तांक को उत्पन करता है। वे मेरे प्रिय मित्र थे और उनसे अक्सर दिल्ली, पटना और अन्य जगहों में मुलाकातें होती रहती थीं। मैंने और बिन्देश्वर भाई ने सत्तर के दशक की शुरुआत में अपना -अपना काम शुरू किया था। हमारा व्यवसाय अलग ज़रूर था पर निस्वार्थ मित्रता थी जो उन्होंने आजीवन निभाई। मैं जब भी उनसे मिला अपने क्षेत्र के पुराने मित्र होने के नाते बहुत ही उत्सुकता से मिलते थे और पूछते थे कि गांव, क्षेत्र पटना में सब ठीक ठाक है न ? भारत में मैला ढोने की प्रथा के खिलाफ अभियान चलाने वाले, सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक एक असाधारण इंसान थे। ब्राह्मण कुल में पैदा होकर वाल्मिकी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ने वाले और देश को सुलभ शौचालय जैसा अद्भुत सिस्टम देने वाले बिंदेश्वर पाठक सच्चे गांधीवादी थे। गांधी के लिए सफाई और स्वच्छता कार्य भारत के लिये एक महत्वपूर्ण काम था। भारतीय समाज से अस्पृश्यता का धब्बा हटाने की गांधी जी की इच्छा ने बिन्देश्वर जी को शौचालयों और स्वचच्छता पर काम करने के लिए और वाल्मीकी समाज के उद्धार के लिए प्रेरित किया। उन्हें समाज की यह परंपरा स्वीकार नहीं थी कि कुछ लोग



**वे कई बार कहते थे कि अगर वे अपने लक्ष्य से भटके तो फिर सुलभ का काम प्रभावित होगा। उन्हीं की पहल पर महावीर एन्क्लेव में सुलभ इंटरनेशनल शौचालय संग्रहालय स्थापित किया गया। ये स्वच्छता तथा शौचालयों के वैश्विक इतिहास को समर्पित है।**

सफाई का काम करें और वे सही काम करने तथा करते रहने के लिए ही समाज में तिरस्कृत और अभिशप्त हों। बिंदेश्वर पाठक बचपन से ही गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहने लगे थे। वे गांधी जी को अपना नायक मानते थे। बिंदेश्वर पाठक जी मैला ढोने वाले समाज से जुड़ी ऐसी भयावह कहानियों को सुनाते थे कि रोंगटे खड़े हो जाते थे। उन्होंने वाल्मिकी समाज को गले से लगाया और देश को सुलभ शौचालय जैसा शानदार आइडिया दिया। बेशक, बिंदेश्वर पाठक का जीवन बदलने में गाधी जी के छुआछूत के खिलाफ चलाए गये आंदोलन का गहरा असर रहा। उन्होंने अगर गांधी जी को नहीं पढ़ा होता तो वे शायद सुलभ जैसी संस्था को खोलने के विषय में नहीं सोचते। वे बिहार गांधी स्वच्छता समिति में भी रहे। यह समिति गांधीजी के जन्म के 100वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए बनी थी। उस दौरान उन्हें समझ आया कि सिर पर मैला ढोने की प्रथा कितनी अमानवीय है और इसे समाप्त करना कितना जरूरी है। वे मैला ढोने वालों के बीच में रहे। उनके दुख-दर्द को जाना समझा। वे उनके साथ आरा, वैशाली और चंपारण में रहे और उन्हें पढ़ाया भी। गांधी जी जब 1946 में राजधानी दिल्ली की वालिम्की कॉलोनी में रहते थे तो वे वहां पर रहने वालों के बच्चों को पढ़ाते भी थे। उन्हें इस बात की जानकारी थी। इसलिए वे भी गांधी जी की तरह मैला ढोने वालों के गुरु बन गये। बिंदेश्वर पाठक 1968 में स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद गांधी शताब्दी समारोह समिति में शामिल हुए थे, जिसने वाल्मिकी समाज को सिर पर मैला ढोने आदि से राहत दिलाने की गारंटी दी। वह इन गरीब दलितों की दुर्दशा देखकर अत्यधिक चिंतित थे। उन्होंने इस समाज को सदियों पुरानी बेड़ियों से मुक्त कराने का संकल्प लिया। ऐसे में उन्होंने 1970 में सुलभ इंटरनेशनल की स्थापना की, जो देश में सस्ती जगहों पर साफ-सुथरे शौचालय देने की गारंटी देता था। मुझे याद है कि 1970 में सीमांत गांधी के नाम से सुप्रसिद्ध ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार ख़ान पटना आये हुए थे और गंगा किनारे गांधी शांति प्रतिष्ठान में ठहरे हुए थे। मैं उन दिनों दैनिक सर्चलाइट और प्रदीप में कार्यालय संवाददाता था। मेरे संपादक जी ने मुझे ख़ान साहब के गतिविधियों पर प्रतिदिन की रिपोर्ट डालने को कहा था। ख़ान साहब खुद बाहर कम ही निकलते थे। कभी जाते भी थे तो मात्र जय प्रकाश नारायण के पास। लेकिन , जब मैं प्रतिदिन उनके पास जाने लगा तो वह भी मेरा इंतज़ार करने लगे और कौन उनसे मिलने आया था और क्या बात हुई , सब स्वयं ही बताने लगे। बिन्देश्वर जी सस्ते शौचालयों की एक प्रदर्शनी लगाना चाहते थे जिसका उद्घाटन ख़ान साहब से करवाना चाहते थे। मेरे प्रयासों से यह संभव हुआ और प्रदर्शनी लगी। यहीं से सुलभ शौचालय संस्थान की शुरुआत हुई जो आज सुलभ इंटरनेशनल के नाम से प्रसिद्ध है। कल्पना कीजिये सुलभ शौचालय के बिना ये देश आज कैसा होता? आज रोज 2 करोड़ लोग सुलभ शौचालय इस्तेमाल करते है, जिनमें शामिल है देश के हर स्टेशन, बस अड्डे, बाजार और चौराहे पर स्थित एकलौते सार्वजनिक शौचालय। मैं मानता हूं कि उनके इस काम के लिए उन्हें नोबल पुरस्कार दिया जाना चाहिए था। पर वे पुरस्कार पाने की दौड़ में कभी नहीं रहे।

### एक्सप्रेस कविता

*जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें,*
*वो सचमुच नायाब हीरा बन जाये।*
*चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये।*
*वो सच मुच राधा और मीरा हो जाये।*
*जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,*
*वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।*

*कई जन्मों से प्यासे है दरस को तेरे*
*तुझे देख समझो चारों धाम पा जाये।*
*तेरी भक्ति में लीन जो हो जाये,*
*वो राधा -कृष्ण में खो जाए।*
*जो तेरे चरणों की धूल पा जाये,*
*वो मीरा सी दीवानी हो जाये।*
*जिस पानी से चरण कमल धुल जाये,*
*वो नीर समझो अमृत हो जाये।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

***मन एक अबोध बालक की भांति है जो सीखाओगे वही सीखेगा और जहां ले जाओगे वहीं जाएगा..!***




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | तृतीया 22:19 तक |
| नक्षत्र: | उत्तराफाल्गुनी 25:47 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सिद्ध, 21:18 |
| सूर्योदय: | 05:53 |
| सूर्यास्त: | 18:55 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 09:09-10:46 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

### पाने खातिर वोट !

*बोल रहे अपशब्द अब ।*
*पाने खातिर वोट ।।*
*मिल जाए सब मौका ।*
*इसलिए ये चोट ।।*
*बोल कर अब कुछ भी ।*
*होगा रहना व्यस्त ।।*
*बुरा नहीं पर हम ।*
*करते ये आश्वस्त ।।*
*है लेकिन मजबूरी ।*
*करें इसे स्वीकार ।।*
*बढ़ गईं यदि सीटें ।*
*है बड़ा उपहार ।।*
*ज़ोर आजमाईश ।*
*ऐसे चलने वाली ।।*
*ना समझना इसको ।*
*पुलाव पर ख़याली।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डैंड्रफ से परेशान हैं, तो करें आंवला पाउडर का इस्तेमाल, दूर हो जाएगी रूसी और खुजली



**आंवला** विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसलिए आंवले को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आंवला त्वचा और बालों के लिए भी लाभकारी होता है। आंवला बालों को मुलायम और चमकदार बनाता है। आंवले का इस्तेमाल करने से बालों का झड़ना भी रुकता है। इतना ही नहीं, आंवला डैंड्रफ और रूसी की समस्या से भी छुटकारा दिलाता है। आंवले में मौजूद गुण सिर की खुजली को शांत करता है। इससे बालों की कई समस्याएं दूर होती हैं। अगर आपके सिर पर भी डैंड्रफ हो रहा है, तो आप आंवले का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आंवला पाउडर और अंडा:** डैंड्रफ होने पर आप आंवला पाउडर और अंडे का इस्तेमाल कर सकते हैं। अंडे से बालों को प्रोटीन मिलता है, जिससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं। इसके लिए आप आधा कप आंवला पाउडर लें। इसमें दो अंडे डालें और मिक्स कर लें। अब इस पेस्ट को आप अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 2 बार आंवला पाउडर और अंडा लगाने से डैंड्रफ से छुटकारा मिलेगा। बालों की ग्रोथ भी तेज होगी।

**आंवला पाउडर और नींबू का रस:** अगर सिर पर रूसी या डैंड्रफ की समस्या हो गई है, तो आप आंवला पाउडर में नींबू का रस मिलाकर लगा सकते हैं। इसके लिए आप आंवला पाउडर में नींबू का रस निचोड़ें। इसमें पानी मिलाएं और पेस्ट को बालों पर लगा लें। 10-20 मिनट बाद बालों को पानी से धो लें। नींबू में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने में मदद करते हैं। आप इस पेस्ट को सप्ताह में 2-3 बार लगा सकते हैं।

**आंवला पाउडर और नारियल तेल:** डैंड्रफ से छुटकारा पाने के लिए आप आंवला पाउडर और नारियल तेल को मिक्स करके भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप आंवला पाउडर में नारियल तेल मिक्स करें। फिर इसे पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएं। आधे से एक घंटे बाद सिर को माइल्ड शैंपू से धो लें। आप इस पेस्ट को सप्ताह में एक बार लगा सकते हैं। दरअसल, आंवला पाउडर और नारियल तेल में एंटी-बैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जिससे डैंड्रफ और खुजली से राहत मिलती है।

**आंवला पाउडर और एलोवेरा:** सिर की रूसी और खुजली से छुटकारा पाने के लिए आप आंवला पाउडर और एलोवेरा को मिक्स करके भी अपने बालों पर लगा सकते हैं। इसके लिए आप 2 चम्मच आंवला पाउडर लें। इसमें एलोवेरा मिक्स करें और फिर अपने बालों पर लगा लें। एक घंटे बाद बालों को अच्छी तरह से धो लें। एलोवेरा और आंवला पाउडर को मिक्स करके लगाने से बाल मुलायम बनते हैं। साथ ही, बालों से जुड़ी अन्य समस्याएं भी दूर होती हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# सावन का त्योहार, खुशियां अपार



रमेश सर्राफ धमोरा

**आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी। आज के समय में सावन के झूले नजर ही नहीं आते हैं। लोग इसका कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई मानते हैं।**

**अब सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। वर्तमान समय में अब झूले की परम्परा लुप्त हो रही है। सावन भादों की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है।**

**'सावन** के झूलों ने मुझको बुलाया, मैं परदेसी घर वापस आया'। सावन आते ही लोगों की जुबान पर ऐसे गाने खुद-ब-खुद आने लगते हैं। पहले लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये सब परंपरायें समाप्त होती जा रही है। अब न तो पेड़ों पर झूले डल़ते हैं और ना ही गीत सुनाई देतें है। सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। यानी बिन झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। लगातार पड़ रहे प्राकृतिक आपदाओं के कहर का असर माना जाए या वन माफियाओं की टेढ़ी नजर का परिणाम कि गांवों में भी बगीचे नहीं बचे, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके व मोर विचरण कर सके। सावन शुरू होने के बाद भी इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परंपरा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधन भी हैं। गांव की बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन के नजदीक आते ही बहन-बेटियां त?यौहार रक्षाबंधन के बहाने या इसके लिए ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। झुंड के रूप में एकत्रित होकर महिलाएं सावनी गीत गाया करती थीं। त्योहार पर बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। बुजुर्गों की मानें तो दस साल पहले रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता रहा है। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा तो आज भी राजस्थान की संस्कृति में अनवरत रूप से चली आ रही है। पहले सावन का महीना आते ही गांव में सावन की मल्हारें गूंजने लगती थी। गांवों में युवतियां श्रावणी गीत गाकर झूला झूलने का आनंद लेती थी। वहीं जिन नव विवाहिता वधुओं के पति दूरस्थ स्थानों पर थे उनकों इंगित करते हुए विरह गीत सुनना अपने आप में लोक कला का ज्वलंत उदाहरण हुआ करते थे। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। अब सावन माह में कुछ जगहों पर ही झूले दखाई देते हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा अभी भी निभाई जा रही है। भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। भगवान श्रीकृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। संस्कृति एवं परम्परा की ही देन है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के गांव और कस्बों में लोग झूला झूलते हैं। विशेष कर महिलाएं और युवतियां इसकी शौकीन होती हैं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन महीने की विशेषता है कि इस माह हवा अन्य महीनों की तुलना में अधिक शुद्ध होती है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छ्वास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है।

# चाय बनाने के दौरान मकान में हुआ धमाका मां बेटे की मौत, मलबे में मिली आतिशबाजी

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया है। यहां सुबह एक घर में महिला चाय बनाने के लिए रसोई में घुसी और माचिस जलाते ही ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में माँ-बेटे की मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हैं। हालांकि, मौके पर कुछ आतिशबाजी का सामान भी मिला है इसलिए मामला संदिग्ध हो गया है।घर में हुआ धमाका, माँ-बेटे की मौत

बता दें कि पूरी घटना लखीमपुर के पिहानी बाईपास रोड पर जंग बहादुर गंज थाना पसगवां अंतर्गत देव मैरिज हॉल के समीप एक मकान में हुई है। यह एक मंजिला माकन बब्बू पुत्र रज्जाक का था। उसके घर में शाहजहांपुर के दबौरा तिलहर निवासी नन्हे (35) पुत्र नबी हसन अपनी पत्नी हलीम (38) और पुत्र जीशान (14) के साथ किराए पर रहता था। जानकारी अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे हलीम चाय बनाने के लिए रसोई गई थी, तभी लीकेज से चलते सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ। हादसे में हलीम और जीशान की मौत हो गई।एक बच्ची की हालत गंभीर

वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से मलबे में दबे परिवार के अन्य लोगों को बाहर निकाला। उनको नजदीकी अस्पताल ले गए। घायलों में बब्बू की 3 साल की बेटी अलीना की हालत गंभीर है, उसे शाहजहांपुर रेफर किया गया है।पूरा मकान हुआ जमीदोज स्थानीय लोगों के अनुसार धमाका इतना भयानक था कि पहले तो लगा कि कोई जलजला आ गया है या कोई बम फटा है। लेकिन जब बाहर आकर देखा तो बब्बू का मकान क्षतिग्रस्त हो चुका था। जिसके बाद फौरन सभी ने मिलकर मलबे से लोगों को बाहर निकालने का प्रयास किया। साथी ही पुलिस को भी घटना की सूचना दी। इस हादसे में एक गाय और एक बकरी की भी मौत हो गई है।मलबे से मिली आतिशबाजी पुलिस के मुताबिक, मलबे की जांच के दौरान आतिशबाजी का सामान मिला। वहीं, दो सिलेंडर भी बरामद हुए। उनमें विस्फोट नहीं हुआ था। पड़ोसियों ने बताया कि नन्हे आतिशबाजी का काम करता है। ऐसे में पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि क्या सिलेंडर में आग लगने के बाद आतिशबाजी में विस्फोट हुआ है।फिलहाल, पुलिस का कहना है कि पांच किलो के छोटे सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। फोरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य लेकर गई है। फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही सबकुछ साफ होगा। पुलिस का यह भी कहना है कि जरूरत पड़ी तो स्नस्रु को सूचित किया जाएगा।

# प्राथमिक स्कूल में किशोरी से छेड़छाड़ पर ग्रामीणों का हंगामा

- किशोरी की मां ने ग्रामीणों के खिलाफ दी तहरीर
- तहरीर की सूचना पाते तमाम ग्रामीण पहुंचे कोतवाली, बताई हकीकत कोतवाल को दिखाया छेड़खानी का वीडियो

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी






**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के प्राथमिक स्कूल में शिक्षक को एक नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करते देख ग्रामीणों ने स्कूल पर जमकर हंगामा काटा। गांव में पंचायत हुई, पर मामला निपटा नहीं। इसी बीच शिक्षक ने किशोरी की मां को समझा बुझा लिया। ग्रामीणों का कहना है कि अब किशोरी की मां ने ग्रामीणों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को छेड़छाड़ की तहरीर दे दी है। जिसे लेकर गांव के तमाम लोग आक्रोशित हो गए और कोतवाली पहुंच गए। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है। हंगामे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के प्राथमिक स्कूल में तैनात शिक्षक को एक किशोरी के साथ अश्लीलता करते ग्रामीणों ने देखा। तो स्कूल में तमाम ग्रामीण पहुंच गए। हो हल्ला हुआ जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। किशोरी की मां इसी स्कूल में शिक्षामित्र के पद पर है। किशोरी अपनी मां के पास अक्सर जाया करती है। ग्रामीणों ने स्कूल के प्रधानाचार्य से शिक्षक की शिकायत की प्रधानाचार्य ने विभागीय कार्यवाही का भरोसा दिला उन्हें शांत किया। फिर गांव में पंचायत बुलाई गई। वहां मामला निपट नहीं पाया। इसी बीच किशोरी की मां ने शिक्षक का पक्ष लेते हुए ग्रामीण पर छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया और पुलिस को तहरीर दे दी। सूचना पाते ही तमाम ग्रामीण कोतवाली पहुंच गए और हकीकत बताई। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बेसिक में शिक्षक बनने का अधूरा रह गया सपना

**बीएड अभ्यर्थियों ने किया धरना प्रदर्शन**

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** शुक्रवार को विलोबी मेमोरियल हाल में बीएड अभ्यर्थियों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरने के बाद अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। लखीमपुर खीरी में शुक्रवार को विलोबी मेमोरियल हाल में बीएड अभ्यर्थियों ने एक दिवसीय धरना दिया। धरने के बाद अभ्यर्थियों ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीएम को सौंपा। बीएड संघर्ष मोर्चा से जुड़े अमन मिश्रा ने बताया कि बीएड अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद और नियमों के साथ ही अपनी बीएड डिग्री पूरी की है। 11 अगस्त को सर्वोच्च न्यायालय ने एनसीटीई के उक्त राजपत्र को असंवैधानिक करार देने वाले राजस्थान हाईकोर्ट के 25 नवंबर 2021 के निर्णय को ही मान्य कर दिया है। इससे बीएड अभ्यर्थी काफी परेशान हैं। प्रदेश नेतृत्व से मिले दिशा निर्देशों के बाद शुक्रवार को सभी बीएड अभ्यर्थी विलोबी हाल में एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। मांग की कि भारत सरकार के राजपत्र रद्द मामले पर उच्चतम न्यायालय में ही प्राप्त संवैधानिक अधिकार के तहत पुनर्विचार याचिका दाखिल कर पुनः विधिवत व तर्कपूर्ण सुनवाई कराई जाए और प्राथमिक विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बनने की बीएड डिग्री योग्यता हमेशा के लिए सुनिश्चित करने वाला अध्यादेश बिल अविलंब पारित कर करोड़ों बीएड अभ्यर्थियों के साथ इंसाफ दिलाया जाए।




### दो अति कुपोषित बच्चों को सीएमओ ने भेंट की पोषण किट, प्राथमिक विद्यालय का भी किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खेतौसा और प्राथमिक विद्यालय खेतौसा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अति कुपोषित दो बच्चों को पोषण किट दी गई, तो वहीं प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कायाकल्प इंडिकेटर सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया।सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खेतौसा और प्राथमिक विद्यालय खेतौसा विकास क्षेत्र फूलबेहड़ का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर दो अति कुपोषित बच्चों उजमा बानो और सैफ के परिवार को पोषण किट भेंट की गई है। साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले सभी बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जाए। जरूरत पड़ने पर पीएचसी व सीएचसी से संपर्क किया जाए और परिवार को भी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाए। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय खेतौसा का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मिड डे मील, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था व कायाकल्प इंडिकेटर के अनुरूप व्यवस्थाओं को देखा और प्रभारी प्रधानाध्यापिका से विद्यालय में मिल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी करी। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पढ़ कर रहे नन्हे मुन्ने बच्चों से भी बातचीत की और उनसे सवाल जवाब भी किए।



### स्कूल बस ट्रेलर से टकराई, 17 छात्र-छात्राएं घायल

**जन एक्सप्रेस/गाजीपुर।** थाना क्षेत्र के मटेहु पुलिस चौकी के पास गाजीपुर-मऊ राष्ट्रीय फोर-लेन मार्ग पर बृहस्पतिवार को बड़ा हादसा होते-होते बच गया। गलत लेन से मऊ की तरफ बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस सामने से आ रही ट्रेलर से टकरा गई। इससे बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना में करीब 17-18 बच्चे चुटहिल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे घायल बच्चों के परिजनों ने अपनी सुविधा के हिसाब से विभिन्न अस्पतालों में ले जाकर बच्चों का उपचार कराया।

# श्री दुर्गा देवी मंदिर से ग्यारहवीं विशाल पद कांवड़ यात्रा बड़ी घूम धाम के साथ निकाली गयी

जन एक्सप्रेस । मोबीन अहमद



**सिंगाही खीरी।** आदर्श नंगर पंचायत सिंगाही भेडोरा श्री दुर्गा देवी मंदिर से ग्यारहवीं विशाल पद कावड यात्रा बडी घूम धाम के साथ निकाली गयी बम बम के बोल बम का नारा हे भोला बाबा हमारा है जयकारों से गूज उठा नगर कस्बे वासियों ने कावडियों को चंदन लगाकर मुह मीठा करवाकर छोटी काशी गोला गोकर्ण नाथ के लिये रवाना किया सरजू नदी मोटे बाबा से जल भरकर छोटी काशी के लिये रवाना हुये ईस मोके पर दिनेश अग्रवाल, राम सिंह, प्रेम सोनी, गोतम ठठेर, रमन जयसवाल, मुनेश सोनी, विवेक श्रीवास्तव, सुमित सोनी, रत्नेश सिंह दारा, सुशील कटियार, कमल जायसवाल गोपाल सिंह, उपदेश सुदेश नाग रामप्रताप जयसवाल, जितेंद्र सोनी, दीपक सोनी, डालचंद्र अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, गोपाल सिंह, सुशील कटियार, अंशुल ठठेर, मुकेश गुप्ता, सुनील, सागर गुप्ता, अजय चक मिथिलेश गुप्ता नरेंद्र पाल मौर्य विमल जायसवाल मोहित अग्रवाल, रविंद्र यादव, कमलेश दीक्षित, शिव कुमार गुप्ता कमेटी सदस्य कवाडिये, विकास अग्रवाल, अनुदीप दीक्षित, अवधेश सिंह, सोरभ गुप्ता, अरुण मिश्रा, कमलेश चौरसिया, देवेंद्र गुप्ता, योगेंद्र कुमार, आशीष अग्रवाल,अमरीष मोर्य, राजू, मोनू, अमित, सचिन, सत्रोहन यादव अखिलेश ,बलू यादव, दीपू यादव, प्रदीप,आदि मोजूद रहे।

# अफसरों व कर्मियों ने सदभावना दिवस पर ली प्रतिज्ञा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



अपर मुख्य सचिव उप्र शासन राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग, से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को जिले में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अन्य अफसरों व कर्मियों और मौजूद लोगों को सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा कराई। इस अवसर पर सभी अफसरों व कर्मियों ने शपथ ली कि मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म या भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा। इस मौके पर डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डिप्टी कलेक्टर विधेश, राजीव निगम, कलेक्ट्रेट तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अन्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया कटान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा ग्रामीणों को हर संभव मदद के लिए किया आश्वस्त



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को तहसील धौरहरा के ग्राम समदहा में शारदा नदी द्वारा कटान की सूचना पर एसडीएम धौरहरा धीरेंद्र सिंह ने बाढ़खंड के सहायक अभियंता और अवर अभियंता संग स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनको पूर्णतः आश्वस्त किया कि कटानरोधी कार्य कराकर हर संभव सहायता की जाएगी। ग्रामीणों से वार्ता कर उनको कटान रोकने के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के लिए भरोसा दिलाया। एसडीएम ने ग्रामवासियों से संवाद करके उनका फीडबैक जाना। आश्वस्त किया प्रशासन ग्रामवासियों की हर संभव मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बाढ़ खंड के अफसरों को तत्काल कटानरोधी कार्य करने हेतु निर्देशित किया। एसडीएम ने निर्देश दिए कि फ्लड प्रोटक्शन मेटेरियल का पर्याप्त स्टॉक विकेन्द्रीयकृत तरीके से रखें। आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाही करे। निदेश दिया कि प्रोटक्शन कार्य में प्रयुक्त होने वाले फ्लड फाइटिंग मेटेरियएल आदि की समुचित व्यवस्था कर ली जाय ताकि रात्रि के समय में त्वरित कार्रवाई कर बचाव कार्य किया जा सके।

# पति का शव ले जाने के लिए गिड़गिड़ाती रही पत्नी

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र के गांव की महिला अपने बीमार पति को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल लाई जहां की मौत हो गई। गरीबी के चलते अपने पति के शव को घर ले जाने के लिए गिड़गिड़ा कर सहायता मांगती रही। शव को ले जाने के लिए सरकारी व्यवस्था न होने के चलते कई घंटे बाद जानकारी होने पर एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा उसे सहारा देते हुए उसके पति के शव को भिजवाने और अंतिम संस्कार की व्यवस्था कर सरकारी सुविधाओं को आइना दिखाया है। शुक्रवार को गांव सहिजना निवासी ललिता अपने बीमार पति सतीश गौतम 40 लंबे समय से टी बी रोग से पीड़ित था जिसकी अचानक हालत बिगड़ने पर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सदमे में आई पत्नी अपने पति के शव को अंतिम संस्कार के लिए घर ले जाने के लिए गिड़गिड़ाती रही। और अपनी गरीबी को कोसती रही। जानकारी होने पर सामाजिक कार्यकर्ता शिवम राठौर ने मौके पर पहुंचकर उसके पति के शव को गांव पहुंचाने के लिए साधन मुहैया कराकर अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्था कराई। घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने पर गांव प्रधान अरुण यादव द्वारा संवेदना दिखाते हुए पीड़िता को धन मुहैया कराकर हर संभव सहायता करने का भरोसा दिलाया। सी एच सी पर शव वाहन के लिए लंबे समय से लोग मांग कर रहे हैं। जिसके चलते जनप्रतिनिधि से इस संबंध में लोगों ने कई बार मांग उठाई इसके बाद भी व्यवस्था संभव नहीं हो सकी। घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दर्जा राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने इस बाबत अधीक्षक से रिपोर्ट मांग कर उच्च अधिकारियों को दूरभाष पर अवगत कराया है।

## आक्रोशित मृतक कंचन के परिजनों सहित सैकड़ों लोगों ने कोतवाली का किया घेराव

जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी



गत दिवस बुधवार को नगर के ड्राई फ्रूट व्यापारी के घर में काम करने वाली नाबालिग लड़की की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हुई थी जिसे पुलिस ने मृतक कंचन पुत्री घुरई के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था किंतु आज दूसरे दिन देर शाम परिजनो को मृतक कंचन का शव न मिलने एवम आरोपी पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से नाराज परिजनों ने आक्रोशित होकर सैकड़ो की संख्या में महिला एवम पुरुषो ने कोतवाली का घेराव किया। पीड़ित पक्ष के मृतक कंचन के जीजा राकेश ने पुलिस पर निष्पक्ष जांच न करने का आरोप लगाया जिसे कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने परिजनों को निष्पक्ष कार्यवाही करने का अश्वाशन देते हुए कहा की पोस्टमार्टम तीन डाक्टर के पैनल द्वारा निष्पक्ष कराया जा रहा है। इस लिए शव मिलने में देरी हुई है फिलहाल हर विंदुओ पर जांच पड़ताल जारी है।

# तेंदुए के पदचिन्ह मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद के मालसरॉय गांव के पास पानी की टंकी बना रहे मजदूरों द्वारा तीन तेंदुए देखे जाने की सूचना मिलने पर पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दहशत के माहौल में मजदूर भागकर प्राथमिक विद्यालय मालसरॉय पहुंचे और वहां तैनात प्रधानाध्यापक को पूरी बात बताई। प्रधानाध्यापक ने विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ मामले की जानकारी वन रेंजर महमूदाबाद बिक्रमवीर सिंह को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों संग काम्बिंग शुरू की। शुक्रवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे प्राथमिक विद्यालय मालसराय के शिक्षक उत्कर्ष द्विवेदी ने बीईओ महमूदाबाद उदय मणि पटेल को फोन करके बताया कि उनके विद्यालय के पास गन्ने के खेत में तीन तेंदुए देखे गए हैं। स्कूल के पास बने पंचायत भवन के निकट पानी की टंकी का निर्माण चल रहा है। जेई जल निगम रंजीत सिंह कार्यस्थल पर आए थे। उनके साथ राजगीर उमेश चौहान, दिनेश वर्मा, नंद किशोर यादव, बहादुर भार्गव सहित चार मजदूर थे। कार्य स्थल पर कार्य की प्रगति का रंजीत सिंह फोटो खींचने के साथ-साथ वीडियो बनाने लगे। तभी उनकी व मजदूरों की नजर सामने खेत की ओर पड़ी जहां तीन तेंदुए खड़े थे। वे वीडियो बनाने ही जा रहे थे कि तीनों तेंदुए उनकी ओर लपके। रंजीत सिंह व उनके मजदूर आनन-फानन में पंचायत भवन में घुस गए और अंदर से बंद कर लिया। पास ही स्थित प्राथमिक विद्यालय के स्टाफ को जानकारी दी। सूचना मिलने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय मणि पटेल प्राथमिक विद्यालय माल सराय पहुँच गए। उन्होंने तेंदुओं को देखने वाले मजदूरों से विस्तृत पूछ-तांछ की। मामले की जानकारी वन रेंजर बिक्रमवीर सिंह को उनके सीयूजी नंबर पर दी गई। रेंजर विक्रमवीर सिंह ने वन दरोगा निमिष चौहान के नेतृत्व में टीम को मौके पर भेजा।

### हुजूर पुरनूर की शाने अकदस में गैर तरही नातिया मुशायरे का आयोजन



**जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी।** मुहल्ला थरबरन गंज के अल्हाज सूफ़ी पीर शेख रईस अहमद उस्मानी के मकान पर हजरत मुहम्मद साहब की शाने अकदस में एक गैर तरही नातिया मुशायरे का आयोजन हुआ,जिस की निज़ामत एक़बाल अकरम वारसी ने की, सदारत हाजी इज्जत अली उस्मानी साहब ने की, मुशायरे की शुरुआत, कुरान मजीद की तिलावत से नेहाल रजा ने की, मुशयरे में शिरकत अब्दुल कवी. डॉ एखलाक अहमद अख़लाक़, इकबाल अकरम वारसी, एलियास चिश्ती, निहाल रजा, उमर हनीफ, डॉ एराज अरमान, मुनीर वारसी शबनम, इमरान बरकाती, शैफुल इस्लाम, डॉ रईस अहमद उस्मानी, सलमान रिज़वी, और शकील सागर ने अपना अपना नातिया कलाम पेश किया, आखिर में नेहाल रज़ा ने सभी के साथ मिल कर, सलाम पेश किया, बाद सलाम के सैयद सलमान रिजवी ने मुल्क के लिए अमन व सलामती, अंजुम काबकौसेन की मगफिरत के लिए खुसूसी दुवाएँ की, मुशायरा आयोजक रईस अहमद उस्मानी ने, तमाम सामीन व शायर हजरात को उन के सम्मान में भोज दिया, इस मौके पर उस्मान गनी, इस्लाम,ज़ुबैर, अब्दुल हमीद,आराफ़ात उस्मानी, अहराम पोश जान भाई, अहराम पोश निजामुद्दीन, कलीम, शकील, सईद, हाजी इल्यास अंसारी,और अंजुम रईस मतीन व प्रिंस अंजुम कद्र आदि पचासो लोग मौजूद रहे,अंत में अंजुम कद्र ने मुशायरे के एखतीताम की घोषणा की।

# शैक्षिक, धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रहित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**महमूदाबाद।** शैक्षिक, धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रहित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए बाराबंकी व सीतापुर प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी का माल्यापर्ण करते हुए अभिनंदनपत्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान यूपी टापर प्रियांशी सोनी समेत अन्य आधा दर्जन यूपी मेरिट के टापर्स का सम्मान भी किया गया। प्रधानाचार्य परिषद बाराबंकी के संरक्षक डा. रामकुमार गिरि, अध्यक्ष आशेक कुमार त्रिपाठी, जिलामंत्री दिनेश चंद्र पांडेय, प्रबंधक सांईं ग्रुप आफ कालेजेज विपिन सिंह राठौर, प्रबंधक आचार्य नरेंद्र देव इंटर कालेज फतेहपुर हेमंत दास, प्रधानाचार्य नेशनल इंटर कालेज फतेहपुर रामू मौर्य, प्रधानाचार्य सर्वोदय इंटर कालेज विशुनपुर प्रेम चंद्र, प्रधानाचार्य युगांतर इंटर कालेज फतेहपुर आशुतोष कुमार, प्रधानाचार्य परमेश्वर इंटर कालेज छेदा वीरेश चंद्र, आईटी कोआर्डिनेटर स्काउट एवं गाइड बाराबंकी अनूप कुमार, एमडी इंटर कालेज संदीप वर्मा, सीतापुर प्रधानाचार्य परिषद व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार शुक्ल, प्रवक्ता जेएलएमडी इंटर अखिल त्रिवेदी, प्रधान लिपिक किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरेंद्र नाथ अवस्थी, सूरतगंज ब्लाक के प्रधान संघ महामंत्री करुणा शंकर शुक्ल, शिवम वर्मा, आदीश्वर जैन सहित कई अन्य लोगों ने माल्यार्पण, बैज अलंकरण व अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संरक्षक डा. रामकुमार गिरि ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल मेरिट में प्रदेश में पहला स्थान लाने वाली प्रियांशी सोनी ने न सिर्फ सीता इंटर कालेज महमूदाबाद को बल्कि पूरे अवध क्षेत्र का प्रदेश में नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य रमेश वाजपेयी की दशकों पूर्व से की जा रही तपस्या का परिणाम सीता इंटर कालेज को मिला है। जिलामंत्री दिनेश चंद्र पांडेय ने अभिनंदन पत्र पढ़ते हुए सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी की समाजसेवी, धर्म के साथ शिक्षाक्षेत्र में किए जा रहे हैं।

# 25,000 रुपये का इनामिया अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- नगदी, मोबाइल व अवैध शस्त्र बरामद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी,नकबजनी की घटनाओं के तुरंत खुलासे के आदेश दिये गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री प्रकाश कुमार के नेतृत्व में थाना तालगांव की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी,नकबजनी के अभियोग में प्रकाश में आये वांछित चल रहे थाना रेउसा के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अपराधी तोताराम पुत्र कामता प्रसाद पासी नि0ग्राम कोड़वा धमधमपुर थाना रेउसा जिला सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। जिससे एक तमंचा, 2 खोखा कारतूस, 2 जिंदा कारतूस 315 बोर, 9,500/-रुपये नगदी, एक वीवो मोबाइल बरामद हुआ है। अभियुक्त का एक बड़ा गिरोह है जो शाम को मोटरसाईकिलों से भिन्न भिन्न क्षेत्रों में निकल कर रैकी करके मकानों में चोरी करते हैं। अभियुक्त के पास बरामद वीवो मोबाइल थाना रेउसा क्षेत्रांतर्गत एक घर से चोरी में मिला था तथा करीब एक माह पूर्व थाना तालगांव अंतर्गत ग्राम बहबूदपुर में गांव के बाहर बने एक घर से अभियुक्त व उसके साथियों द्वारा चोरी की गयी थी जिससे संबंधित कुल 9,500/- रुपये बरामद हुए हैं। अभियुक्त थाना रेउसा में पंजीकृत मुकदमे में फरार चल रहा था। काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25,000/- रू0 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध चोरी, हत्या का प्रयास आदि अपराधो के संबंध में लगभग डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# मंडलायुक्त व पुलिस उप महानिरीक्षक ने की मंडलीय समीक्षा बैठक

- राजस्व बसूली में सभी विभाग लाएं तेजी: मंडलायुक्त
- माफियाओं को चिन्हित कर करें दंडात्मक कार्यवाही: डीआईजी

**जन एक्सप्रेस। उरई**




मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी डॉ. आदर्श सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक जोगिन्दर कुमार की अध्यक्षता में झांसी मंडल के तीनों जनपदों (झांसी, जालौन एवं ललितपुर) की कर करेत्तर राजस्व वसूली, विकास कार्य व कानून व्यवस्था की प्रगति की मंडलीय समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में आयोजित की गई।

मंडलीय समीक्षा बैठक के तहत सर्वप्रथम कर करेत्तर व राजस्व वसूली समीक्षा की गई। जिसमें वाणिज्य कर विभाग में जनपद झांसी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अंतर्गत जनपद जालौन, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में तेजी लाये। उन्होने वार्षिक लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही बड़े बकायेदारों को नोटिस निर्गत कर वसूली की जाये। उन्होने तीनों जनपदों के अपर जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध अतिक्रमण पर त्वरित कार्यवाही की जाये। इसके उपरान्त विकास कार्यो की समीक्षा के दौरान उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्राथमिकता में हैं। उन्होने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहने पाये। उन्होने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जिन वाहन स्वामियों के रजिस्ट्रेशन अवधि समाप्त हो चुकी है। ऐसे समस्त वाहन स्वामियों को नोटिस निर्गत किये जाये। जिससे वाहन स्वामी यथाशीघ्र पंजीकरण करा सकेगे। उन्होने निराश्रित गोवंश की समीक्षा के तहत निर्देशित किया कि प्रति एक गौशाला में निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर संरक्षित किया जाये। गौशालाओं में गौवंशों के लिये पर्याप्त हरा चारा, भूसा, पानी, टीन शेड आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होने कहा कि तीनों जनपद की गौशालाओं में छायादार वृक्षों का रोपण भी किया जाये। रोपित वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड लगाना सुनिश्चित करें। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारतध्प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड) समस्त पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर गोल्डन कार्ड बनाया जाये। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना से लाभार्थी 05 लाख तक का निःशुल्क ईलाज करा सके। उन्होने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत सहायक आदि के द्वारा गोल्डन कार्ड तेजी से बनाये जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय के निरीक्षण में प्रगति लाई जाए। जिससे पठन-पाठन के कार्य में वृद्धि हो सके तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर एवं शौचालय की उपलब्धता पूर्ण कराई जाए। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी जालौन को निर्देशित किया कि तीन रिक्त दुकानों का जल्द ही आवंटन करना सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन को आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रगति के साथ लिकिंज कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सिंचाई विभाग, सेतु निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास मिशन आदि विभागों की गहन समीक्षा की गई। इसके पश्चात कानून व्यवस्था की समीक्षा के अंतर्गत निर्देशित किया कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को कायम रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध प्राथमिकता के साथ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही अमल में लायी जाए। पुलिस उप महानिरीक्षक जोगिन्दर कुमार ने कहा कि महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं की शिकायतों को प्राथमिकता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होने कहा कि तीनों जनपदों में भू-माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया आदि माफियाओं को चिन्हित कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि जनपदों के बॉर्डरों पर अवैध शराब तस्करी न होने पाये, अवैध शरब माफियों पर शिकंजा कसने के लिये आबकारी विभाग व पुलिस विभाग निरन्तर अभियान चलाकर ऐसे माफियाओं को पकड़कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि बिना हैलमेंट व ओवर स्पीड, सीट बेल्ट प्रयोग न करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। इस अवसर पर डीएम जालौन चाँदनी सिंह, डीएम झांसी रबीन्द्र कुमार, डीएम ललितपुर आलोक सिंह, नगर आयुक्त झांसी पुलकित गर्ग, संयुक्त विकास आयुक्त झांसी ऋषि मुनि उपाध्याय, सीडीओ झांसी जुनैद अहमद, सीडीओ जालौन भीमजी उपाध्याय, सीडीओ ललितपुर कमलाकान्त पाण्डेय, एडीएम जालौन संजय कुमार, एडीएम झांसी राम सुरेश वर्मा, एडीएम ललितपुर अंकुर श्रीवास्तव, झांसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष आलोक यादव आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा में युवक ने खेत में खड़े पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा के ग्रामीण शुक्रवार की सुबह खेतों की ओर जा रहे थे। तभी उनकी नजर एक खेत में खड़े पेड़ पर रस्सी के सहारे लटक रहे शव पर गई। घटना के बाद ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने उसकी पहचान गांव के ही निवासी विजय सिंह 38 वर्ष के रूप में की और घटना जानकारी उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते पहुंच गए। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पुत्र दीपेंद्र ने बताया कि पिता अहमदाबाद में थे, जो दो दिन पहले ही वहां से घर लौटे है। लेकिन घर ना आकर इधर-उधर घूम रहे थे। फ़िलहाल परिवार के लोग घटना की वजह के बारे में कुछ भी नहीं बता सके। वहीं पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन ने मवेशियों को मारी टक्कर, चार की मौत

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** आटा नेशनल हाइवे पर अन्ना मवेशियों का झुंड आए दिन हादसों को दावत दे रहा है। लेकिन बड़े वाहनों की चपेट में आकर मवेशी ही मौत के घाट उतर रहे है। शुक्रवार को नेशनल हाइवे के जोल्हुपुर के पास हाइवे पर घूम रहे मवेशियों के झुंड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे चार मवेशियों की मौत हो गई। हादसे से आसपास के लोगों में आक्रोश व्याप्त देख मौके पर पुलिस पहुँच गई। लापरवाही न बरतते हुए पुलिस ने तुरंत एनएचएआई की टीम को बुलाकर जेसीबी से मवेशियों के शवों को गड्ढे खुदवाकर दफन कराया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिकारियों ने की राष्ट्रीय पक्षी की हत्या

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पजूना में कुछ शिकारियों ने गुलेल से मारकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या कर दी। इस दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों की मदद से शिकारियों को दौड़कर पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी ने आरोपितों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम पजूना में शिकारियों ने राष्ट्रीय पक्षी मोर की गुलेल से मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया और सूचना पर ग्राम प्रधान मौके पर पहुंच गए, और उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शिकारियों को पकड़ लिया। पूछताछ में शिकारियों ने अपना नाम सहाव निवासी गोलू पुत्र कल्लू, चच्चू, व लंगड़ा बताया। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा वन क्षेत्राधिकारी रविन्द्र सिंह भदौरिया न्यामतपुर को दी गई। सूचना पर पहुंचे वन क्षेत्राधिकारी ने ग्रामीणों के से तीनों शिकारियों को पकड़ कर थाना पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने तीनों लोगों के विरुद्ध संबंधित कार्रवाई कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### रंजिश को लेकर दो पक्षों में चटकी लाठी, दोनो पक्ष हुए घायल

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** थाना क्षेत्र के ग्राम खोड़न में रंजिश के चलते दो पक्ष आमने-सामने आ गए। जिनमें चली लाठी के दौरान दोनों ही पक्ष के लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा उन्हें हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जहां पर दोनों ही पक्षों द्वारा मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम खोड़न निवासी राघवेंद्र ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही निवासी कुलदीप ने रंजिश के चलते पीड़ित की मारपीट कर दी। जबकि दूसरे पक्ष कुलदीप ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसकी पत्नी शौच क्रिया के लिए खेत पर जा रही थी। तभी राघवेंद्र ने रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ कर दी, और पत्नी के शोर मचाने पर वह मौके से भाग गया। मामले में थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने बताया कि रंजिश के चलते दोनों पक्षों द्वारा मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिसको लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। फ़िलहाल मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल की जा रही है।

### सलाना कदीम जुलूस की तैयारियां मुकम्मल

**जन एक्सप्रेस-बाराबंकी।** हर साल की तरह लाइनपुरवा में मरहूम इफ्तिखार हैदर (बाबू भाई ) के अजाखाने से उठने वाला सलाना कदीम जुलूसे सफर अपने कदीम रवायतो के मुताबिक यानी 20 अगस्त 2023 को बारामद होगा। जुलूस की जानकारी देते हुए कन्वीनर अम्मार हैदर व क़मर इमाम आब्दी ने बताया की जुलूस की मजलिस को आली जनाब मौलाना सैय्यद मोहम्मद रज़ा रिज़वी साहब किब्ला ज़ैदपुरी ख़तिाब करेंगे। मजलिस से क़ब्ल बैरुनी व मुक़ामी शायर अपने कलाम पेश करेंगे। मजलिस के बाद जुलूस अपनी रवायती अंदाज़ में बरामाद होगा। जिसमें आलम ए मुबारक, ताबूते अली अकबर, गहवारे अली असगर, शबी-ए-ज़ुल्जनाह व अमारी मुबारक़ बारामद होगी। जुलूस में शहर की मशहूर व मारूफ अंजुमन- अंजुमन गुंन्चए अब्बासिया बाराबंकी, अंजुमन गुलामे अस्करी बाराबंकी अपने मखसूस अंदाज में नौहाख्वानी और सीना ज़नी करेंगी। जुलूस में बैरूनी अंजुमन में मातमी दस्ता ज़ैदपुर एम.डी.जेड अपने मखसूस अंदाज में नौहा व सलाम पेश करेंगी।

### तीन लाख के जेवरात सहित पचास हजार की नगदी पर किया हाथ साफ

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना असंद्रा अंतर्गत एक गांव में शातिर चोरों ने सेंध लगाकर घर में रखी 50 हजार की नगदी सहित 3 लाख के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित को घटना की जानकारी होने पर उसने स्थानीय कोतवाली को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना असंद्रा के हाजीपुर गांव निवासी ब्रजराज यादव पुत्र राम लखन यादव ने कोतवाली को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शुक्रवार की देर शाम खाना खाने के बाद व पत्नी व बच्चों समेत घर के बाहर सो रहे थे। शनिवार सुबह जब सो कर उठे तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। घर के पीछे देखा तो दीवार में सेंध लगी हुई थी। यहां से दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखी 50 हजार की नगदी सहित, मांगबेदी,झुमकी, नथुनी, हाथ फूल, अंगूठी, करधनी, पायजेब, सहित लगभग तीन लाख के जेवरात पर हांथ साफ कर दिया। पीड़ित को जानकारी होने पर उसने थाना असंद्रा दिलावरपुर चौकी में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में हुई बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना हैदर गढ़ अंतर्गत एक गांव के समीप जंगल में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार देर रात स्थानीय लोगों द्वारा देखा गया। मौके पर पहुंचे परिजन मृतक का शव लेकर घर आए तो देखा कि गले पर रस्सी से कटने के निशान बने हुए थे। जिससे परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका पर उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जिस पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना हैदर गढ़ के साल पुर गांव के निवासी छोटेलाल उर्फ छोटई (65) रोज की तरह गुरुवार को भी सुबह 10 बजे घर से खाना खाकर पास में इससे जंगल में लकड़ियां तोड़ने गए थे। जहां से देर शाम तक वापस ना आने पर परिजनों ने ब्रज की खोजबीन शुरू कर दी। जहां देर शाम जंगल में छोटे लाल का शव पड़ा हुआ मिला। जिसके बाद परिजन छोटेलाल की स्वाभाविक मौत समझकर उसे घर लेकर चले आए। जहां देखा तो मृतक के गले पर रस्सी से कसने का निशान बना हुआ था। जिसे देखते ही पूरे गांव में हड़कंप की स्थिति हो गई। आनन-फानन में परिजनों ने कोतवाली को शिकायती पत्र देकर छोटेलाल की हत्या की आशंका जताई। शुक्रवार सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना की जानकारी ऊपर क्षेत्राधिकारी सहित प्रभारी निरीक्षक ने घटनास्थल का मुआयना किया है।

### लूट के मामले में वांछित 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने लूट के मुकदमे में वांछित व 10 हजार इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास लूट के डॉक्यूमेंट सहित एक तमंचा व एक कारतूस बरामद की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया आरोपी जसवंत रावत पुत्र नेमचंद रावत थाना क्षेत्र के उमरापुर राय साहब का रहने वाला है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने करीब 8 महीने पूर्व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना कोठी के ग्राम सैदपुर के पोरई मोड़ के पास मोबाइल व आधार कार्ड पैन कार्ड लूटा था। लूट के मामले में वांछित होने के चलते पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का पुरस्कार घोषित किया था।

### वापस हुए एक लाख 4 हजार, पीड़ित ने की प्रशंसा

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** पुलिस की साइबर सेल टीम ने शुक्रवार को शहर कोतवाली के रहने वाले अजीत सिंह के क्रेडिट कार्ड से निकाले गए 1 लाख 4 हजार की भारी-भरकम राशि को उनके खाते में सकुशल वापस करा दिया। जिसको लेकर पीड़ित पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल व उनकी टीम के इस कार्य की जमकर प्रशंसा कर रहा है। असल में नगर कोतवाली के रिलैक्सो शोरूम निवासी अजीत सिंह ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया कि अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनके क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी कर खाते में मौजूद 1 लाख 4 हजार की राशि गायब कर दी है। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने तत्काल साइबर सेल टीम को एक्टिव कर दिया। जिसके बाद साइबर सेल टीम ने सात दिन के भीतर पीड़ित के खाते से निकाली गई संपूर्ण धनराशि को उसके खाते में वापस करा दिया।

# किशोरी अपहरण मामले में आरोपी को हुई पांच वर्ष की सजा

**जन एक्सप्रेस। उरई**

न्यायालय में करीब चार वर्ष ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान अपहरण के मामले में आरोपी को पांच वर्ष की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद फैसला सुनाया और साथ ही पांच हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया।

शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह ने बताया कि कालपी कोतवाली के एक गांव निवासी पंकज पुत्र भगवती ने गांव की ही एक तेरह वर्षीय किशोरी का 14 फरवरी 2019 को अपहरण कर लिया था। माता पिता ने एक सप्ताह तक किशोरी की तलाश की, लेकिन जब किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला तो किशोरी की मां ने 21 फरवरी 2019 को कालपी कोतवाली में गांव के ही पंकज के विरुद्ध नाबालिग का अपहरण और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने विवेचना शुरू कर 27 मई 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिए। तभी से यह मामला पॉक्सो एक्ट कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट में चार साल तक चली सुनवाई के दौरान गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध होने के बाद विशेष न्यायाधीश मुहम्मद आजाद ने पंकज को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदंड से भी दंडित किया। अर्थदंड जमा न करने पर उसे तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगी। वादी पक्ष की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता विश्वजीत सिंह ने की।

# मंडलायुक्त ने अस्थाई तहसील का किया औचक निरीक्षण

- लापरवाही मिलने पर अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त कर, लगाई कड़ी फटकार

**जन एक्सप्रेस। उरई**



मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी डॉ. आदर्श सिंह ने नवीन गल्ला मण्डी स्थित अस्थायी तहसील उरई का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने विभिन्न पटलों में रखे दस्तावेजों की जांच में बड़े पैमाने पर लापरवाही मिली। जिस पर उन्होने संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त कर कड़ी फटकार लगाई। उन्होने निर्देशित किया कि दस्तावेजों की खामियों को दूर कर व्यवस्थित ढंग से रख रखाव करना सुनिश्चित करें। उन्होने उपजिलाधिकारी, तहससीलदार को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था की जाये कि तहसील आने वालों को अनावश्यक कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होने कहा कि खतौनी नकल लेने वालों को खतौनी देने में बिलम्ब नही होना चाहिये। साथ ही यह भी ध्यान रखे कि बेवजह किसी को भी परेशान न किया जाये। उन्होने निर्देशित किया नकल दस्तावेज की दरों की सूची भी चस्पा की जाये, ताकि किसी भी भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होने उपजिलाधिकारी न्यायालय व तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। जिसमें सबसे पुरानी लम्बित फाईलों को देख कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने रजिस्ट्रार कानूनगो, भू-लेख अभिलेखागार, मतदाता पंजीकरण आदि पटलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कर्मचारियों की सर्विस बुक को देखा जिसमें एक भी सर्विस बुक अपडेट नही मिली।

जिसे एक सप्ताह के अन्दर समस्त कर्मचारियों की सर्विस बुक को अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देशित किया कि पुरानी तहसील से एक सप्ताह के अन्दर समस्त रिकार्ड अस्थायी तहसील में लाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डीएम चाँदनी सिंह, एडीएम संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक कुमार, तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस पेन्शनर्स कल्याण कार्यालय का फीता काटकर किया उद्घाटन

- कदौरा थाने का किया निरीक्षण, सम्बन्धितों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**जन एक्सप्रेस। उरई/कालपी**






पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी ने उत्तर प्रदेश पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान के कार्यालय के जीर्णोद्धार का फीताकाट कर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने कदौरा थाने में पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी, परिक्षेत्र झांसी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान के कार्यालय का फीताकाट कर उद्घाटन किया। इसके बाद आयुक्त झांसी मण्डल झांसी व पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद जालौन, झांसी, ललितपुर के पुलिस व प्रशासनिक अधिकरियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के साथ थाना कदौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, आईजीआरएस, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क व हवालात को चेक किया। इस दौरान अभिलेखों की प्रविष्टियों को जांच कर, सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# मेनगेट का ताला चटका कर नगदी समेत लाखों के आभूषण समेट ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस। उरई**

मोहल्ला नया पटेल नगर में सूने घर का फायदा उठाकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। जहां पर चोरों ने मेन गेट का ताला चटकाकर नगदी समेत लाखों रुपए के सोने चांदी की कीमती आभूषण समेटकर रफू चक्कर हो गए।

शहर के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी अखिलेश कुमार 15 अगस्त को छुट्टी के मौके पर घर के मेन गेट में ताला डालकर अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। तभी अज्ञात चोरों ने सुने मकान को अपना निशाना बनाया और मेनगेट में लगा ताला चटका दिया। घर में घुसे चोरों ने फुर्सत से कमरों में लगे ताले तोड़कर अंदर रखी अलमारी व बक्से खंगालते हुए नगदी समेत सोने चांदी के आभूषण समेटकर रफू चक्कर हो गए और पड़ोस के लोगों को भनक भी न लगी।

गुरुवार को जब परिवार वापस लौटा तब उनको घर में हुई चोरी का पता चला। घटना को लेकर गृहस्वामी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। गृह स्वामी के अनुसार अज्ञात चोर उसके घर से करीब एक लाख 40 हजार रुपये नगद और करीब तीन लाख रुपए कीमत के आभूषण समेट ले गए। फ़िलहाल पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। फ़िलहाल पुलिस ने गृहस्वामी की तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन, एडीओ ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। रामनगर/बाराबंकी**




ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत लालूपुर में एडीओ कोआपरेटिव निरंकार सिंह यादव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान चौपाल में सुशीला पत्नी श्रीप्रकाश ने निराश्रित पेंशन की मांग की। सुरजीत वर्मा पुत्र गणेश प्रसाद ने आवास की मांग की है। साथ ही राहुल कुमार पुत्र सूर्य लाल ने हरिजन बस्ती से सूर्यलाल के घर तक पक्की सड़क बनाने को कहा है। यहां तत्काल निराश्रित पेंशन के लिए एडीओ कोआपरेटिव ने पंचायत सहायक चंद्रहास को निर्देशित किया। बैठक में ग्राम पंचायत सचिव बीना चतुर्वेदी ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम सम्मान निधि योजना, वृद्धा, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान लवलेश कुमार वर्मा, आकाश, अरुण, अर्जुन, लाइक राम, शिवकुमार, दिनेश कुमार वर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# मानक विहीन कार्य होने पर नहीं होगा भुगतान: सचिव

**जन एक्सप्रेस। (ज्ञानेंद्र वर्मा) रामनगर/बाराबंकी।**



विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत भिटौरा में रामअधार की टंकी से परशुराम के खेत तक 250 मीटर इंटरलॉकिंग का कार्य ग्राम प्रधान श्रीपाल यादव द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय मीडिया की सुर्खियों में मानक विहीन इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने की खबरों का संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी के निर्देश पर जेई आरईडी पीके गौतम ने शुक्रवार को गांव पहुंचकर बनाई जा रही इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य की जांच पड़ताल की है। जिसमें उन्होंने आरआर ब्रिक फील्ड द्वारा सप्लाई किया गया प्रथम श्रेणी का ईंट पाया। पत्रकार द्वारा पूछने पर ग्राम पंचायत सचिव अखिलेश कुमार दुबे ने बताया कि यदि भविष्य में मानक विहीन कार्य भविष्य में होता है। तो उसका पैसे का भुगतान मेरे द्वारा नहीं किया जाएगा। पूछने पर यहां मौजूद राजमिस्त्री दिलीप कुमार व श्रमिक प्रवेश कुमार, तिलकराम, रमेशचंद्र, पुरुषोत्तम लाल, विक्रम आदि ने बताया की पानी की टंकी निर्माण को लेकर जो भूमि राजस्व विभाग द्वारा ग्राम प्रधान की मौजूदगी में चिन्हित की गई थी। कुछ लोगों ने उसपर अवैध कब्जा किया हुआ था।उन लोगों का कब्जा हटवा दिया गया है। इस लिए रंजिश मानकर ग्राम प्रधान के खिलाफ झूठी शिकायतें की जा रही है। साथ ही आरोप है कि स्थानीय मीडिया में भी बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

# मेडिकल कॉलेज में बेड का अभाव, फर्श पर हो रहा उपचार

जन एक्सप्रेस। बहराइच

मेडिकल कॉलेज मरीज से खचाखच भरा है। विभिन्न रोगों से ग्रस्त काफी संख्या में रोगी अपना इलाज कर रहे हैं। ऐसे में बढ़ रही रोगियों की संख्या से मेडिकल कॉलेज प्रशासन हलकान है। इलाज कराने गए रोगियों को बेड तक नहीं मिलता। चिकित्सक रोगियों का इलाज फर्श पर लिटा कर कर रहे हैं। सीएमएस का कहना है कि एक बेड पर दो रोगी नहीं रह सकते। जरुरत होने पर रोगियों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर करना उनकी विवसता है।

जिला अस्पताल को कुछ साल पहले मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर दिया गया था। जिसके बाद बेड की क्षमता बढ़ाकर 500 कर दी गई। इस अस्पताल में जनपद श्रावस्ती और बलरामपुर के रोगी भी अपना इलाज कराने आते हैं। विभिन्न रोगों से ग्रस्त रोगियों को इलाज के लिए चिकित्सकों की ओर से उन्हें भर्ती करना पड़ता है। रोगी कई दिनों तक भर्ती होकर इलाज कराते हैं। इन दिनों अधिकतर लोग डायरियां बुखार व अन्य बीमारियों से ग्रसित होकर इलाज कराने के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंच रहे है। जिस कारण मेडिकल कॉलेज में बेड का आभाव



बना है। चिकित्सक कभी-कभी तो रोगियों के संख्या बढ़ने पर उनका इलाज स्ट्रेचर या फिर फर्श पर ही करने लगते हैं।

गुरुवार की रात विकासखंड फखरपुर के ग्राम अमवा ततारपुर निवासी पुष्पा देवी पत्नी निरंकार को डायरिया से पीड़ित होने पर उनका बेटा अखिलेश कुमार इलाज के लिए लेकर जिला अस्पताल संबद्ध मेडिकल कॉलेज आया था। चिकित्सकों ने रोगी के बेटे की विनती के बाद फर्श पर ही महिला का इलाज शुरू कर दिया। काफी देर का इलाज चला लेकिन चिकित्सालय प्रशासन बेड मुहैया नहीं करा सका।

इस संबंध में एक समाज सेवी ने चिकित्सकों से बेड उपलब्ध कराने की बात कही। फिर भी रोगी को बेड नहीं मिल सका जिस पर मुख्य चिकित्साधिकारी से बात की तो उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए यह कहा कि मेडिकल कॉलेज 500 बेड उपलब्ध अधिक रोगी होने पर मेडिकल कॉलेज लखनऊ सफर करना उनकी विवसता है। इतना ही नहीं मुख चिकित्सा अधिकारी ने समाजसेवी से कहा कि सुबह कार्यालय आकर अपने सुझाव दीजिए कि रोगियों का इलाज बेड के आभाव में कैसे किया जाए।

# तीसरी नज़र से बच नहीं पाएंगे अपराधी और संदिग्ध लोग

* पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत ग्राम प्रधानों से की सीसीटीवी लगवाने की अपील

जन एक्सप्रेस। बहराइच

अपराधी और संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए एडीजी जोन गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र की सफलता के लिए नेपाल सीमा वर्ती थाना नवाबगंज पुलिस ने योजना तैयार कर ली है। पुलिस ने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र के समान संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर क्षेत्र के प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की है। पुलिस की अपील पर लोगों ने अमल करना शुरु कर दिया है जंगल के समीप वर्ती इलाके निम्नहारा चौराहे पर आधा



दर्जन से अधिक कैमरे लगाए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मिथलेश कुमार राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक वेद राम यादव ने शुक्रवार को क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों और ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। इस दौरान थाने का स्टाफ भी मौजूद था। पुलिस की ओर से सीसीटीवी कैमरे की उपयोगिता बताई गई। पुलिस ने प्रधानों के साथ बैठक करके उनसे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आग्रह किया।

उप निरीक्षक वेद राम यादव ने बताया कि इससे अपराधों और अपराधियों पर शिकंजा कसने में मदद मिलेगी। सभी प्रधान गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पुलिस का सहयोग करें। इससे अपराधों को रोका जा सकेगा। नवाबगंज थाना क्षेत्र में चौराहों और प्रमुख स्थानों तथा शहर में सभी प्रमुख मार्गों, निम्निहारा चौराहा सीसीटीवी कैमरा लग जाएंगे तो अपराधी और समाज विरोधी तत्वों पर सख्त निगाह रखी जा सकेगी। अपराधों पर भी नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान रफीक अहमद ने दो, गुटटन प्रधान पति उमरिया ने चार, ग्राम प्रधान नंदा गांव ने दो अनीस अहमद ग्राम प्रधान बिरई गांव ने तीन, अतुल सिंह ग्राम प्रधान रहीम नगर ने दो, ग्राम प्रधान गुलरिहा आशीष पांडे ने दो, जवाहरलाल यादव जिला पंचायत सदस्य ने दो कैमरे क्षेत्र में लगवाने का आश्वासन दिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र में 34 ग्राम पंचायत पंचायत हैं। पुलिस सभी ग्राम प्रधानों से संपर्क कर कैमरे लगाने की अपील कर रही है जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके और अपराधियों की गिरफ्तारी हो सके।

# सदभावना दिवस पर डीएम ने अफसरों व कर्मियों को दिलायी प्रतिज्ञा



जन एक्सप्रेस। बहराइच

सदभावना दिवस के अवसर कलेक्ट्रेट सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलायी। प्रतिज्ञा में कहा कि ''मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूॅ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा''। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी तथा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसी प्रकार जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में सद्भावना प्रतिज्ञा दिलासी गई।

# महाविद्यालय के शिक्षकों ने दूसरे दिन भी काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में फुपुक्टा के आह्वान पर शुक्रवार को शिक्षकों ने अपने मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को सुआकटा अध्यक्ष व एम एल के महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ विमल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया । उन्होंने कहा कि फुपुक्टा के आह्वान पर महाविद्यालय के शिक्षक नयी पेंशन स्कीम, बायोमेट्रिक अटेंडेंस एवं शासन की शिक्षक एवं शिक्षा विरोधी नीतियों के विरुद्ध पिछले दो दिनों से आंदोलनरत है। इस अवसर प्रो0 प्रकाश चन्द्र गिरी, प्रो0 तबस्सुम फरखी, डॉ अनामिका सिंह, डॉ स्वदेश भट्ट, डॉ रमेश शुक्ल, डॉ आशीष लाल, डॉ प्रखर त्रिपाठी, डॉ साक्षी शर्मा, डॉ अनुज सिंह, डॉ भानु प्रताप व डॉ सैंकी रूहेला सहित अन्य कई शिक्षक मौजूद रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में **'नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि'** मनायी गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा द्वीप प्रज्जवलित करके आरती उतारा। प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने बताया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय राष्ट्रवादी थे, जिनकी देशभक्ति भारतीयों के दिलों में छाप छोड़ गई है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को आजाद हिंद फौज के संस्थापक के रूप में जाना जाता है । उनका प्रसिद्ध नारा है **तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा** यही देश के नौजवानों में प्रेरणा फूटने वाला वाक्य था जो भारत मे नहीं अपितु विश्व के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया गया। उन्होंनें आजाद हिंद फौज का गठन किया था और भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे कई योगदान दिए। सुभाष चंद्र बोस को असाधारण नेतृत्व कौशल और करिश्माई वक्ता के साथ सबसे प्रभावशाली स्वतंत्रता सेनानी माना जाता है । नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारत में एक सच्चे और बहादुर नेता थे, जिन्होंने अपने मातृभूमि के खातिर अपना घर और आराम त्याग दिया था । उन्होंने ब्रिटिश शासक के खिलाफ भारत की आजादी के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के



दौरान बड़ी हिम्मत से लड़ा था। उन्होनें प्रतिभाशाली ढंग से आई0ए0एस0 परीक्षा को पास किया था, परंतु उसको छोड़कर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में जुड़ने के लिए 1921 में असहयोग आंदोलन के द्वारा जुड़ गये थे। कुछ समय के बाद वह बंगाल कांग्रेस के वॉलिंटियर कमांडेड, नेशनल कमांडेड, नेशनल कॉलेज के प्रिंसिपल और कोलकाता के मेयर उसके बाद निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किये गये थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 18 अगस्त, 1944 को ताइवान के एक अस्पताल में एक विमान दुर्घटना मे जलने के बाद मृत्यु हो गयी थी। पुण्यतिथि अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण का आयोजन किया गया। भाषण के अन्तर्गत निखिल त्रिपाठी, आदित्य गुप्ता, यशी पाण्डेय, अंशिका यादव, सुनैना शुक्ला, स्वारा मिश्रा, अनन्या वर्मा एवं पूर्वी गुप्ता ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। अंत में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी नें भाषण में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, एक्टीविटी इंचार्ज राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक व अध्यापिकाओं ने मिलकर 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस का पुण्यतिथि' को मनाया।

# नीति आयोग के सूचकांकों के प्रगति की डीएम ने समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश




जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद को अति पिछड़ा होने के कारण भारत सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी जिले में शामिल किया गया है। इस कारण जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य कराए जाते हैं जिसकी समय-समय पर नीति आयोग द्वारा समीक्षा की जाती है। इसी क्रम में शुक्रवार को आयोग के द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, एग्रीकल्चर, स्किल डेवलपमेंट, वित्तीय समावेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में निर्धारित सूचकांक की प्रगति की समीक्षा जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा की गई।

बताते चलें कि समीक्षा बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण में निर्धारित सूचकांकों की समीक्षा करते हुए उन्होंने एएनसी जांच के लिए रजिस्टर्ड हुई शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव कराए जाने का निर्देश दिया। इसके साथ शिक्षा क्षेत्र में नीति आयोग के सूचकांक विद्यार्थी एवं शिक्षक अनुपात में प्राइवेट विद्यालय को भी सम्मिलित किए जाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कृषि क्षेत्र के सूचकांक फसल बीमा योजना एवं माइक्रो इरिगेशन में प्रगति लाए जाने तथा फसल बीमा योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को आच्छादित किए जाने तथा एग्रीकल्चर क्रेडिट प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया है। वहीं डीएम ने स्किल डेवलपमेंट, फाइनेंशियल इंक्लूजन, बेसिक स्ट्रक्चर के सूचकांकों पर समीक्षा की एवं निर्धारित सूचकांकों में प्रगति लाते हुए संतृप्त किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ डॉ सुशील कुमार, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक,डीसी मनरेगा सतीश पांडे, डीईएसटीओ, अपर डीईएसटीओ राजेश पटेल,बीएसए कल्पना देवी, डीपीओ निहारिका विश्वकर्मा, उपनिदेशक कृषि,जिला कृषि अधिकारी आरपी राणा,डिप्टी आरएमओ नरेंद्र तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## परमहंस की 20वीं पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा ने किया नमन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के शलाका पुरुष आंदोलन के प्रणेता, हिंदू महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष अयोध्या रामचंद्र परमहंस दास जी महाराज की 20वीं पुण्यतिथि पर हिंदू महासभा के नेता मनीष पांडेय के नेतृत्व में उनकी समाधि स्थल पर जाकर नमन किया गया इस अवसर पर हिंदू महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि, परमहंस जी महाराज के तीन सपने थे जिसमें से एक अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, उनके दो स्वप्न जिसमें से एक कृषि जन्मभूमि तथा दूसरा काशी विश्वनाथ मंदिर बचा हुआ है जिसके लिए हिंदू वीर संघर्ष करते हुए शीघ्र ही वहां पर मंदिरों का निर्माण करेंगे, श्री पांडे ने कहा कि परमहंस जी महाराज द्वारा पूजित सिलाओं को बन रहे भव्य राम मंदिर निर्माण में उचित जगह पर स्थान देकर प्रतिष्ठित किया जाना चाहिए हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत रामलोचन शरण शास्त्री ने कहा कि परमहंस जी का व्यक्तित्व और कृतित्व उन्हें एक महान संत की श्रेणी में खड़ा करता है, उनके द्वारा किए गए कार्यों का संत समाज ने हमेशा से समर्थक रहा है आगे भी उनके द्वारा जो कार्य अधूरे छूट गए थे।

# श्रीराम की पावन धरा पर छात्रों ने जानी घर-घर पानी पहुंचाने की कहानी



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना से लाभान्वित हुए ग्रामीण परिवारों से मिलकर स्कूली छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बरसों से स्वच्छ पीने के पानी का इंतजार कर रहे ग्रामीणों ने बच?चों से अपने सुखद अनुभव साझा किए। जिसको सुनकर बच्चों को पीएम की महत्वाकांक्षी हर घर जल योजना की जानकारी मिली। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से अयोध्या में आयोजित जल ज्ञान यात्रा में छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता के साथ भाग लिया। हाथों में जल बचाने के स्लोगन लिए बच्चे शाहबाजपुर फिलसेंडा स्कीम पहुंचे। जल निगम (ग्रामीण) की प्रयोगशाला में गए और गुप्तार घाट व निर्माणधीन एसटीपी अयोध्या का भ्रमण भी किया।

अयोध्या स्थित शाहबाजपुर स्कीम से शुक्रवार को विधायक रामचंद्र यादव, एसडीएम रुदौली अंशुमान सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम अरविंद यादव ने जल ज्ञान यात्रा को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। जल ज्ञान यात्रा अयोध्या के रुदौली, सोहावल, मसौधा विकास खंड के गांव में गई। यहां बच्चों ने ग्रामीणों को जल बचाने संदेश दिया और हर घर तक पहुंचे नल कनेक्शनों को देखा और ग्रामीणों से बातचीत भी की। अयोध्या के 10 प्राथमिक स्कूल के लगभग 100 छात्र-छात्राओं व 20 अध्यापकों का दल जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के शैक्षिक भ्रमण पर निकला। जल निगम के अधिकारियों व कर्मचरियों ने छात्रों को पाइप वॉटर सप्लाई स्कीम के बारे में जानकारी दी।

**वॉटर टेस्टिंग लैब में नन्हें हाथों ने किया जल गुणवत्ता परीक्षण**

शाहबाजपुर फिलसेंडा स्कीम और गांव का भ्रमण करने के बाद स्कूली बच्चे जल निगम ग्रामीण की प्रयोगशाला पहुंचे। यहां बच्चों ने पानी को शुद्ध करने वाली मशीनों को देखा और इन मशीनों का पानी को शुद्ध करने में कैसे उपयोग होता है इसको भी जाना। बच्चों ने एफटीके किट से जल गुणवत्ता परीक्षण भी किया।

**गांव-गांव जाकर स्कूली बच्चों ने जानी स्वच्छ पेयजल की कहानी**

जल ज्ञान यात्रा के दौरान बच?चों ने अशुद्ध जल को स्वच्छ करने की पूरी प्रक्रिया को भी समझा। एफटीके प्रशिक्षित महिलाओं और तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं से भी बातचीत कर उनसे कई रोचक जानकारियां ली।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सद्भावना दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। जहां पर जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को सभी धर्म, भाषा और क्षेत्र के मध्य राष्ट्रीय एकीकरण सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ाने की प्रतिज्ञा में प्रतिज्ञा करता करती हूं कि मैं जाति, संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा करूंगी। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता करती हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा सुलझाऊंगी दिलाई गई।

### पटरी दुकानदार पर राड से जानलेवा हमला

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नगर कोतवाली अंतर्गत पुलिस ने एक पखवारे पूर्व पुष्पराज चौराहे के पास पटरी दुकानदार पर राड से जानलेवा हमला और दुकान में तोड़फोड़ के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।
गौरतलब है कि 2 अगस्त की देर रात विवाद के बाद हिंदू युवा वाहिनी से जुड़े शंभू जायसवाल के साथ काली सफारी और इको स्पोर्ट से पहुंचे विष्णु जायसवाल, बृजेश जायसवाल व 7-8 अन्य ने रॉड से हमला कर एक दुकानदार को मरणासन्न कर दिया था तथा दुकान तोड़ दी थी। मामले में पीड़ित शुभांशु श्रीवास्तव निवासी नन्दनगर थाना परसरामपुर जनपद बस्ती हालपता बेनीगंज ने तीनों को नामजद करते हुए बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला व तोड़फोड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी सिविल लाइन धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा की टीम ने नामजद एक आरोपी आवास विकास कालोनी निवासी बृजेश जायसवाल उर्फ विष्णु जायसवाल को उसके घर से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पहले से दलित से मारपीट, आबरू पर हमला, घर में घुसकर गाली गलौच व धमकी की दो रिपोर्ट दर्ज मिली है। पकड़े गए आरोपी का चालान किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री का अयोध्या आगमन आज

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश शासन के सूचना के अनुसार 19 अगस्त 2023 को जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री 19 अगस्त को लगभग 11 बजे हेलीपैड राम कथा पार्क अयोध्या में पहुंचेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री साकेत वासी पूज्य महंत रामचन्द्र परमहंस दास जी महाराज की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री राम जन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन तथा मंदिर निर्माण के कार्यों का अवलोकन करेंगे। तत्पश्चात अन्य कार्यक्रम में भाग लेंगे। तत्पश्चात हेलीपैड राम कथा पार्क अयोध्या पहुंचकर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री का लगभग 2 घंटे का अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम है।

### चर्चित थार कांड में पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नगर कोतवाली के सुभाष नगर इलाके में टक्कर मार कई को घायल करने तथा वाहनों व ठेला को क्षतिग्रस्त करने के चर्चित थार कांड में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 10 अगस्त की देर शाम फतेहगंज से चौक की ओर आ रही एक थार जीप ने अनियंत्रित होने के बाद सुभाषनगर इलाके में टक्कर मार दहशत फैला दी थी। घटना में बुजुर्ग पति पत्नी समेत चार गंभीर घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराना पड़ा था, जबकि मौके से वाहन सवार दोनों युवक जीप को छोड़ भाग निकले थे। वाहन के पंजीकरण नंबर के आधार पर जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। तीसरे दिन उपचार के लिए लखनऊ ले जाते समय बुजुर्ग महिला जरीना बानो निवासी पुरानी सब्जी मंडी सुभाष नगर की मौत हो गई।सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पाण्डेय की टीम ने लापरवाही से वाहन चला टक्कर मार गैर इरादतन हत्या के आरोप में अफीम कोठी के पास परिक्रमा मार्ग से एक आरोपी विकास कुमार निवासी लाला का पुरवा सोखावा थाना रौनाही को गिरफ्तार किया है। मामले में घायल महिला की मौत के बाद गैर इरादतन हत्या की धारा तरमीम की गई है। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने चालान किया है।

### सम्मानित हुईं सूबेदार पुत्री परमजीत कौर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** आजादी का अमृत महोत्सव पूरा देश मना रहा है और आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगह-जगह पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी किया जा रहा है इसी क्रम में एक अलग पहल दिखाते हुए राष्ट्रीय व्यापार सेना ने आज एक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें देश के लिए शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित करने का कार्य किया गया इसी कड़ी में राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत सूबेदार स्व सरदार सरवन सिंह की पुत्री परमजीत कौर को सम्मानित किया गया आपको बता दें कि परमजीत कौर के पिता सरदार सरवन सिंह भारत पाकिस्तान का विश्व युद्ध भी जो सन 1965 में हुआ था उसमे भागीदारी लिए थे और भारत को विजई बनाने का काम किया था उसके बाद सन् 1970 में सेवा नृत्य हो गए फिर पुणे सेवा नृत्य हुए जवानों को सन 1971 में युद्ध के लिए वापस बुला लिया गया जिसमें वह पुणे सेवा नृत्य होने के बाद भी उसमें भाग लिया और देश का गौरव बने जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया जा चुका है और आज सूबेदार पुत्री परमजीत कौर को राष्ट्रीय व्यापार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक दुबे द्वारा अंग वस्त्रम् व छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया।

### भाकियू राष्ट्रीयतावादी अब लड़ेगी आर पार की लड़ाई: नरेंद्र

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की एक पंचायत पार्टी के नजरबाग स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। पंचायत में किसान, मजदूर, व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर मांगे पूरी करने हेतु संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्तागण एक साथ लामबंद हुए। उन्होंने मांगे पूरी न होने पर आगे अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दिया। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर संगठन की तरफ से एक ज्ञापन दिया गया है। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित था। जिसे जिलाधिकारी अयोध्या को सौंपा गया है। ज्ञापन में छुट्टा एवं आवारा पशु के संर्वधन को सुचारित करने, गांव व शहरों में सुचारू रूप बिजली की आपूर्ति हो, सिंचाई का पानी टेल तक पहुंचे, अयोध्या में निराश्रित हो रहे व्यापारियों को उचित मिले, गांवों में कैंप लगाकर राशन कार्ड बनाया जाए, किसानों की सम्मान निधि दो हजार से बढ़ाकर चार हजार रूपये किया जाए व किसानों को दस हजार रूपए प्रतिमाह गुजारा भत्ता मिले आदि मांगे हैं। जो जल्द से जल्द पूरी हो। नही तो भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होगी। व धरना प्रदर्शन करेगी, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला प्रभारी बाराबंकी रामकिशोर मौर्या, बाराबंकी जिला महासचिव विधिचंद्र यादव, अयोध्या नगर अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष रेनू दूबे, फूलकला, राजू यादव, जग प्रसाद, रामकेवल गौतम समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### हाई टेंशन लाईन की चपेट में आने से किसान की मौत, पुलिस ने शुरू की आवश्यक कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** घर के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाईन एक किसान के लिए काल बन गई। पत्नी को खाना खाने के लिए बुलाने छत पर चढ़े किसान का संपर्क हाई टेंशन लाईन से हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना जरवल रोड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत धनराजपुर नई बस्ती निवासी 55 वर्षीय बरसाती पुत्र वली मोहम्मद की छत से ग्यारह हजार लाइन गुजरी है। बरसाती के घर के पीछे उसका खेत है जहां पर उसकी पत्नी फहीमा काम कर रही थी। शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे फहिमा को खाना खाने के लिए बुलाने के उद्देश्य से किसान बरसाती छत पर चढ़े। तभी वह अंजाने में एचटी लाइन के संपर्क में आ गए जिससे करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी थाने में दी। लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस को मौके पर भेज दिया गया है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### देसी तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/हैदरगंज-अयोध्या।** तारुन थाने के उपनिषद अश्वनी प्रताप सिंह ने अपने हमराही पुलिस फोर्स के साथ बालापुर चौराहे के पास से देसी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को पकड़ कर जेल भेजा है। पुलिस उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के तहत तारुन पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना तारुन अशोक कुमार यादव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 8 बजे थाने के उपनिरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह अपने हमराही हेड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल सोनू यादव के साथ थाने में दर्ज मुकदमे के वांछित अभियुक्त प्रतीक गिरी पुत्र अवधेश गिरी निवासी ग्राम तारापुर गौहनिया को मुखबिर की सूचना पर बालापुर चौराहे से 315 देसी तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

# शिकायतकर्ता और सर्जन के बयान दर्ज अब चंदी हास्पिटल पर कार्रवाई की बारी

* पूरनपुर के चंदी अस्पताल का मामला, कार्रवाई से बचने का हर प्रयास कर रहा चिकित्सक
* जिला चिकित्साधिकारी के आदेश पर पूरनुपर सीएचसी के एमओआईसी कर रहे जांच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




पूरनपुर। प्रसव पीड़ा पर नगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती महिला की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने के मामले में सर्जन और शिकायतकर्ता के बयान दर्ज हो गए। अब अस्पताल और इसके चिकित्सक पर कार्रवाई की बारी नजदीक आ चुकी है। कार्रवाई से बचने के लिए चिकित्सक हर प्रयास कर रहा है। बताते हैं कि स्वास्थ्य विभाग से मामला रफा-दफा कराने को कुछ दलाल किस्म के लोग भी उसने लगाए हैं जो सिफारिस कर रहे हैं। हालांकि जांच अधिकारी ने एक-दो दिन में जांच पूरी कर कार्रवाई के लिए उच्चधिकारियों को लिखने की बात कह रहे हैं। चर्चा है कि अगर सहीं से जांच की गई तो अस्पताल और चिकित्सक पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। मामला पूरनपुर में संचालित चंदी हास्पिटल का है। गांव लोदीपुर निवासी फरचंद का कहना है कि 29 जुलाई को उनकी पत्नी सीमा देवी को प्रसव पीड़ा हुई। नगर के ही चंदी अस्पताल में में भर्ती कराया। डॉक्टर ने प्रसूता की हालत देखकर ऑपरेशन की जरूरत बताते हुए 28 हजार का खर्च बताया। आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही से ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद प्रसूता को ब्लीडिंग शुरू हो गई। धीरे-धीरे हालत खराब होने लगी। पूछने पर भी डॉक्टर ने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि उन्होंने इलाज के नाम पर 40 हजार वसूल लिए। आरोप है कि प्रसूता को गलत इंजेक्शन लगा दिया। स्वास्थ्य के बारे में पूछने पर डॉक्टर तिलमिला उठा। उसने कहा कि अब ऐसा उपचार करेंगे कि तुम्हारी पत्नी कभी नहीं उठेगी। करीब सप्ताह बाद भी हालत में सुधार न होने पर जबरन अस्पताल से सोमवार को डिस्चार्ज कर दिया। इसपर महिला के परिजनों ने हंगामा भी काटा। इस दौरान चिकित्सक और परिजनों के बीच तीकी नोकझोक हुई। महिला को गंभीर हालत में परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोप है कि शिकायत करने पर चंदी अस्पताल के चिकित्सक ने जान से मारने की धमकी दी। महिला के पति ने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से भी शिकायत की। मामला जिला स्वास्थ्य चिकित्साधिकारी तक पहुंचा तो उन्होंने एमओआईसी पूरनपुर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसपर चिकित्सक में खलबली मच गई है। कार्रवाई से बचने के लिए हर जुगत अपनाई जा रही है। इधर, जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता और महिला का आपरेशन करने वाली चिकित्सक के बयान दर्ज किए हैं। जांच अधिकारी के मुताबिक कुछ अन्य लोगों के भी बयान दर्ज होने हैं। एक-दो दिन में जांच पूरी कर ली जाएगी।

> पूरनपुर के निजी अस्पताल के चिकित्सक पर प्रसूता के उपचार में लापरवाही बरतने, गलत इंजेक्शन लगाने, मनमानी फीस वसूलने के बाद भी प्रसूता को गंभीर हालत में डिस्चार्ज करने आदि आरोप लगे हैं। पूरनपुर एमओआईसी को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल्द ही जांच पूरी कर आख्या देने का कहा है।
> **-आलोक कुमार शर्मा**
> सीएमओ, पीलीभीत

# पीलीभीत के सभी थाना क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स पर छापामारी व चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान

जन एक्सप्रेस । डॉ इसरार अहमद






पीलीभीत। औषधि निरीक्षक द्वारा इस हफ्ते जनपद के अलग अलग थाना क्षेत्रों में सरकार के दिशा निर्देश के अनुपालन मे लगातार नशा कारोबारियो के विरूद्ध अभियान चल रहा हैं।बिलसंडा, बीसलपुर, अमरिया, न्यूरिया व पूरनपुर मे दर्जनो छापामार कार्यवाही की गई है व संदेह के आधार पर काफी सारी औषधियो के नमूने जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेजे गये है जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर दोषियो के विरुद्ध न्यायालय मे नियमानुसार वाद दायर कर दंडित कराया जाएगा। यह भी बताया कि पूर्व मे न्यायालय द्वारा एक अभियुक्त को 4 साल का काराबास व दो लाख का जुर्माना भी कराया गया है एवं इस सत्र मे आठ दोषियो के बिरूद्ध न्यायालय वाद दायर कर चुकी है।औषधि निरीक्षक द्वारा नशामुक्ति अभियान के चलते आज पूरनपुर मे आधा दर्जन मेडिकल स्टोर्स पर छापामारी कर सघन जांच की गई, जांच के दौरान नाज मडिकल स्टोर, मंसूरी मेडिकल स्टोर व रजा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर दवा भंडारण, क्रय-विक्रय से सम्बन्धित बिल आदि की जांच की गई। जाँच के दौरान दस्तावेजों से प्राप्त अनियमितताओं के द्रष्टिगत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही हेतु आख्या सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल, बरेली को प्रेषित की जा रही है। जिनको कारण बताओ नोटिस के माध्यम से सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल, बरेली द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। एक अन्य दवा प्रतिष्ठान समीक्षा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर दवा भंडारण व नशीली दवाओ के संबन्ध मे दुकान की सघन तलाशी की गई, औषधियो के क्रय-विक्रय से सम्बन्धित बिल आदि की जांच की गई। जाँच के दौरान प्राप्त अनियमितताओं व निरीक्षण में सहयोग न किए जाने के कारण नियमानुसार अग्रिम आदेश तक दुकान बन्द करवा दी गई व कार्यवाही हेतु आख्या सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल, बरेली को प्रेषित की गई। सहायक आयुक्त (औषधि) बरेली मंडल, बरेली द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# करंट की चपेट में आने से दो किशोरियां झुलसी

* छत पर कपड़े डालने के दौरान हुआ हादसा अंधविश्वास में परिजन नहीं ले गए अस्पताल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



पूरनपुर। छत पर कपड़े सुखाने गई किशोरी भीगे कपड़े के कारण हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गई। गंभीर रूप से झुलसी किशोरी अचेत होकर छत पर गिर गई। अंधविश्वास के चलते स्वजनों ने किशोरी को रेत में दबा दिया। नगर निवासी एक किशोरी को पानी भरने के दौरान बिजली का करंट लग गया। एक किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है।नगर निवासी किशोरी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पूरनपुर नगर के मोहल्ला हबीबगंज गोटिया निवासी राजेंद्र कुमार की 15 वर्षीय किशोरी ज्योति गुरुवार रात नल से पानी भरने के लिए गई हुई थी। पंपिंग सेट से करंट नल में आ गया। नल चलाने के दौरान किशोरी करंट की चपेट में आ कर बुरी तरह झुलस गई। आनन-फानन में स्वजनों ने उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने किशोरी का प्राथमिक उपचार किया।हालत में सुधार होने पर किशोरी को घर भेज दिया।एक अन्य मामले में घुंघचाई क्षेत्र गांव फत्तेपुर निवासी राममूर्ति के मकान की छत के पास से हाईटेंशन लाइन निकली हुई है। शुक्रवार राममूर्ति की 16 वर्षीय किशोरी सावित्री देवी कपड़ों को सुखाने के लिए छत पर गई हुई थी।भीगा हुआ कपड़ा विद्युत लाइन में टच होने पर किशोरी करंट की चपेट में आ गई।करंट लगने से किशोरी बुरी तरह से झुलस कर अचेत होकर छत पर गिर गई।स्वजन किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल नहीं ले गए। स्वजनों ने अंधविश्वास के चलते किशोरी को रेत में दबा दिया। देर शाम तक स्वजन किशोरी को रेत में दबाए रहे। इससे किशोरी की हालत गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने किशोरी के सज्जनों को अस्पताल में ले जाकर उपचार कराने की सलाह दी। लेकिन स्वजन देर शाम तक किशोरी को रेत के ढेर में दबाए रहे।

# तिरंगा रैली में छात्र-छात्राओं से कराया पेस्टिसाइड का प्रचार, वीडियो प्रसारित

* खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसारित वीडियो की शुरु की जांच
* 15 अगस्त पर गांव में निकाली गई थी तिरंगा रैली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




पूरनपुर। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों को हाथ में झंडा पकड़कर तिरंगा रैली निकाली गई। गांव की गलियों में निकाली गई रैली में छात्र छात्राओं को पेस्टिसाइड की प्राइवेट कंपनी का बैनर पकड़ा कर प्रचार किया गया।मामले का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसारित वीडियो की जांच शुरू की है।
स्वतंत्रता दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को हाथों में झंडा लेकर तिरंगा रैली निकाली गई। पूरनपुर क्षेत्र के कढ़ैरचौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों ने छात्र छात्राओं को हाथों में झंडा पकड़ा कर तिरंगा रैली निकाली।तिरंगा रैली में कुछ छात्र पेस्टिसाइड की प्राइवेट कंपनी का बैनर लेकर चल रहे थे। रैली में अध्यापक भी शामिल थे। स्कूल के छात्र छात्राओं से पेस्टिसाइड कंपनी का प्रचार कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। चर्चा है कि जिम्मेदारों की मिली भगत से गांव में तिरंगा रैली की आड़ में पेस्टिसाइड कंपनी का प्रचार कराया गया। वीडियो प्रसारित होने के बाद से अध्यापकों की खासी फजीहत हो रही है। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रसारित वीडियो की जांच शुरू की है।

> तिरंगा रैली में पेस्टिसाइड का बैनर लेकर चल रहे छात्र छात्राओं का वीडियो संज्ञान में आया है। अध्यापक का स्पष्टीकरण तलब किया गया है। जांच के दौरान जो तथ्य सामने आएंगे उन्ही के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-विजय वीरेंद्र**
> खंड शिक्षा अधिकारी पूरनपुर

## फास्ट फॉरवर्ड

### जहरीले पदार्थ के सेवन से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। संदिग्ध परिस्थितियों में नगर निवासी एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर स्वजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए।जिला अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पूरनपुर के मोहल्ला का कायस्थान निवासी धर्मेंद्र (45) वर्ष पुत्र श्यामा चरण ने संदीप परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में अधेड़ की हालत बिगड़ने लगी।आनन- फानन में स्वजन उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।स्वजन एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के लिए ले जा रहे थे।गंभीर हालत में अधेड़ ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।मौत से परिजनों में चीत्कार मच गया।

### गुलैदा चौराहे पर उधारी के पैसे मांगने पर हुई मारपीट

जन एक्सप्रेस/बीसलपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में देर रात्रि उधारी के पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्ष के 2 लोग घायल हो गये। घायलों ने बीसलपुर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर देने के बाद घायलों को मेडिकल हेतु सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टरों द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहिरपुरा नगला निवासी अरुण कुमार पुत्र रामसनेही लाल ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपने घर से गुलैदा चौराहे पर स्थित राजवीर पुत्र जगन्नाथ की मिठाई की दुकान पर उधारी के पैसे मांगने गए थे। उन्होंने दुकानदार राजवीर से अपने पैसे मांगे तभी दुकानदार गाली गलौज करने लगा। जब ग्रामीण ने गाली गलौज का विरोध किया। इसी दौरान अरुण कुमार व राजवीर उसके दो साथियों से मारपीट हो गई। मारपीट में अरुण व राजवीर घायल हो गए। दोनों घायलों ने कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेने के बाद दोनों घायलों को मेडिकल हेतु सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया गया। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### कपड़ा व्यवसायी और छात्र ने फांसी लगाकर दे दी जान

जन एक्सप्रेस/ प्रयागराज। शहर में दो अलग अलग जगहों पर एक अधेड़ उम्र कपड़ा व्यवसाई और किशोर उम्र छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। कयास के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र में कपड़ा व्यवसाई सुशील अग्रवाल (40) और कर्नलगंज क्षेत्र स्थित मंफोर्डगंज निवासी राम नारायण सिंह का पच्चीस वर्षीय बेटा कमल सिंह का शव फांसी पर लटका मिला। कपड़ा व्यवसाई सुशील अग्रवाल मोतीगंज क्षेत्र के शक्ति चौरा में रहता था। सुशील की कोठापार्चा में कपड़े की दुकान थी। कमल सिंह ट्यूशन पढ़ता था। पुलिस खुदकुशी के मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### जसरा में 27 को माटी का लोकरंग, कजरी की खुशबू बिखेरेंगे लोक कलाकार

जन एक्सप्रेस/ प्रयागराज। यमुनानगर के जसरा ब्लॉक परिसर में 27 अगस्त को कजरी महोत्सव 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माटी का लोकरंग नामक कार्यक्रम में 40 लोक कलाकारों द्वारा विविध रंगों के कजरी गीतों का समागम होगा। हास्य कवि अशोक बेशरम ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम संयोजक धीरज कुमार ऋतुराज हैं। इसमें आकाशवाणी से जुड़े कई प्रख्यात लोक कलाकार कजरी गीतों को प्रस्तुत करेंगे।

### महाकुंभ 2025 के लिए 33 परियोजनाओं की मंजूरी

जन एक्सप्रेस/ प्रयागराज। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र की अध्यक्षता में गठित प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए गठित शीर्ष समिति ने महाकुंभ के लिए सात विभागों की 33 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 269.43 करोड़ रुपये की लागत से इन परियोजनाओं से मेला व्यवस्था से जुड़े कार्य कराए जाएंगे।

### युवक की हत्या में पुलिस के हाथ खाली

जन एक्सप्रेस/ वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव पूरब तरफ सिवान में मंगलवार को हत्या कर फेंके गए युवक की शव मामले में पुलिस के हाथ कोई सुराग 3 दिन बीतने के बाद भी नहीं लगी। जांच करने में पुलिस ने रामनगर से लेकर घटनास्थल जाने वाले मार्ग पर लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला है। जिसके बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग अभी तक नहीं मिली है। परिजनों के अभी तक नहीं पहुंचने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पाई। मृतक ट्रक पर खलासी का काम करता था। उड़ीसा सेमाल लोड करके रामनगर आया थारामनगर से आटा लोड करके उड़ीसा उसे जाना थाद्य उसकी शिनाख्त ओडिशा के कोणार्क पूरी बनखंडी चज्जूनेरी के रहने वाले 35 वर्ष काशश चंद्र मुडॉली पुत्र गगन के रूप में हुई थी। हत्याकांड की जांच में रमना चौकी प्रभारी कुंवर अंशुमान सिंह ने बताया कि हत्या से जुड़ी कोई कड़ी अभी नहीं मिल पाई है।

# जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

* समस्याओं का निस्तारण समय से करें अधिकारी कर्मचारी

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में विकास खंड बरसठी के हरद्वारी गांव जन चौपाल लगाकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा किया और नहर में पानी न आने की शिकायत पर सबंधित विभाग के अधिकारी को एक सप्ताह में नहर में पानी देने का निर्देश दिया। हरद्वारी गांव के कम्पोजिट विद्यालय पर आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में पहुंचते ही गाँव में चल रहे कार्य को तत्काल पूर्ण करने के लिए ग्राम प्रधान सिकरेट्री और बीडीओ को कहा।ग्रामीणों ने विद्युत आपूर्ति ठीक ढंग से न होने व नहर में पानी न आने की शिकायत की जिस पर डीएम ने नहर विभाग के अधिशासी अभियंता विपिन कुमार से पूछा तो उन्होंने बताया कि 11अगस्त से पानी बन्द है और वह बाबतपुर जा रहा है।जिस पर डीएम ने एक सप्ताह में पानी देने का निर्देश दिया।शौचालय की समीक्षा करने पर 115 लोगों का आवेदन पड़ा है लेकिन पैसा नही आया।उन्होंने जांच कराकर शीघ्र ही पात्र लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजने का निर्देश दिया।डीएम ने गांवों में बन रहे आवास को 4 दिन में पूर्ण कराने का निर्देश दिया।किसान सम्मान निधि के 545 लाभार्थियों के सापेक्ष 525 के खाते में पैसा जा रहा है शेष का प्रोसेस चल रहा है। डीएम अनुज कुमार झा ने कहा कि सभी विभागों का कैम्प लगाकर लाभार्थियों को सरकार से संचालित योजना का लाभ मिले। चौपाल में सीडीओ साई सिलम तेजा,श्रम परिवर्तन अधिकारी रीना,एसडीएम कुणाल गौरव, नायब तहसीलदार प्रमोद यादव, खण्ड विकास अधिकारी ऋचा सिंह, राकेश कुमार मिश्रा,जेई विजय सिंह,मनरेगा जे ई प्रदीप सिंह ,हरिप्रकाश सिंह,डॉ अजय सिंह,प्रधान निर्मला यादव हरिओम यादव सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार एवं पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कारागार में स्थित भोजनालय, अस्पताल, 06,07,08 बैरक, किशोर बैरक व महिला बैरक का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान महिला/पुरूष बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के उन्होंने एक दिन में जेल में बंदियों से मिलने आये परिवारजनों के सम्बन्ध में जेल अधीक्षक से जानकारी ली गई।जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल निरीक्षण के दौरान बीमार कैदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को कडे निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुरूप कैदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही साथ भोजनालय निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व डिप्टी जेलर, सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लोक सेवा आयोग द्वारा बंदना यादव का प्रवक्ता पद पर हुआ चयन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



लोक सेवा आयोग की परीक्षा मे वंदना यादव ने सफलता हासिल की है, राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर बायोलॉजी विषय के लिए चयन हुआ है। बंदना ने लगातार इसके पूर्व तीन परीक्षाओं में भी सफलता हासिल की थी ।पहला सिलेक्शन सत्र 2019 केंद्रीय विद्यालय मदुरई चेन्नई में असिस्टेंट टीचर, दूसरा सफलता 2021 में 69000 शिक्षक भर्ती में प्राथमिक विद्यालय में हुआ था, तीसरा सिलेक्शन 2021 एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक के पद पर राजकीय जूनियर हाई स्कूल में हुआ था ।चौथी सफलता में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में प्रवक्ता पद पर राजकीय इंटर कॉलेज में भर्ती पद पर हुआ । इस सफलता का श्रेय अपने पति प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अरविंद यादव माता-पिता सास-ससुर के देती है। सुईथाकला ब्लॉक के दुखीपुर संभल शाह की रहने वाली है। इस सफलता पर एबीएसए राजेश वैश्य, अटेवा जिला महामंत्री इंदु प्रकाश यादव, चंदन सिंह, डॉ अतुल प्रकाश यादव, विवेकानंद, महेंद्र वर्मा, उमेश तिवारी, अजय मिश्रा, पारस यादव ,सतीश सिंह, सुधाकर सिंह, संजय सिंह, सुशील मिश्रा ने बधाई दी।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में अमृतलाल को मुख्य अतिथि बना किया गया सम्मानित

* हमने एक ऐसी फैक्ट्री लगाई है जो दूसरों के चेहरे पर मुस्कान आने का काम करती है: अमृतलाल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आयोजित समारोह में मझोला नगरपंचायत में पीलीभीत के वरिष्ठ समाजसेवी अमृतलाल को मुख्य अतिथि बनाकर सम्मानित किया गया। शपथग्रहण समारोह में मानो पूरा मझोला ही उमड़ पड़ा था जहाँ नगरपंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामौतार अग्रवाल मौजूद थे तो वहीं मुस्लिम समाज के डॉ मुन्ने खां भी मौजूद रहे। भाजपा के डोरीलाल वर्मा, रामानंद सिंह एडवोकेट आदि भी मौजूद रहे। अमृतलाल ने अपने भाषण में कहा कि हमने एक ऐसी फैक्टरी लगाई है जो दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने का काम करती है चाहे वो मुस्कान मोतियाबिंद के ऑपरेशन, चश्मे बांटने से,चाहे कृत्रिम उपकरण बांटने से या बच्चों के दिल के ऑपरेशन कराने से आती हो। समारोह में बोलते हुए निःशक्त जन सेवा संस्थान के सचिव नीलकमल ने बताया कि निकट भविष्य में ही रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल बरेली के सौजन्य से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन, आंखों की जांच,चश्मों व दवाओं का वितरण आदि का शिविर मझोला में भी लगाया जाएगा।



# शराबियों के आतंक से परेशान महिलाएं कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर ठेका हटाने की मांग की

* बोली साहब हम लोग बिधवा हो जा रही है ठेका बंद करा दीजिए

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शराबियों के उत्पात से परेशान होकर एक गांव की सैकड़ों महिलाओं ने देशी शराब के ठेके के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का आरोप है कि उनके गांव में ठेका होने से बच्चे-बड़े सभी उम्र के लोग शराब पी-पीकर जान से हाथ धो रहे हैं. गांव की कई महिलाएं विधवा हो चुकी हैं. इससे उनके परिवार के सामने आजीविका पर संकट गहरा गया है।शराबी गांव में बहन, बेटियों को छेड़ते है उक्त मामला जिले के जाफराबाद थाना क्षेत्र के बशीरपुर गांव का है नाराज महिलाओं का कहना है- गांव में शराब का ठेका होने से यहां शराबियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. लोग नशे के आदी होते जा रहे हैं। शराबी गांव की बहन-बेटियों को आये दिन छेड़ते रहते हैं. शराबियों के उत्पात से गांव में अक्सर हंगामा होता रहता है. ऐसे में इन ठेकों को हटा दिया जा चाहिए यही नहीं बेटियों की शादी पर भी पड़ रहा है असर गांव की महिलाओं का आये दिन होने वाले शराबियों के हंगामे के चलते इस गांव में दूसरे गांव से कोई आना नहीं चाहता. दूसरे गांव के लोग इस गांव में रिश्ता भी नहीं करना चाहते हैं. शराब के ठेकों के चलते यहां की लड़कियों की शादी पर बुरा असर पड़ रहा है. गांव के लड़के-लड़कियों का भविष्य दांव पर लग गया है।

**पुलिस ने केस पर लिया संज्ञान**

पूरे मामले में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार ने बताया कि जफराबाद थाना क्षेत्र के बशीरपुर गांव में जिन महिलाओं ने देशी शराब के ठेके को बंद कराने के लिए धरना दिया था, उन्हें फिलहाल समझा बुझाकर धरना समाप्त करा दिया गया है. और जिला आबकारी अधिकारी को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

# छात्र पर पिस्टल से फायर कर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के दांदामऊ में शुक्रवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने इंटर के छात्र पर लाइसेंसी पिस्टल से तीन फायर कर दिए। गोलियां उसके दोनों पैरों के घुटनों पर लगी। घायल को स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी को पिस्टल समेत हिरासत में ले लिया है। घायल के पिता ने आरोपी, उसके भाई और पिता के

- दोनों घुटनों पर लगी गोली, पीएचसी से जिला अस्पताल हुआ रेफर
- पुलिस ने पिस्टल और कारतूस के खोखे भी किए बरामद
- घटना के पीछे की वजह को लेकर अलग-अलग बातें आई सामने



घटना में शामिल होने की बात कही है। बीघापुर कोतवाली के दांदामऊ गांव निवासी नितीश उर्फ तनू (17) पुत्र अजय तिवारी क्षेत्र के ही एक कालेज में इंटर का छात्र है। शुक्रवार सुबह तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे वह गांव में राकेश गुप्ता की परचून की दुकान में घर का सामान लेने गया था। वहीं पर गांव का ही भोला शंकर पांडेय पुत्र लव प्रकाश पांडेय से किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हुई इसके बाद भोला शंकर अपने घर गया और अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेकर अपने दरवाजे पर बैठ गया। नीतीश दुकान से वापस आते दिखा भोला ने उसके ऊपर गोली चला दी जो उसके दोनो पैरों में लगी है। ग्रामीणों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और घायल को पीएचसी बीघापुर भेजा। पुलिस ने आरोपी भोला शंकर को मय पिस्टल के धर दबोचा। जबकि मामले में घायल किशोर के पिता अजय तिवारी ने दी गयी तहरीर में बताया कि उसके पिता शिवसागर मंदिर में पूजा कर रहे थे तभी लव प्रकाश अपनी लाइसेंसी बंदूक, उसका बेटा भोला शंकर अपनी पिस्टल व गिरजा शंकर हाथ में डंडा लेकर आए और गाली गलौज करने लगे। बेटे नितीश ने विरोध किया तो उस पर पिस्टल से गोली चला दी। बचाने दौड़े पिता पर भी शिव सागर ने फायर किया। एसओ अखिलेश तिवारी ने बताया कि अभी तक मुझे कोई तहरीर नही मिली है। प्राथमिक जांच में दुकान पर विवाद की बात प्रकाश में आई है। हमलावर को पिस्टल के साथ हिरासत में ले लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### नव युवक का संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला शव



मृतक अंशू का फाइल फोटो

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा एक नवयुवक का शव शुक्रवार सुबह संदिग्ध हालत में घर के बरामदे में दुपट्टे के फंदे पर शव लटका मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अचलगंज थाना क्षेत्र के हड़हा के अम्बेडकर नगर मोहल्ला निवासी अंशु सोनकर (22) पुत्र संतोष कुमार ने इसी साल ग्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। बीती रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया था। शुक्रवार सुबह काफी देर तक घर से नहीं दिखाई नहीं दिया तो परिजनों को आशंका हुई। घर के बरामदे में परिजन पहुंचे तो दुपट्टे के फंदे से अंशू का शव लटका देख उनके होश उड़ गए। घर वालों की चीख पुकार सुन कर घर के बाहर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ अचलगंज प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि छात्र में सुसाइड करने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव का पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। चाचा मंगल प्रसाद के मुताबिक भतीजे अंशू की मां भोली की दो साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। पिता संतोष मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। एक छोटी बहन आसिनी है। परिजनों के मुताबिक घर की माली स्थिति को देख कर वह अवसाद में रहता था।

### 12 घंटे से अधिक समय तक लग रहा जाम, वाहन रेंगे



जन एक्सप्रेस/बिछिया/उन्नाव। अयोध्या में श्रावण झूला मेला और कावड़ यात्रा के चलते कानपुर लखनऊ हाईवे पर सदर कोतवाली के गदन खेड़ा चौराहे पर रूट डायवर्जन किया गया था साथ ही दही थाना क्षेत्र के पुरवा मोड़ पर डायवर्जनकिया गया था ताकि मोहन लाल गंज होते हुए भारी वाहन निकल जायेंगे। लेकिन महोबा से और अन्य जगह मौरंग लादकर आ रहे ट्रक चालकों ने बताया की पहले से जानकारी नहीं थी नहीं तो आराम से आते जिसके चलते जाम में न फंसना पड़ता। बीते दिन की देर रात से ही हाईवे पर जाम के हालात बने हुए थे और वाहन रेंग रहे थे । करीब 12घंटे से जाम जैसे हालात बने हुए थे। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की डायवर्जन के चलते जाम के हालात हैं खुलवाया जा रहा है जहां जब वाहन मुड़ते है तो पीछे से जाम लग जाता है।

### कानपुर और शुक्लागंज मार्ग से जा रही ई बसें जाम में फंसी

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंस गई और जाम तीखा हो गया। जाम को देख मौजूद पुलिस ने जाम छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। इसके अलावा बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का कार्य होने के कारण भी पूरे दिन रूक रूक कर जाम लगता रहा। जिससे जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस भी फंसी रही।

### विवाहिता की तहरीर पर देवर देवरानी समेत अन्य पर मुक़दमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। ऋषि नगर निवासी माधुरी मिश्रा पत्नी स्व0 अमित मिश्रा ने बताया कि उसके देवर अखिलेश मिश्रा के पास उसके पति की चौपहिया कार, ससुर का वाहन है। वह घर जा रही थी, जिस पर देवर, देवरानी और मामा की लड़की ने उसे रोक लिया और घर से निकाल दिया। जब उसने वाहन के बारे में पूछा तो धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जातिसूचक गालियां देकर मारपीट करने का आरोप

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। सर्वोदय नगर निवासी आदित्य राजपूत ने बताया कि उसके पिता प्रदीप राजपूत की सरकारी राशन की दुकान है। दुकान में राशन का सामान ट्रैक्टर ट्राली से आया था। गली में दीप गुप्ता की कार खड़ी थी। जिस कारण दुकान की ट्राली नहीं जा पाई। जिस पर वह दीप से कार हटाने की बात कहने लगा। इस बीच दीप ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुये मारा पीटा। बीच बचाव करने आये पिता को भी पीट दिया। पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने मारपीट, दलित उत्पीड़न और रंगदारी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### शंकरपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान धांधली का आरोप लगा की डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज/उन्नाव। शंकरपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुये डीएम से शिकायत की थी कि ग्राम सभा में बीस रीबोर का लगभग आठ लाख रूपये निकाला गया। आरोप था कि कोई भी रीबोर नहीं कराया गया। इसके साथ ही अन्य विकास कार्य भी नहीं हुये हैं। जिस पर ग्रामीणों ने डीएम, सीडीओ से उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की थी। जिसे देखते हुये गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी संजय पांडे, सचिव दीपक गौतम के साथ शंकरपुर गांव पहुंचे। जहां उन्होंने विकास कार्यों की हकीकत देखी। इसके साथ ही ग्रामीणों से पूछताछ की। जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि कई स्थानों पर नालियां तक नहीं बनी और उसका पैसा पास हो गया। जिसकी रिपोर्ट डीडीओ ने तैयार कर सीडीओ को सौंपने की बात कही है।

### बिना अनुमति लिए देवर ने भाभी के खेत की मिट्टी बेच डाली

जन एक्सप्रेस/चौबेपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में देवर ने भाभी को बिना बताये उसके दो बीघा खेत से खनन हेतु मिट्टी का सौदा कर दिया। भाभी को जानकारी होने पर भाभी थाने जा पहुंची। और देवर के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दे दिया। चौबेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खरगपुर में देवर ने भाभी को बिना बताये भाभी की दो बीघा जमीन जो कि भाभी संतोष पाण्डेय पत्नी स्व. शिवप्रसाद पाण्डेय ने अपनी दो बीघा जमीन देवर अमित कुमार पाण्डेय को खेती के लिए दी थी लेकिन देवर ने उसका फायदा उठाते हुए उसने उस जमीन का सौदा एक खनन माफिया को बेच दी ज़ब इस बात का पता भाभी को चला तब तक बहुत देर हो चुकी थी ओर उसके खेत 5 फिट मिट्टी खोद कर बेचीं जा चुकी थी जिसके बाद भाभी ने देवर के पास फोन कर जानकारी लीं ओर उसे ऐसा करने से मना किया जिसपर देवर उसे भद्दी गालिया दे डाली अवगत कराते चले कि सतोष पाण्डेय के पति की मृत्यु कुछ समय पहले हो गईं थी और वह अपने भाई के साथ मकान न.130/258 ए बगाही बाबूपुरवा में रहती हैं और इसी खेती की फ़सल के सहारे अपना जीवन यापन करती हैं जिसके चलते महिला ने चौबेपुर थाने में लिखित प्रार्थना पत्र दिया हैं वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया हैं।

# सेवानिवृत्त सचिव के समस्त देयों का भुगतान कर दी गई विदाई

- जिला सहकारी बैंक ने शुरू की नई परिपाटी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



सेवानिवृत्त सचिव को चेक भेंट करते बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह साथ में सदर विधायक पंकज गुप्ता

सहकारिता विभाग में सफीपुर विकास खंड की साधन सहकारी समिति सकहन राजपूतान के सचिव पद से सेवानिवृत हुए श्याम सुंदर को जिला सहकारी बैंक मुख्यालय पर सम्मानित कर विदाई दी गई। सदर विधायक पंकज गुप्ता व बैंक के सभापति अरूण सिंह ने उनको देय समस्त भुगतान को एक मुश्त चेक भी प्रदान की। इस मौके पर सभापति अरूण सिंह ने बताया कि अभी तक सेवानिवृत होने वाले सचिवों को अपने देय फंड के भुगतान के लिए सालों तक भटकना पड़ता था। बैंक ने इस को संज्ञान में लेते हुए ये तय किया है कि अब सेवानिवृत्त होने वाले सभी के देयों का अविलंब भुगतान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत यूनिवर्सल सोमपो जर्नल इंश्योरेंस कंपनी ने पॉलिसी का शुभारंभ भी बैंक मुख्यालय पर किया। साथ ही किसानों को मिलने वाले लाभ की विस्तार से चर्चा भी की गई। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने जिला सहकारी बैंक की नई व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर बीजेपी सरोसी मंडल अध्यक्ष अमित त्रिपाठी, महाप्रबंधक संजय पांडेय, वीर पाल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# विवाहिता समेत दो के फंदे से लटके मिले शव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

- विवाहिता के परिजनों की तहरीर पर पति समेत सात पर दर्ज हुआ मुकदमा
- नव युवक के पजिनों ने पुलिस को आत्महत्या की दी तहरीर
- आसीवन थाना व सफीपुर कोतवाली क्षेत्र की घटनाएं

आसीवन थाना क्षेत्र में विवाहिता तो सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में युवक का शव संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिला। युवक के परिजनों ने पुलिस को आत्महत्या की तहरीर दी है जबकि विवाहित के मायके वालों ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का का मुकदमा दर्ज कराया है।

केस एक: आसीवन थाना क्षेत्र के खरगौरा निवासी ज्योति (23) पत्नी लेखलाल का शव कोठरी में लगे छल्ले से बंधे साड़ी के फंदे से शुक्रवार सुबह लटका मिला। सूचना पर पहुंचे इसी थाना क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी पिता सुरेश ने पति लेखलाल, सास सीमा, ससुर परशुराम, नन्द अंजू, मंजू, संजू व देवर सचिन को नामित करते हुए दहेज हत्या की तहरीर दी है। उसके मुताबिक 14 जून 2022 को उसने बेटी का विवाह अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज देकर किया था। लेकिर ससुराल वाले कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका अपने पीछे एक पांच माह के बेटे को रोता बिलखता छोड़ गयी। घटना से मृतका की मां सुमन सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ सन्दीप कुमार मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

केस दो: सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जुझारपुर गांव में एक नवयुवक का शव बीती देर रात गांव के बाहर पेड़ से बंधे फंदे से लटका मिला। मृतक के पिता कामता प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा संदीप कुमार (22) बीती शाम गांव की ही एक दुकान पर सामान लेने गया था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गयी। दुकान पर जानकारी करने पर पता चला कि काफी समय पहले निकल चुका है। खोजबीन करने पर गांव निवासी रूप नारायण पुत्र जगन्नाथ के खेत पर सड़क किनारे खड़े चिलवल के पेड़ में उसका शव प्लाटिक की रस्सी से बंधे फंदे से लटका मिला। परिजन घटना के पीछे कारण नहीं बता सके हैं। पुलिस को पिता ने युवक के आत्महत्या करने की तहरीर दी जिस पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

# सई नदी में नहाने गया नवयुवक डूबा, मौत

- दो घंटे की कड़ी मशक्कत कर कस्बाई युवकों ने खोजा शव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



शव को खोजबीन के दौरान मौके पर मौजूद पुलिस व अधिकारी

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र स्थित सई नदी पुल के नीचे शुक्रवार दोपहर को नहाने गए नवयुवक की गहरे पानी में जाने से डूबकर मौत हो गई। मवेशी चरा रहे चरवाहों ने युवक को डूबते देख परिजनों को सूचना दी। कस्बे के ही चार युवकों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव ढूंढ़कर बाहर निकाला। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। हसनगंज कस्बा निवासी कृष्णा (16) पुत्र ब्रजकिशोर शुक्रवार दोपहर दो बजे सई नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। नदी के बाहर कपड़े रख कर नहाने लगा तभी वह गहरे पानी में डूबने लगा?। पास में ही मवेशी चरा रहे चरवाहो ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बे के ही चार युवक सुनील, छोटे, बाबू, मुकेश ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 100 मीटर की दूरी गहरे पानी से उसके शव को बाहर निकाला। मृतक के माता-पिता की बचपन में मौत हो गई थी। उसका पालन पोषण चाचा गोविंद कर रहे थे। मृतक दो भाई थे।जिसमें बड़ा भाई मयंक (18) अपनी चचेरी बुआ शशि के यहां रहकर पढ़ाई करता है। मृतक कक्षा 9 का छात्र था। कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



# पुलिस ने हार जीत की बाजी लगाने वाले 20 जुआरियों को दबोचा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

काकादेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार जुआ खेलने की जानकारी मिल रही थी मुखबिर की सूचना पर काकादेव पुलिस ने 20 जुआरियों को दबोच लिया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से तीन मोटरसाइकिल 71 हजार रुपए दो ताश की गड्डी बरामद कर सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। काकादेव थाना प्रभारी ने विनय शर्मा ने बताया कि बीते गुरुवार कि शाम मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि मतैयापुरवा शास्त्री नगर में सुनील राजपूत उर्फ बउवा एक मकान के अंदर प्रथम तल पर नाल लेकर जुआ करा रहा है जिसमे हार जीत की बाजी लगाते हुए जुआरी जुआ खेल रहे है देर ना की जाए तो जुआरियों को पकड़ा जा सकता है जिसके उपरांत उच्चाधिकारियों जुआ खेलने की जानकारी देने के बाद थाना प्रभारी विनय शर्मा,उपनिरीक्षक अभिषेक शुक्ला, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह,केशव प्रसाद मय हमराहियों सहित बताए हुए स्थान पर पहुंचे जहां पुलिस को आता देख जुआरी भागने लगे इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर जुआरियों को दबोचा पूछताछ करने पर जुआरियों ने अपना नाम सुनील राजपूत, हरीश, नरेश बाबू, इरफान, आरिफ, दिलशाद, महबूब, धीरेंद्र, फारूख, प्रमोद, सिथिल,आदर्श पांडे,आशीष, सिराजुल अहमद, सोनू दिवाकर, जितेंद्र कुमार, सोनू कुमार, राजू, घनश्याम वर्मा, सूरज गौतम बताया इस दौरान पुलिस ने जुआरियों के पास से 71 हजार रुपए, 3 मोटरसाइकिल व दो ताश की गड्डी बरामद कर सार्वजनिक जुआ व एम वी के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# सर्राफा व्यापारियों ने एडिशनल कमिश्नर जीएसटी को सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश ज्वेलर्स एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष मुकुल वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जयसवाल ने एडिशनल कमिश्नर जीएसटी विभाग को सरकार द्वारा सराफा व्यापारियों पर ई वे बिल लागू किया जा रहा है जिसे लेकर उत्तर प्रदेश का सराफा व्यापारी विरोध करते हुए एक सम्बोधित ज्ञापन एडिशनल कमिश्नर जीएसटी को दिया है । ज्ञापन में बताया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा जब जी एस टी एक्ट लागू किया था तब आर्टिकल 71 के तहत सराफा व्यापारियों को इससे बाहर रखा गया था, अब सर्राफा व्यापारियों पर ई वे बिल क्यों लागू किया जा रहा है। सराफा व्यवसाय जेवर बनाने के लिए सोना चांदी कारीगरों को देता है जिसको कई कारीगरों के हाथ होते हुए गुजरना पड़ता है जैसे सिलाई, पॉलिश, गलाई एवं अन्य, ऐसी स्थिति में ई वे बिल कितनी बार बनाना पड़ेगा, कारीगर कैसे ई वे बिल बनायेगा, यह कतई व्यवहारिक नहीं है। न ही स्थिति स्पष्ट है। छोटे व्यापारी जो अन्य दुकानदारों से माल मंगा कर ग्राहक को दिखाते हैं कई प्रकार के जेवरात दिखाने के बाद ग्राहक एक जेवरात खरीदता है, कभी कभी वह भी नहीं खरीदता है ऐसी स्थिति में माल का आवागमन तो होता है परन्तु जरूरी नहीं कि माल की बिक्री हो अथवा एक ही आइटम की बिक्री हो एसी स्थिति में ई वे बिल कैसे बनेगा वह कितनी बार बनेगा।ई वे बिल जनरेट करने से व्यापारी की गोपनीयता भंग होगी तथा सराफा व्यापारियों पर हमेशा जान माल का खतरा बना रहेगा, सुरक्षा की दृष्टि से हमारी जानकारी लीक होगी और हम अराजक तत्वों द्वारा हमले के शिकार हो सकते हैं।इसके अतिरिक्त अन्य छोटी बड़ी तमाम प्रकार की समस्याएं हैं जिसको लेकर प्रदेश का समस्त सराफा व्यापारी भयभीत है तथा इतनी अधिक लिखा-पढ़ी बढ़ जायेगी जिससे छोटे व्यापारियों का व्यापार बिल्कुल बन्दी की कगार पर पहुंच जायेगा व हजारों की संख्या में व्यापारी बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदेश के सराफा व्यापारियों की उपरोक्त समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए ई वे बिल के निर्णय को निरस्त करने अथवा इसकी सीमा दो लाख से बढ़ाकर दस लाख करने का कष्ट करें जिससे छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके तथा व्यापारी निर्भय होकर व्यापार कर सके। ज्ञापन को देने वालो मेंअमित चड्ढा आनंद सिंह शिवनारायण कुशवाहा मोहम्मद अफन बॉबी वर्मा राकेश वर्मा जितेंद्र वर्मा अरविंद गुप्ता अमित केसरवानी आदि रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य कर बहनों ने जमकर बटोरी तालियां



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

वीरांगना सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की बहनों द्वारा रुबी हॉल गेंजेस क्लब में ग्रैंड तीज महोत्सव का आयोजन कर जिसमें विभिन्न प्रांतों की पोशाकों और परिवेश को धारण करने के साथ नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति और संस्कारों से लोगों का परिचय कराया। कार्यक्रम की अध्यक्ष शशी भारद्वाज ने मराठी पहनावे के साथ मां गंगा का पुनः वही निर्मल एवं शुद्ध स्वरूप लाने का लोगों से संकल्प लेने की बात कही। प्रियदर्शनी सिंह ने पूर्वांचल के वेश में सोलह बरस की होने को आई गीत पर नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। विभा भदोरिया द्वारा डोला डोला पर नृत्य व रेनू द्वारा शिव ताण्डव पर किया गया नृत्य सराहनीय रहा। मेघा चंदेल का पंजाबी नृत्य, पूजा परमार द्वारा भोजपुरी नृत्य, डॉक्टर चांदनी सिंह द्वारा अपनी बेटी के साथ राजस्थानी नृत्य कर लोगों की जमकर तालियां बटोरी। समापन पर जज बनी मीरा सिंह, पूनम सिंह, पुष्प लता सिंह ने कार्यक्रम में आई महिलाओं में दो लोगों डॉक्टर प्रिया आनंदी सिंह को प्रथम व उषा परमार को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वही विभा चंदेल को मेहंदी व शशि भारद्वाज जी को नमामि गंगे का विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आई महिलाओं का शशि भारद्वाज, रेनू सिंह, विभा चंदेल, बीना सिंह, डॉक्टर आशा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिकायतों की जांच करने पहुंचे अधिकारियों पर अभद्रता का आरोप

- सदर के मगरवारा चौकी क्षेत्र का मामला
- कई वर्षो से चल रही हैं शिकायतें, नहीं हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। उन्नाव




सदर तहसील के मगरवारा गांव के बाशिंदों के लिए नसूर बनी फैक्ट्री के खिलाफ वर्षो से चल रही शिकायतों का कोई असर नहीं दिख रहा है। नजीजे में लोग हर दिन भूकंप के झटके झेलने को विवश है। कुछ माह पूर्व की गयी एक शिकायत की जांच के लिए लखनऊ से आयी अधिकारियों की टीम एडीएम के साथ जांच को मगरवारा पहुंची। जहां ग्रामीणों का पक्ष जानने के दौरान जब शिकायतों की झड़ी लगी तो एडीएम ही ग्रामीणों पर झल्ला गए। आरोप है कि उन्होंने आम जनता से दुर्व्यवहार किया इसके बाद वह लौट गए। बता दें कि सदर तहसील के मगरवारा गांव में जेकेईडब्ल्यू फारजिंग नाम से एक फैक्ट्री संचालित है जिसमें मोटर पार्ट्स बनाने का काम होता है। कल पुर्जों को आकार देने के लिए फैक्ट्री में चलने वाले हैमर से आस पास के इलाके में भीषण कंपन होता है। जिससे लोगों के मजबूत से मजबूत घरों में दरारे पड़ गयी है। इस फैक्ट्री से हो रही समस्या के खिलाफ ग्रामीण अर्से से शिकायत करते आ रहे है। फैक्ट्री की खिलाफत करने वाले कई लोगों पर मुकदमें भी दर्ज हो चुके है लेकिन कारखाने पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कुछ माह पूर्व मगरवारा निवासी ऊषा जायसवाल ने जिले के अधिकारियों से लेकर लखनऊ तक इस समस्या की शिकायत की थी। इसी कड़ी में लखनऊ ये आया जांच दल एडीएम नरेंद्र सिंह के साथ मगरवारा पहुंचा। ग्रामीणों का पक्ष जानने के लिए अधिकारी उनके बीच पहुंचे। जहां लोगों ने फैक्ट्री करतूतों की झड़ी लगा दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान फैक्ट्री का मैनेजर अधिकारियों के साथ ही आया था। ग्रामीणों की शिकायत के दौरान अचानक एडीएम झल्ला उठे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से उस अंजाद में बात की जो एक अधिकारी की गरिमा के अनुकूल नहीं है। एडीएम के बर्ताव से आहत ग्रामीणों ने डीएम अपूर्वा दुबे के सीयूजी नंबर पर फोन कर जानकारी दी दूसरी तरफ से फोन उठाने वाले स्टेनों ने मामले को दिखवाने का आश्वासन देकर फोन काट दिया।

